e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 341
मंगलवार
17.12.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
कदर होती है इंसान की जरुरत पड़ने पर ही क्योंकि, बिना जरुरत के तो लोग मोमबत्ती भी नहीं जलाया करते!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिवक्ता विजय सिंह के निधन पर जताया शोक

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वरिष्ठ अधिवक्ता विजय सिंह के निधन पर शोक जताया है।उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि बाबा के आंदोलन के साथी, वरिष्ठ अधिवक्ता, झामुमो परिवार के स्तंभ और मेरे अभिभावक स्वरूप आदरणीय विजय सिंह के निधन की खबर से अत्यंत मर्माहत हूं। सोरेन ने कहा है कि सौम्य और सरल स्वाभव के धनी विजय ने झामुमो परिवार और दुमका की जनता की सेवा के लिए अपना पूरा जीवन लगा दिया था। उनका जाना मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है। उन्होंने कहा है कि मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार को दुःख की यह घड़ी सहन करने की शक्ति दें। इस दुःख की घड़ी में पूरा झामुमो परिवार शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है।उल्लेखनीय है कि दुमका जिले के झामुमो नेता वरिष्ठ अधिवक्ता विजय कुमार सिंह का आज सुबह निजी अस्पताल न्यू केयर कुम्हारपाड़ा में निधन हो गया।

### रामपुर में खून से लथपथ मिले दो लोगों के शव, हत्या की आशंका

**रामपुर :** जिले के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में दो लोगों के शव सोमवार को खून से लथपथ मिले। पुलिस ने प्राथमिक जांच में दोनों की हत्या की आशंका जतायी है। घटनास्थल पर पुलिस अधीक्षक समेत पुलिस का पूरा अमला मौजूद है और आगे की कार्यवाही में जुटा है।पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्रा ने प्राथमिक जांच के आधार पर हत्या के पीछे रंजिश या लूट की आशंका जताई है। उन्होंने कहा कि घटना के सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### महिलाओं, बच्चों और ट्रांसजेंडर की सुरक्षा पर सुप्रीम कोर्ट का केंद्र सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली** : सुप्रीम कोर्ट ने समाज में महिलाओं, बच्चों और ट्रांसजेंडर की सुरक्षा के लिए कानूनों पर अमल सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की अगली सुनवाई जनवरी 2025 में करने का आदेश दिया।सुप्रीम कोर्ट वुमन लॉयर्स एसोसिएशन की दायर याचिका में ऐसे अपराधों को रोकने के लिए केमिकल कैस्ट्रेशन तक की सजा का प्रावधान किए जाने की मांग की गई है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि जिस तरह की सजा की मांग कर रही हैं, वो बर्बर हो सकती है। हम देखेंगे कि मौजूदा कानून में कहां खामी है लेकिन जहां तक पब्लिक ट्रांसपोर्ट में महिलाओं के साथ गरिमापूर्ण व्यवहार के लिए दिशा-निर्देश तय किए जाने की मांग है, ये अपने आप में अहम विषय है। इस पर सख्ती से अमल होना चाहिए।

### टीबी के खात्मे के लिए 24 मार्च 2025 तक चलेगा नि-क्षय शिविर अभियान

**गुप्तकाशी :** टीबी रोग के खात्मे के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से सात दिसंबर से शुरू किया गया 100 दिवसीय नि-क्षय शिविर अभियान अब तेजी से चल रहा है। अभियान के तहत अब तक 38 शिविरों का आयोजन किया गया है, जिनमें 3715 लोगों की जांच की गई। इनमें से 492 लोगों का एक्स-रे किया गया और 79 लोगों की बलगम जांच की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रकाश ने बताया कि शिविरों का आयोजन टीबी से संवेदनशील आबादी के बीच किया गया, जिसमें पूर्व टीबी मरीज, उनके संपर्क में आए लोग, 60 वर्ष से अधिक आयु के लोग, कुपोषित, धूम्रपान करने वाले और मधुमेह से पीड़ित लोग शामिल थे।

### बीपीएस के बाल वैज्ञानिकों ने भारत के विकास से संबंधित 100 मॉडल प्रदर्शित किया

**नवादा :** विज्ञान प्रदर्शनी में बीपीएस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने सोमवार को अपनी प्रतिभा का अभूतपूर्व प्रदर्शन किया। बाल विज्ञानियों ने भारत के विकास से संबंधित 100 से अधिक मॉडल प्रदर्शित किया। नवादा शहर के राम नगर स्थित बी पी एस पब्लिक स्कूल सह बी पी एस किड्स जोन के प्रांगण में विज्ञानं प्रदर्शनी के दौरान बच्चों ने भारत के भविष्य से सम्बन्धित 100 से अधिक मॉडल तैयार कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $27^0$ |
| न्युनतम | $08^0$ |

### विपक्ष के विरोध के बावजूद

# वन नेशन वन इलेक्शन विधेयक आज होगा पेश

**एजेंसी**

**नई दिल्ली** : संसद के शीतकालीन सत्र से एक देश एक चुनाव या फिर वन नेशन वन इलेक्शन से जुड़ी मामले में जानकारी सामने आई है कि मंगलवार 17 दिसंबर 2024 को निचले सदन लोकसभा में वन नेशन वन इलेक्शन से जुड़ा विधेयक पेश किया जाएगा। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन मेघवाल इस विधेयक को पेश करेंगे। बता दें कि वन नेशन वन इलेक्शन मोदी सरकार के सबसे अहम चुनावी वादों में से एक है।

### वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए बनी थी कमेटी

वन नेशन वन इलेक्शन पर विचार के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में 2 सितंबर 2023 को कमेटी बनाई गई थी.कोविंद की कमेटी में गृह मंत्री अमित शाह, पूर्व सांसद गुलाम नबी आजाद, जाने माने वकील हरीश साल्वे, कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी,15वें वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष एनके सिंह, पॉलिटिकल साइंटिस्ट सुभाष कश्यप, पूर्व केंद्रीय सतर्कता आयुक्त संजय कोठारी समेत 8 मेंबर हैं. केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल कमेटी के स्पेशल मेंबर बनाए गए हैं. कमेटी ने 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी. इसे 18 सितंबर को मोदी कैबिनेट ने मंजूरी दी.



**लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ**

देश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराने के लिए संविधान संशोधन विधेयक मंगलवार को संसद में पेश किए जाने की संभावना है। सूत्रों की मानें तो इसे दोनों सदनों की संयुक्त समिति को भेजा जा सकता है। पीएम मोदी के नेतृत्व वाले केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बीते सप्ताह लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने का निर्णय लिया, लेकिन स्थानीय निकाय चुनाव किस प्रकार कराए जाएंगे, इस पर अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

### 20 दिसंबर को खत्म होगा सत्र

वन नेशन वन इलेक्शन से जुड़े विधेयक को 16 दिसंबर को सदन के के कामकाज के एजेंडे के रूप में लिस्ट किया गया था। हालांकि, अब इसे अब मंगलवार को लोकसभा में पेश किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक, मोदी सरकार ने विधेयक की प्रतियां सांसदों को बांट दी हैं ताकि वे इसका अध्ययन कर सकें। आपको बता दें कि संसद का शीतकालीन सत्र 20 दिसंबर को खत्म हो रहा है। इसलिए सरकार के पास वन नेशन वन इलेक्शन से जुड़े इस बिल को पेश करने के लिए केवल 4 दिनों का समय शेष है।

### 18 सितंबर को मोदी कैबिनेट ने इसे मंजूरी दी थी.

### विपक्षी दल विरोध में

डीएमके, तृणमूल कांग्रेस समेत विभिन्न विपक्षी दलों ने एक राष्ट्र, एक चुनाव के बारे में चिंता व्यक्त की है। विपक्षी दलों का तर्क है कि ये नियम देश के संघीय ढांचे को बाधित कर सकता है, क्षेत्रीय दलों को कमजोर कर सकता है और केंद्र में सत्ता केंद्रित कर सकता है। वहीं, सत्ता पक्ष का कहना है कि वन नेशन वन इलेक्शन का कदम लागत प्रभावी और शासन-अनुकूल होगा और यह समय की जरूरत है।

## रांची में छात्राओं से छेड़छाड़ करने का आरोपी गिरफ्तार, जेल



**रांची :** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में छात्राओं से छेड़खानी करने के गिरफ्तार आरोपित फिरोज अली उर्फ सुग्गा को सोमवार को जेल भेज दिया गया। वह हिंदपीढ़ी के नाला रोड का रहने वाला है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि अपर बाजार स्थित राजकीयकृत श्री शिव नारायण मारवाड़ी बालिका प्लस टू विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने स्कूटी सवार अधेड़ व्यक्ति के सोनार गली के आसपास स्कूल जाने वाली लड़कियों के साथ छेड़छाड़, गंदी बात तथा गलत तरीके से छूने के संबंध में आवेदन दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करते हुए एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपित फिरोज अली को लोअर बाजार इलाके के चर्च रोड से रविवार रात गिरफ्तार किया था। उल्लेखनीय है कि आरोपित के बारे में सूचना देने वाले को पुलिस ने इनाम देने की घोषणा की थी। इस छेड़खानी मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संज्ञान लिया था। मुख्यमंत्री ने रांची पुलिस को आरोपित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए सूचित करने का आदेश दिया था। मामले में आईजी, डीआईजी और एसएसपी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आरोपित को पकड़ने का निर्देश दिया था।

## जेएसएससी सीजीएल छात्रों पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज

*** हिरासत में लिए गए छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर झारखंड कर्मचारी चयन आयोग कार्यालय का घेराव करने जा रहे छात्रों के साथ पुलिस की भिड़ंत हुई जिसमें कई छात्र घायल हुए. कुछ देर के लिए रणभूमि में तब्दील नामकुम बाजार में आंदोलनरत छात्र और पुलिस के बीच जमकर टकराव होता रहा. इस दौरान छात्र नेता देवेंद्र महतो एवं कुछ अन्य छात्रों पर पुलिस ने बीच सड़क पर जमकर लाठी भांजी और घसीटते हुए गाड़ी में बिठाकर थाना ले गई.

इतना ही नहीं राज्य के विभिन्न जिलों से झारखंड कर्मचारी चयन आयोग कार्यालय घेराव करने पहुंचे परीक्षार्थियों को पुलिस ने जबरन यहां से हटाया गया. ग्रामीण एसपी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस के जवानों की तैनाती की गई थी.

पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार छात्र दिन के करीब 12 बजे नामकुम बाजार स्थित मैदान पहुंचे जिसकी भनक प्रशासन को मिली और उसके बाद कार्रवाई का दौड़ शुरू हुआ.पुलिस के द्वारा की गई कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए छात्रों ने आंदोलन तेज करने की धमकी दी है. छात्रों ने कहा कि जिस जगह पर छात्र एकत्रित हुए थे, वहां निषेधाज्ञा लागू नहीं किया गया था. प्रशासन के द्वारा जबरन छात्रों को हटाया गया और कुछ छात्रों को घसीटते हुए पुलिस की गाड़ी में बिठाया गया. पुलिस लाठी चार्ज के कारण कई छात्र गंभीर रूप से घायल हुए हैं. छात्र नेता देवेंद्र महतो को जिस तरह से पुलिस के द्वारा पीटा गया है उससे साफ लगता है कि प्रशासन किस तरह से ज्यादती कर रही है. कहा कि इस परीक्षा में जिस तरह से गड़बड़ी हुई है और जबरन सरकार के पदाधिकारी इसे थोपना चाहते हैं वह कभी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

छात्रों का आंदोलन कम होने के बजाय और आगे बढ़ेगा. छात्रों की मांग को देखते हुए सरकार ने सीआईडी जांच के आदेश दिए हैं. इसके बावजूद छात्र मान नहीं रहे हैं और इस परीक्षा को रद्द करने के साथ-साथ सीबीआई जांच की मांग कर रहे हैं. इन सब के बीच झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने 16 दिसंबर से इस परीक्षा में चयनित परीक्षार्थियों के डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन का काम शुरू किया है, जिससे आंदोलनरत छात्रों की नाराजगी बढ़ गई है.

## तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन पर प्रधानमंत्री ने जताया दुख



**एजेंसी**

**श्रीनगर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को दिग्गज तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन के निधन पर दुख जताया।प्रधानमंत्री मोदी ने दिवंगत को एक क्रांतिकारी कलाकार करार देते हुए कहा कि उन्हें एक सच्चे प्रतिभाशाली व्यक्ति के रूप में याद किया जाएगा जिन्होंने भारतीय शास्त्रीय संगीत की दुनिया में क्रांति ला दी।प्रधानमंत्री ने मृतक के परिवार और दुनिया भर के संगीत समुदाय के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना भी व्यक्त की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि महान तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन जी के निधन से बहुत दुखी हूँ। उन्हें एक सच्चे प्रतिभाशाली व्यक्ति के रूप में याद किया जाएगा जिन्होंने भारतीय शास्त्रीय संगीत की दुनिया में क्रांति ला दी।उन्होंने तबले को वैश्विक मंच पर भी लाया अपनी अद्वितीय लय से लाखों लोगों को मंत्रमुग्ध किया। इसके माध्यम से उन्होंने भारतीय शास्त्रीय परंपराओं को वैश्विक संगीत के साथ सहजता से मिश्रित किया इस प्रकार वे सांस्कृतिक एकता के प्रतीक बन गए।

उन्होंने कहा कि उनके शानदार प्रदर्शन और भावपूर्ण रचनाएं संगीतकारों और संगीत प्रेमियों की पीढ़ियों को प्रेरित करने में योगदान देंगी। पीएम मोदी ने एक्स पर कहा कि उनके परिवार, दोस्तों और वैश्विक संगीत समुदाय के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएँ।

उल्लेखनीय है कि भारतीय शास्त्रीय संगीत में अपनी अद्वितीय महारत और वैश्विक सहयोग के लिए प्रसिद्ध महान तबला वादक का 15 दिसंबर रविवार को सैन फ्रांसिस्को में 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

# श्रीलंका के राष्ट्रपति ने पीएम मोदी से कई मुद्दों पर की बातचीत

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके भारत के दौरे पर हैं। राजकीय यात्रा के दूसरे दिन सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में दिसानायके का स्वागत किया। इस मौके पर दोनों देशों ने समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया।इसके बाद, पीएम मोदी और दिसानायके ने एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने कहा,भारत ने सार्वजनिक सेवाओं को डिजिटल बनाने में जबरदस्त सफलता हासिल की है। श्रीलंका भी उसी मार्ग पर चल रहा है।

पीएम मोदी ने मुझे इस कोशिश में समर्थन देने का आश्वासन दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा,मैं राष्ट्रपति दिसानायके का भारत में स्वागत करता हूं। हमें खुशी है कि राष्ट्रपति के रूप में आपने अपनी पहली विदेश राजकीय यात्रा के लिए भारत को चुना है। आज की यात्रा से हमारे संबंधों में नई गति और ऊर्जा का संचार हो रहा है। हमारी साझेदारी के लिए हमने एक भविष्योन्मुखी दृष्टि अपनाई है। हमारे आर्थिक सहयोग में, हमने निवेश-आधारित विकास और कनेक्टिविटी पर बल दिया है। हमने तय किया है कि भौतिक, डिजिटल और ऊर्जा कनेक्टिविटी हमारी साझेदारी के महत्वपूर्ण स्तंभ होंगे। बिजली ग्रिड कनेक्टिविटी और मल्टी पेट्रोलियम पाइपलाइन के लिए काम किया जाएगा। उन्होंने कहा, जब पाली भाषा को भारत में शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया था, तो इसे श्रीलंका में भी मनाया गया था। फेरी सेवा और चेन्नई-जाफना उड़ान संपर्क ने पर्यटन को बढ़ावा दिया है और हमारे सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत किया है। हमने फैसला किया है कि नागपट्टिनम और कांकेसंथुरई फेरी सेवाओं की सफल शुरुआत के बाद अब भारत में रामेश्वरम से तलाईमन्नार के बीच फेरी सेवा शुरू की जाएगी।

**श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने कहा भारत ने सार्वजनिक सेवाओं को डिजिटल बनाने में जबरदस्त सफलता हासिल की है। श्रीलंका भी उसी मार्ग पर चल रहा है।**



## झारखंड में कड़ाके की ठंड, 20 से बारिश की संभावना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में शीतलहर की वजह से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। राजधानी रांची सहित अन्य जिलों में सोमवार को सुबह कोहरा छाया रहा। धीरे-धीरे मौसम साफ हुआ। ठंड की वजह से रूम हीटर की बिक्री बढ़ गयी है जबकि गरीब लोग जलावन के सहारे ठंड काट रहे हैं। लगातार उत्तर-पश्चिम दिशा से आ रही पछुआ हवाओं के प्रभाव से ठंड का प्रकोप बढ़ा है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में डाल्टनगंज का अधिकतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 6.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 7.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, 17 से 19 दिसम्बर तक सुबह में हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा और बाद में आसमान साफ रहने की संभावना है। साथ ही 20 और 21 दिसम्बर को आंशिक रुप से बादल छाये रहेंगे। दक्षिणी-पूर्वी झारखंड में हल्के दर्जे की वर्षा की संभावना है।इस संबंध में रांची मौसम केंद्र के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि एक-दो दिनों तक न्यूनतम तापमान गिरेगा। 20-21 दिसम्बर को कई स्थानों पर बारिश हो सकती है।



### भीषण आग में जलकर राख हुई पॉलिथीन फैक्ट्री

**हरिद्वार (एजेंसी):** जनपद के मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के मंडावली गांव स्थित एक फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें देखकर क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। वहीं फैक्ट्री में काम कर रहे कर्मचारियों ने किसी तरह से भागकर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंची दंगल विभाग की टीम में कड़ी में मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

Asarfi Hospital
असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपरस्पेशलिटी हॉस्पीटल
Department of Cardiology & Electrophysiology
Dr. Sachin Yalagudri
(MD, DM)
Consultant Cardiologist & Electrophysiologist
AIG Hyderabad
दिनाँक :- 21st Dec. 2024
दिन :- शनिवार
समय :- सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
Electrophysiologic study & Radiofrequency ablation will be performed for Patient Suffering from SVT
9264433654, 9534184782
Baramuri, P.O.: Bishunpur Polytechnic, Dhanbad- 828130

# डीडीसी ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न सुचकांको की किया समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय के सभागार में आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत बैठक करते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा, समेत सभी 5 क्षेत्रों के विभिन्न सुचकांको की समीक्षा की गयी।बैठक में आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत कार्य कर रहे पीरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि अनिल गुप्ता ने पीपीटी के माध्यम से मासिक रिपोर्ट की प्रस्तुति देते हुए जिला की स्थिति से क्षेत्रानुसार उप विकास आयुक्त को अवगत कराया।इस दौरान बताया गया कि अगस्त महीने में डेल्टा रैंक 80 से सुधार होते हुए 62 पर आ गया है।वहीं शिक्षा में 44, स्वास्थ्य और पोषण में 35, कृषि और जल संसाधन में 30, वित्तिय समावेशन और कौशल विकास में 102 और बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर में 111 रैंक है। उन्होंने कहा कि आगामी कुछ दिनों में जिले में केंद्र मंत्री का आगमन संभावित है। ऐसे में आप सभी संबंधित पदाधिकारी सितंबर अक्टूबर एवं नवंबर माह का रिपोर्ट जमा करें ताकि जिले का समेकित रिपोर्ट बनाया जा सके। उप विकास आयुक्त ने कहा कि नीति आयोग द्वारा निर्धारित आकांक्षी जिले के विभिन्न मानकों में अभी और सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में सुधार के लिए लगातार प्रयास करने हेतु अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने हेतु निर्देशित किया साथ ही आकांक्षी जिला के मानकों में सुधार को लेकर सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर सिविल सर्जन, जिला योजना पदाधिकारी, कृषि पदाधिकारी, समेत अन्य उपस्थित रहे।

## राजद प्रदेश अध्यक्ष से मिला प्रतिनिधिमंडल, बिश्रामपुर को अनुमंडल बनवाने की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** प्रदेश में नई सरकार के गठन होते ही बिश्रामपुर को अनुमंडल बनाने की मांग तेज हो गई है. वरीय राजनेता सह समाजसेवी नईमुदीन अंसारी के नेतृत्व में सोमवार को एक प्रतिनिधिमंडल राजद प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक संजय सिंह यादव से मिला. प्रतिनिधिमंडल ने पहले श्री यादव को विधायक चुने जाने व राज्य में महागठबंधन के सरकार बनने की बधाई दी और बुके देते हुए उन्हें शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया. नईमुदीन अंसारी ने श्री यादव को बिश्रामपुर की जनभावनाओं से अवगत कराते हुए अनुमंडल बनवाने की मांग रखी. कहा कि बिश्रामपुर अनुमंडल बनने का सारा आहर्ता पूरा करता है. बिश्रामपुर को अनुमंडल बनाने की मांग भी वर्षों पुरानी है. इसलिए बिश्रामपुर को अनुमंडल का दर्जा जल्द से जल्द मिलना चाहिए. प्रदेश अध्यक्ष श्री यादव ने नईमुद्दीन अंसारी को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचायेंगे. बिश्रामपुर को अनुमंडल बनवाने में हर संभव मदद करेंगे. प्रतिनिधिमंडल में उस्मान अंसारी, मो.अनीस अंसारी, इस्तेखार अंसारी, जलालुद्दीन सिद्दकी, असगर अंसारी सहित कई लोग शामिल थे।

## प्रथम पार्षद ने जनरल स्टोर का किया उद्घाटन



**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर निगम क्षेत्र के शाहपुर गढ़वा रोड हरिजन मोहल्ला केजीएन मैरेज हॉल के बगल में पवन जनरल स्टोर का उद्घाटन प्रथम पार्षद वार्ड नं 31 के प्रमिला देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। वहीं प्रमिला देवी ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र शाहपुर भी अब तेजी से विकसित होने लगा है। अब शाहपुर में ही सभी सामग्री आसानी से उपलब्ध हो पाती है। उन्होंने दुकान संचालक को व्यापार की तरक्की के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही ग्राहकों के बीच मधुर सम्बन्ध बनाते हुए उनकी पसंद के अनुरूप बेहतर सेवा देने की अपील की। मौके पर पवन पासवान, सकुतला देवी, कविता देवी, ललिता देवी, गुड्डू चौधरी, पुतुल पासवान, जीतू कुमार, शारदा देवी, ममता कुमारी, बीरबल पासवान, भूकंप पासवान, करण कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थें।

## भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने राज्य सरकार पर राज्य की जनता को ठगने का लगाया आरोप



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह कांडी प्रखण्ड क्षेत्र निवासी रामलाला दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर झारखंड सरकार पर जनता के साथ वादा खिलाफी का आरोप लगाया। श्री दुबे ने कहा कि चुनाव से पूर्व हेमंत सोरेन ने कहा था कि सरकार किसानों से 3200 रुपए क्विंटल धान खरीदेगी,हर महीना 11 तारीख को महिलाओं के खाते में 2500 रुपए देने के साथ साथ सस्ते दाम पर गैस सिलेंडर उपलब्ध कराएगी। किंतु सरकार के सारे वादे झूठे निकले। श्री दुबे ने कहा कि हेमंत सोरेन द्वारा वोट लेने के लिए झूठे वादे किए गए थे। श्री दुबे ने कहा कि यदि सरकार चुनाव से पूर्व जनता से किया गया वादा पूरा नहीं करती है तो भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता माता - बहनों एवं किसानों के अपमान के विरुद्ध सड़क पर उतरेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड के महिलाओं को मइंया सम्मान के नाम पर जिस तरह से गुमराह किया गया है झारखंड की महिला इसे कभी बर्दाश्त नहीं करेंगी। चुनाव से 10 दिसंबर को कहा गया था लेकिन आज 16 दिसंबर बीत जाने के बावजूद भी अबतक किसी के खाते में 25 सौ रुपए नहीं आए हैं। वहीं किसानों के साथ भी धोखा किया जा धान की खरीदारी 32 सौ रुपए प्रति क्विंटल कहकर अब उन्हें 24 सौ से 25 सौ रुपए मैं खरीदने की बात कही जा रही है। कहा कि किसान कभी नहीं बर्दाश्त करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड के महिलाओं एवं किसानों सहित अन्य लोगों के साथ यह सरकार छलावा दे रही है इसे भारतीय जनता पार्टी कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।

# नवनिर्वाचित विधायक ने कब्रिस्तान चहारदीवारी का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद नगर पंचायत के अंतर्गत वार्ड संख्या 07 जपला इस्लामगंज मुहल्ला स्थित कब्रिस्तान मरम्मती चहारदीवारी मरम्मती निर्माण के लिए नवनिर्वाचित विधायक संजय कुमार सिंह यादव राजद प्रदेश महासचिव रवि कुमार सिंह यादव नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार वार्ड पार्षद सुहेल आलम के उपस्थिति में नारियल फोड़कर किया गया शिलान्यास मौके पर विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा की यह कार्य का निर्माण झारखंड सरकार कल्याण मंत्री माननीय हफीजुल हसन के निर्देशानुसार कार्य किया जा रहा है। यह चहारदीवारी मरम्मती कार्य निर्माण से आमजनों को सुबिधा होगी मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार मोहम्मद शाकिर अलि कब्रीस्तान अध्यक्ष जुल्फिकार अलि वार्ड पार्षद सुहैल आलम बैदी अहमद सरवर कुरैशी बब्लू हुसैन सगीर हाफिज अमीन खान डां काशीम असारी बैबुल अमीन प्रदीप मेहता बिरेंद्र राम अकबरम खान शकील सिद्दीकी सुरेश मेहता फ़ैज़ शाह इम्तेयाज आलम प्रमोद सिंह जमील कुरैशी मोहम्मद अलि उर्फ डबलि भाई अंसारी डां एजाज आलम अबदुल हामिद जाकिर रगसाज सहित अन्य लोग मौजुद थे।

# जनता उच्च विद्यालय के चाहरदीवारी निर्माण कार्य में बरती जा रही घोर अनियमितता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित राजकीय +2 जनता उच्च विद्यालय व राजकीय मध्य विद्यालय के चाहरदीवारी निर्माण का कार्य चल रहा है. जिसमे प्राक्कलन की अनदेखी करते हुए घोर अनियमितता बरती जा रही है. घटिया निर्माण कार्य होता देख स्थानीय लोग भड़क गए. आक्रोशित लोगों ने सोमवार को कार्यस्थल पर जाकर हंगामा करते हुए निर्माण कार्य को रोक दिया. लोगों का आरोप है कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है. पाइलिंग, पीलिंथ व पाया में कहीं भी छड़ के रिंग का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है. सिर्फ छड़ खड़ा कर कलम, पीलिंथ व पाया को ढाल दिया जा रहा है. लोगो ने कहा कि जब तक गुणवत्ता में सुधार नहीं होगा तब तक निर्माण कार्य को शुरू नहीं होने दिया जायेगा. निवर्तमान पार्षद सुनील कुमार चौधरी ने कहा कि विभागीय अधिकारियों से इसकी लिखित शिकायत भी की जायेगी. उन्होंने मांग किया कि संबंधित विभाग के अधिकारी निर्माण कार्य की जांच कर ठेकेदार पर कार्रवाई करें. वरना आंदोलन का रुख अख्तियार किया जायेगा. हंगामा करने वालो में विजय महाजन, नदीम अंसारी, राजेश मार्शल, संतोष चौधरी, मुकेश चौधरी,शिव सोनी, दिलीप चंद्रवंशी, डब्लू गुप्ता सहित कई लोगों का नाम प्रमुख है।

## सड़क दुर्घटना में दो घायल





**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीती रात्रि दो अलग अलग जगहों पर हुए बाईक दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए जिन्हे घायलावस्था में भवनाथपुर सी एच सी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया ।जहां चिकित्सक अभिनीत विश्वास और सुबक कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए आयशा बीबी को गढ़वा रेफर किया गया ।पहली घटना बेल पहाड़ी में घटित हुई जहां आयशा बीबी अपने पति हकीमुद्दीन अंसारी के साथ बाईक से यूपी से अपने घर लौट रही थी कि घर पहुंचने के कुछ ही दूरी पर बाईक से अनियंत्रित होकर गिरने से बेहोश गई। जबकि दूसरी घटना भवनाथपुर पीएनबी बैंक के समीप च गांव निवासी राहुल कुमार पैदल सड़क पर जा रहा था जिसे एक अज्ञात चालक के द्वारा बाईक से धक्का लगने से एक पैर बुरी तरह चोटिल हो गया।

## समता स्कूल ने मनाया वार्षिकोत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद के शिवशक्ति नगर स्थित समता स्कूल में बड़े हर्षोल्लास के साथ स्थापना दिवस मनाया गया। हर वर्ष की भांति इस बार भी स्कूल प्रांगण में प्रधानाचार्य डॉक्टर अक्षय कुमार चौहान ने अपनी धर्म पत्नी शीला चौहान के साथ सैकड़ो छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में पूजा पाठ एवं हवन यज्ञ किया। पूजा पाठ का कार्यक्रम गायत्री परिवार के आचार्य अशोक जी एवं बी एन शर्मा जी के द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सह निर्देशक डॉक्टर अक्षय कुमार चौहान ने कहा कि हुसैनाबाद में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रसार करना ही हमारे विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है।साथ ही उन्होंने कहा बच्चों में बुनियादी शिक्षा के साथ बुनियादी संस्कार डेवलपमेंट करना जरूरी हैं। इस अवसर पर पर विद्यालय के शिक्षक गण संतोष मिश्रा, विनोद चौधरी, किरण देवी, अंजली सिंह, सुधांशु कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह, राहुल चौहान, दशरथ कुमार, कार्तिक कुमार, रिमझिम देवी, प्रियंका देवी, उमम जहरा, प्रियंका देवी, राहुल गुप्ता, सुभाष कुमार, शकुंतला देवी, बबिता देवी, सारिका कुमारी, गार्ड नंदू प्रजापति, अनूप पांडे एवं परिचारिका, विमला कुंवर उपस्थित थे।

# जिंदगी में अनुशासित रहने वाले लोग होते हैं सफल : डीसी

## क्रिकेट का महाकुंभ शुरू, 53 टीमों के बीच होगा मुकाबला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** 23 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन गोविंद हाई स्कूल के मैदान में सोमवार को डीसी शेखर जमुआर,एसपी दीपक पांडेय, एसडीओ संजय कुमार पांडेय, संरक्षक अलख नाथ पाण्डेय, अध्यक्ष मदन केशरी, सचिव आनंद कुमार सिन्हा ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर के किया। वहीं डीसी शेखर जमुआर ने बैटिंग कर किया। इस मौके पर डीसी शेखर जमुआर ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि जहां आप लोग खड़े हैं हम भी वही खड़े रहते थे और आज आप वहां हैं और हम यहां है। वहां से यहां आने में क्या करना होता है यह आपको जानने की जरूरत है। इसके लिए आपको अपना लक्ष्य निर्धारित करते हुए अपनी सफलता के लिए आपको संकल्प लेना होगा। अपने संकल्प को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करना होगा तभी आप अपनी सफलता को हासिल कर सकते है। जिंदगी में आप अनुशासित रहते हैं तो आप सफल अवश्य होंगे। इसके लिए आपको अनुशासित रहना होगा। उन्होंने कहा कि जिले में काफी संख्या में मैदान का निर्माण मनरेगा से किया गया है। राशि की कमी नहीं है। अगर कहीं भी 200 मीटर बाई 200 मीटर का जगह खाली है तो आप बताये हम उसे गोल पोस्ट, शौचालय और चेंजिंग रूम के साथ एक बेहतर मैदान बना कर देंगे। इसके लिए राशि की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि गढ़वा में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। इसका उदाहरण एक सप्ताह पहले कलेक्ट की परीक्षा में संस्कृति पाठक ने देश में 34 वां स्थान लाकर यह सिद्ध किया है इससे पहले कई लोगों ने देश के बड़े परीक्षा में सफलता अर्जित कर अपने माता-पिता गुरु और जिले का नाम रोशन किया है। एसपी दीपक कुमार पांडेय ने कहा कि खेल सिर्फ स्वस्थ्य शरीर के लिए जरूरी है।आयोजक को बधाई देता हूं जिसे 23 साल से निरंतर चला रहे है। वही लड़के के साथ साथ बेटियो को भी मौका दिया गया है । एसडीओ संजय कुमार पांडेय ने कहा कि खेल मानव के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। उनसे हमारे भीतर अनुशासन एवं परिश्रम जैसे गुण और सामाजिकता एवं देश प्रेम का भाव उत्पन्न होता है। उनमें होने वाली हार और जीत जीवन में सफलता एवं असफलता के समय संतुलन बनाने की प्रेरणा देती हैं। संरक्षक अलख नाथ पांडेय ने कहा की आप लोग खेल को अनुशासन रूप से खेलते हुए अपने स्कूल का नाम रोशन करेंगे। अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी ने कहा की यह प्रतियोगिता गढ़वा जिले के लिए नही बल्कि राज्य के लिए गर्व की बात है। सचिव आनंद सिन्हा ने कहा कि 23 वर्षो से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष 848 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे है। इस मौके पर उपाध्यक्ष अशोक दुबे, संजय सोनी, अशोक विश्वकर्मा,पंकज सिंह, चंद्रभूषण सिन्हा, जितेंद्र सिंह, अनिल विश्वकर्मा, सह सचिव प्रिंस सोनी, अभिषेक, द्विवेदी, आशुतोष रंजन, डॉ कुलदेव चौधरी, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे, रोहन तिवारी, मनीष उपाध्याय, पंकज सोनी, मनोज तिवारी, मनोज पाठक, प्रिस खान, प्रफुल, धीरज, सहित सभी स्कूल के खिलाड़ी और कोच शामिल थे। कार्यक्रम को संचालन कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार दुबे ने एवं धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष संजय सोनी ने किया।

## ग्रामीणों ने कार्यपालक पदाधिकारी को आवेदन देकर देवी धाम मंदिर का सौन्दर्यी करण एवं चारदीवारी निर्माण करने की किया मांग

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 4 स्थित मझिआंव खुर्द गांव के सैकड़ो ग्रामीणों ने नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार को हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर देवी मंडप मंदिर का चाहर दिवारी,सौंदर्यी करण एवं श्रद्धालु भक्तों के लिए पानी उपलब्ध कराने की मांग की है। राधा कृष्ण मंदिर के बाल पुजारी श्री श्री 1008 श्री बाबा केशव नारायण दास के नेतृत्व में दिए गए आवेदन में कहा गया कि राधा कृष्ण बालिका विद्यालय के सामने ऐतिहासिक ब्रह्म स्थान के समीप देवी मंडप मंदिर के नाम से 11 डिसमिल अवस्थित जमीन पर आम आवाम एवं ग्रामीणों के सहयोग से देवी मंडप का निर्माण करा मां भगवती कि प्रतिमा स्थापित किया गया है। जो श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बन गया है। विगत लगभग 1 वर्ष पूर्व मंदिर निर्माण के पश्चात उस मंदिर में ग्रामीण श्रद्धालुओं के द्वारा बड़े ही आस्था के साथ पूजा पाठ करने का सिलसिला शुरू हो चुका है।

## मानस महायज्ञ की रजत जयंती को लेकर किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में मानस महायज्ञ की रजत जयंती को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने की। इस मौके पर 25वें मानस महायज्ञ को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में उपस्थित समिति के सभी कोटि के सदस्य एवं श्रद्धालु आम जनों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि सतबहिनी भगवती के आशीर्वाद एवं विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता के अथक परिश्रम से मैं विधायक बना हूं। लिहाजा सतबहिनी झरना तीर्थ का सर्वोत्तमुखी सर्वांगीण विकास किया जाएगा। इसके साथ ही पूरे विधानसभा क्षेत्र को इस तरह से विकसित किया जाएगा कि यह झारखंड के सभी विधानसभा क्षेत्र में नंबर एक क्षेत्र होगा। हालांकि अभी व्यवस्था में लगी हुई जंग को छुड़ाने में लगे हैं। अभी तक उन्होंने सात में से पांच प्रखंडों में बैठक करके अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अच्छी तरह से समझा दिया है कि किसी भी कीमत पर गरीब गुरबों को कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए। आय, निवास, जाति, जन्म मृत्यु आदि प्रमाण पत्रों के साथ सभी तरह के पेंशन एवं पीएम आवास तथा अबुआ आवास में रिश्वतखोरी वे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसके लिए कानून सम्मत कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए मुझे बाध्य नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि उनके स्वागत के लिए ज्यादा चिंतित होने की जरूरत नहीं है। आप आम जनता का स्वागत करें। प्रखंड से लेकर अंचल कार्यालय एवं थाना में आम लोगों के साथ आदर पूर्वक व्यवहार करें एवं बिना दौड़ाए उनका काम तुरंत करें। सोमवार को पलामू डीसी के साथ उनकी बैठक है। जिनसे स्पष्ट पूछना है कि कार्यालय में व्याप्त घूसखोरी को आप समाप्त करेंगे या विधानसभा में मुझे सवाल उठाना पड़ेगा। आशा करता हूं कि इसमें सुधार होगा और मुझे इस मुद्दे को विधानसभा में नहीं उठाना पड़ेगा।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला में मातृ-सम्मेलन सह बाल मेला का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,जपला के सुरम्य परिसर में मातृ सम्मेलन सह बाल मेला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हुसैनाबाद,बी.पी.एम.रंजना भारती, कन्या मध्य विद्यालय, हुसैनाबाद के प्रधानाध्यापिका नीलम पाण्डेय, संरक्षक दिनेश जी कश्यप,अध्यक्ष डॉ शिवप्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष डॉ सत्येन्द्र कुमार चंदेल, सचिव राकेश तिवारी, सतीश सिंह, संजीव गुप्ता, रत्ना वर्मा, बबीता देवी, प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय, प्रभारीग प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा ने संयुक्त रुप से भारत माता, चराचर जगत में व्याप्त ऊं, मां सरस्वती एवं अहिल्याबाई होल्कर के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, पुष्पार्चन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया। प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने इसकी प्रस्तावना रखी।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भैया-बहनों के शैक्षणिक विकास में माता की भूमिका विशेष होती है। उनके सहयोग के बिना शारीरिक , मानसिक, नैतिक एवं शैक्षिक विकास नही हो सकता। इसलिए बदलते परिवेश को दृष्टिगत रखते हुए मातृ सम्मेलन का आयोजन कर समसामयिक विषयों की जानकारी दी जाती है।शिशु की शिक्षा मां के गर्भ से ही प्रारंभ हो जाती है। शिक्षा संस्कारयुक्त होनी चाहिए, इससे एक शिशु आदर्श नागरिक बन सकें। इस सम्मेलन का उद्देश्य बालकों का सर्वांगीण विकास करना है। वहीं मुख्य अतिथि रंजना भारती ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चे राष्ट्र के धरोहर हैं। बच्चों को संस्कारी सिर्फ मातृशक्ति ही बना सकती हैं। बच्चे समाज व देश के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। शिशु मंदिर में अध्ययनरत भैया-बहनों का संस्कार पक्ष बहुत ही मजबूत होता है। परिवार एक ऐसी कड़ी है जो भविष्य का निर्माता है तथा उन्होंने कहा कि आज के समाज में सभी माताओं को जागरूक होने की आवश्यकता है। शिशु के सर्वांगीण विकास के लिए माता ही सक्षम होती है। माता उस बीज का पालन पोषण करती है, जो मधुर फल देता है। मातृ शक्ति की जानकारी देते हुए कहा वर्तमान में महिलाओं को बालिकाओं के बारे में ज्यादा सतर्क रहने की आवश्यकता है। मोबाइल के दुष्परिणामों से भी बच्चों को समझाना चाहिए व इसका उपयोग कब किया जाना चाहिए, इस पर विचार किया जाना चाहिए। विद्यालय के नन्हे-मुन्ने भैया-बहनों ने स्वागत गीत और भाव नृत्य प्रस्तुत कर आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही अनेक मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। मातृ सम्मेलन में अनेक बिंदुओं जैसे समय, स्वच्छता,अनुशासन, भोजन, गृह कार्य पुस्तकों का रखरखाव, न्यू टेक्नोलॉजी आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई।कार्यक्रम का संचालन हर्षदा उपाध्याय ने किया। मातृ-सम्मेलन में 275 माताएं275 एवं बहनें उपस्थित रहीं। विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव राकेश तिवारी ने कहा कि राष्ट्र निर्माण हेतु शिवाजी, महाराणा प्रताप, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई जैसे राष्ट्रीय सपूतों का जन्म भारत की गोद में ही संभव हो सकता है। मातृशक्ति को विश्वास दिलाया कि विद्यालय कीमित्रों सुविधाओं का विस्तार एवं प्रबंधन शिशु को केंद्र मानकर किया जाता है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार शिक्षण पर पूर्व से ही बल दिया जा रहा है और भविष्य में इसे और अधिक प्रभावी बनाया जाएगा। **अंत में धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा ने किया :** इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम प्रमुख छाया कुमारी, सुषमा कुमारी, दीप्ति सिन्हा, आरती कुमारी, संजय सिन्हा, अजय कुमार, शशि कुमार, रंजीत मिश्र, धर्मेन्द्र मेहता, राजकुमार सिंह, अभिषेक पाठक, दीपक पाण्डेय, राजेश्वर सिंह यादव, नीतीश मिश्रा सहित सभी बंधु/भगिनी का सराहनीय योगदान रहा।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

**संक्षिप्त खबरें**

## सिरमटोली-मेकन फ्लाइओवर और रैंप निर्माण का कार्य तेज

**रांची :** सिरमटोली-मेकन फ्लाइओवर में रांची रेलवे लाइन के ऊपर सेगमेंट का काम तेजी से हो रहा है. अब केवल तीन सेगमेंट का काम बाकी है, जो रेलवे लाइन के ऊपर है. उसके पहले काम हो गया है. इंजीनियरों ने बताया कि एक सेगमेंट के काम में 12 दिनों का समय लगता है. ऐसे में तीन सेगमेंट के कार्य में करीब 36 दिन लगेंगे. साथ में गर्डर और कास्टिंग का काम भी हो रहा है. यह काम भी कुछ बाकी है. दो माह में केबल स्टे ब्रिज का काम करा लिया जायेगा. रैंप निर्माण का कार्य तेज किया गया है. मेकन चौक के पहले डाकघर की जमीन अब तक नहीं मिली है. ऐसे में यहां से सर्विस रोड निकालना संभव नहीं हो रहा है. विभाग के इंजीनियर लगातार डाकघर के अधिकारियों से संपर्क कर रहे हैं.

## झासा चुनाव का हुआ ऐलान

**रांची :** झारखंड स्टेट हेल्थ सर्विसेज एसोसिएशन झासा के चुनाव का ऐलान हो गया है। यह राज्यस्तरीय सरकारी चिकित्सकों का संगठन है। 16 दिसंबर से नामांकन के लिए आवेदन मांगा गया है। नामांकन 30 दिसंबर तक चलेगा। चुनाव 19 जनवरी 2025 को होगा। सदर अस्पताल रांची में झासा के चीफ इलेक्शन कमिश्नर डॉ लाल मांझी की अध्यक्षता में बैठक हुई। उन्होंने बताया कि नये सत्र 2024-26 के लिए चुनाव का निर्णय लिया गया। इसमें झासा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, संयोजक, संयुक्त सचिव व अन्य पदों के लिए चुनाव होगा।

# 18 दिसम्बर को राजभवन मार्च कर विरोध प्रदर्शन करेगी कांग्रेस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अल्पसंख्यक विभाग के तत्वावधान में कांग्रेस भवन रांची में प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में एक बैठक हुई. जिसमें अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मंजुर अंसारी उपस्थित रहें।बैठक की संचालन संगठन महासचिव अख्तर अली ने किया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि 18 दिसम्बर 2024 को गौतम अंड़ानी के खिलाफ अमरिका से गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी उसे बचाने की कोशिश की जा रही है और सभी भारत के संपतियों को अड़ानी के हाथों में बेचने का कार्य कर रही है। इसके विरोध में पुरे प्रदेश कांग्रेस राजभवन मार्च कर विरोध प्रर्दाशन किया जायेगा। इसकी सफलता के लिए प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, अल्पसंख्यक कांग्रेस से ज्यादा से ज्यादा तादाद में भागीदारी हो इस पर दिशा निर्देश दिये और जनवरी के पहले सप्ताह में अल्पसंख्यक आभार सम्मेलन करने का निर्णय लिया। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी जी भी मौजूद रहेंगे।इस बैठक में मुख्य रूप से करीम अंसारी, महमूद अली, सगीर अंसारी, दिलीप जॉन तिग्गा, जैतुन जॉन,मो0 सलीम , हुसैन खान, जीशान खान, अरशदुल कादरी, कैशर खान, हाजी सिकेन्द्र,सनउल्ला खान, सोहराब अंसारी, जावेद कासमी, मंजूर आलम, बारीक अंसारी, सजिद अली खान, गुलाम रब्बानी, रूसतम अली, साने रहमद, गुलाम सरोवर पिंकू, तसलीमा मलिक, हसनैन जैदी, सद्दाम हुसैन, जफर अंसारी इसके साथ प्रदेश कमिटी के पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, मौजूद रहे।

### कांग्रेस अनुसूचित जाति करेगा राजभवन मार्च

रांची : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अनुसूचित जाति विभाग के तत्वावधान में कांग्रेस भवन रांची में झारखण्ड प्रदेश अनुसूचित जाति के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान में अध्यक्षता में हुई जिसकी संचालन रांची महानगर कांग्रेस कमिटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन सह प्रदेश कार्यालय प्रभारी राजू राम ने किया। इस बैठक में मुख्य अतिथि झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि अगामी 18 दिसंबर 2024 को प्रस्तावित राजभवन घेराव समेत अन्य भावी कार्यक्रमों के सफल आयोजन और पार्टी के विभिन्न विभागों को सशक्त बनाने के उद्देश्य किया गया। जिसमें की गौतम अंड़ानी के खिलाफ अमरिका से गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी उसे बचाने की कोशिश की जा रही है और सभी भारत के संपश्रियों को अड़ानी के हाथों में बेचने का कार्य कर रही है। इसके विरोध में पुरे प्रदेश कांग्रेस राजभवन मार्च कर विरोध प्रर्दाशन किया जायेगा।इस बैठक में मुख्य रूप से वृज नन्दन पावान, भगवान दास, राजू दास, पिंटू तुरी, जवाहरलाल, सुरज कुमार पासवान, सुरेन राम, निरंजन पासवान, संजय कुमार राम, प्रकाश राम, बसंत पासवान, प्रेम कुमार दत्ता, विजय राम, सुरेश कुमार पासवान, मिथलेश कुमार, सुरेश मिर्धा, नीतू देवी, कृष्ण कुमार पासवान, देव कुमार, किशोर कुमार, मुकेश कुमार पासवान, कर्तिक पासवान, रोशन लाल, रिकी नायक, सोनी नायक, किशोर नायक, रौशन कुमार पासवान, मनोज पासवान, राज कुमार दास, उदित कुमार राम, अर्जन राजवार, राजन वर्मा, जगदीश साहु, इसके साथ प्रदेश कमिटी के पदाधिकारी, मौजूद रहे।

## भाजपा के बहकावे में नहीं आएं जेएसएससी अभ्यर्थी : राजेश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप ने कहा कि सीजीएल मामले की सीआईडी जांच करने का फैसला सरकार के स्तर से लिया गया है। अभी हम विभिन्न क्षेत्रों के खाली पदों को भरने जा रहे हैं। उन्होंने छात्रों से अनुरोध किया कि वे भाजपा के बहकावे में नहीं आएं। छात्रों, युवाओं का भविष्य इस सरकार में सुरक्षित है। कच्छप ने सोमवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन में जितनी भी नियुक्तियां हुई, सभी न्यायालय में लंबित नजर आती हैं। सभी विवाद में पड़े हैं। राज्य सरकार ने भाजपा के कुशासन में हुए कार्यों को पाटने का कार्य किया है। चाहे जेपीएससी का मामला हो या रोजगार का, भाजपा की सरकार ने कभी इस दिशा में काम नहीं किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि गौतम अडानी और उनके सहयोगियों पर अमेरिकी न्याय विभाग जरिये लगाये गये आरोप से भ्रष्टाचारी, धोखाधड़ी और छ्ल की जालसाजी का पर्दाफाश हुआ है। मणिपुर निरंतर हिंसा गोलीबारी कर्फ्यू और अराजकता के अभूतपुर्व संकट का सामना कर रहा है। यहां के नागरिक अनिश्चित भविष्य का सामना कर रहे हैं। अदानी मुद्दे पर संसदीय चर्चा से बचना और मणिपुर मुद्दे पर केंद्र और राज्य सरकार की चुप्पी एक चिंताजनक संकेत है। प्रधानमंत्री के जरिये अभी तक मणिपुर का दौरा नहीं करना भी हैरानी की बात है।

## रांची का जत्था अमृत कलश लेकर पाकिस्तान रवाना




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** निःशुल्क चिकित्सा उपकरण बैंक कैलाश की करुणा राँची के संस्थापक कैलाशी अरविन्द सिहं कौशल के नेतृत्व में 8 यात्रीयों का जत्था पाकिस्तान रवाना हुआ। पुरे भारत वर्ष से 120 दर्शनार्थी को वीजा मिला है, उसका नेतृत्व श्री शिव शक्ति परिवार टाटानगर के विजय शर्मा एवं रणवीर मणी कर रहें हैं। जत्था अमृतसर होते हुए 19 दिसंबर को अटारी वॉडर से पाकिस्तान जाएगा। जत्था चकवाल स्थित अमरकूण्ड में स्नान एवं श्री कटासराज जी को पवित्र सरोवर एवं नदियों के जल से अभिषेक करेंगे, रामचन्द्र के सुपुत्र महाराज लव की प्रयाण स्थल पर श्रद्धांजलि देंगे, राधा कृष्ण मंदिर, बाल्मीकि मंदिर दर्शन कर 25 दिसंबर को भारत वापसी करेगा।

रॉची के जत्थे का नेतृत्व करनेवाले कैलाशी अरविन्द सिंह कौशल के साथ महंत केशव दास त्यागी, सत्येन्द्र रजक, राजेश कुमार, अशोक कुमार सिंह, ज्योतिरींद्र नाथ दास, शिवानी रानी दास सहित राँची से 8 शिव भक्त शामिल हैं।

## राज्यपाल से रिम्स निदेशक सहित अन्य ने की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से सोमवार को रिम्स के निदेशक डॉ. राजकुमार ने राजभवन में भेंट की। निदेशक ने राज्यपाल से रिम्स को डीम्ड यूनिवर्सिटी में अपग्रेड करने के विषय पर चर्चा की। दूसरी ओर, राज्यपाल से एआईटीयूसी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विद्यासागर गिरि और अन्य प्रतिनिधियों ने राजभवन में भेंट की। गिरि ने कहा कि झारखंड के कई ट्रेड यूनियनों को अविभाजित बिहार सरकार जरिये रद्द कर दिया गया था लेकिन पटना उच्च न्यायालय ने इस आदेश को अनुचित बताते हुए निरस्त कर दिया। शिष्टमंडल ने राज्यपाल से श्रम एवं नियोजन



विभाग के जरिये इन ट्रेड यूनियनों को पुनः मान्यता प्रदान करने के लिए पहल करने का आग्रह किया। राज्यपाल को रिम्स की शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. दिव्या सिंह ने राजभवन में स्वरचित पुस्तक भेंट की। इस अवसर पर डॉ. सिंह ने राज्यपाल को अवगत कराया कि रिम्स की नियुक्ति प्रक्रिया में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं है। इनके अलावा राज्यपाल से अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सेवानिवृत कर्नल एआर सिन्हा के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने राजभवन में भेंट की। शिष्टमंडल ने राज्यपाल को 11-12 जनवरी, 2025 को आयोजित होने वाले पूर्व सैनिक महासम्मेलन में आमंत्रित किया।

## क्रिसमस मैजिक ड्रेस लाइक सांता क्लॉस और पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने बिखेरा कला का जादू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची स्थित आईफा इंटरनेशनल स्कूल में 15 दिसंबर को क्रिसमस मैजिक ड्रेस लाइक सांता क्लॉस और पेंटिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चों ने सांता क्लॉज, और क्रिसमस थीम पर आधारित विभिन्न रंग-बिरंगे वेशभूषा पहनकर मंच पर शानदार प्रस्तुतियां दीं। उनकी मासूमियत और अदाओं ने दर्शकों का दिल जीत लिया।

वहीं, पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्रों ने क्रिसमस के त्योहार, परिवार, और उत्सव की खुशी को अपनी कल्पना और रंगों के जरिए जीवंत कर दिया। उनके द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स ने न केवल उनके हुनर को उजागर किया, बल्कि क्रिसमस की सच्ची भावना का संदेश भी दिया। आईफा इंटरनेशनल के डायरेक्टर मोहम्मद साबिर हुसैन ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए और बच्चों के उत्साह की सराहना की। उन्होंने कहा, इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों की रचनात्मकता को निखारने और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में मदद करती हैं। आईफा इंटरनेशनल की उपनिदेशक शगुफ्ता बानो ने सभी बच्चों और उनके अभिभावकों को धन्यवाद दिया और कहा कि, ऐसे आयोजनों से बच्चों को अपनी छुपी हुई प्रतिभा को दिखाने का मौका मिलता है।

## राज्य की परीक्षा प्रणाली और सरकार की नीतियों पर लगे सवालिया निशान : आइसा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) के राज्य सचिव त्रिलोकी नाथ ने कहा कि झारखंड में जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा परिणामों को लेकर छात्रों में व्याप्त गहरा असंतोष और आक्रोश राज्य की परीक्षा प्रणाली और सरकार की नीतियों पर गंभीर सवाल खड़े करता है। यह आंदोलन केवल परीक्षा परिणामों की पारदर्शिता और निष्पक्षता के लिए नहीं, बल्कि बेरोजगारी और भविष्य की अनिश्चितता के खिलाफ युवाओं के व्यापक संघर्ष का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि झारखंड में बेरोजगारी दर 18 प्रतिशत के आसपास है। ऐसी स्थिति में सीजीएल परीक्षा प्रक्रिया में अनियमितताएं और पारदर्शिता की कमी युवाओं के विश्वास को तोड़ रही हैं। यह न केवल उनके भविष्य को खतरे में डाल रही है, बल्कि राज्य के विकास के लिए भी गंभीर चुनौती बन रही है। आइसा मांग करती हैं कि सीजीएल परीक्षा प्रक्रिया की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच तुरंत कराई जाए। छात्रों और युवा संगठनों के साथ संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए स्थानीय उद्योगों और सार्वजनिक नौकरियों को बढ़ावा दिया जाए। साथ ही स्थानीय नीति बनाने के लिए विधानसभा में प्रस्ताव फिर से पारित कर केंद्र सरकार को भेजा जाए। साथ ही कहा कि छात्रों और युवाओं का यह आंदोलन झारखंड के उज्ज्वल भविष्य के लिए है। सरकार को इसे गंभीरता से लेते हुए ठोस कदम उठाने चाहिए।

## हेमंत है तो अपराधियों और हत्यारों को हिम्मत है : बाबूलाल मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधा है। उन्होंने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट कर कहा है कि हेमंत है तो अपराधियों और हत्यारों को हिम्मत है। मरांडी ने लिखा है कि झारखंड में जमीन कारोबारियों की हत्या का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन हो रही हत्याओं से प्रदेशवासियों का जीना मुश्किल हो गया है। पिछले पांच सालों में हेमंत सरकार के नेतृत्व में जिस तरह से अपराधियों का हौसला बढ़ा है उससे रांची सहित पूरे झारखंड में खौफ का माहौल व्याप्त है। उन्होंने लिखा है कि पिछले पांच सालों में सिर्फ राजधानी रांची भर में करीब 50 लोगों ने अपनी जान गंवाई है। गत रविवार को हुई मधु राय की निर्मम हत्या ने न केवल रांची, बल्कि पूरे झारखंड को दहला कर रख दिया है। सरेआम गोलियों की बौछार और पुलिस की नाकामी ने साफ कर दिया है कि अपराधियों में कानून का कोई डर नहीं बचा है। उन्होंने लिखा है कि जमीन विवाद अब केवल सामान्य झगड़ा नहीं रहा, बल्कि लोगों की जान लेने वाला खूनी खेल बन गया है। सवाल उठता है कि आखिर कब तक झारखंड के लोग इस डर में जीते रहेंगे? कब तक निर्दोष लोग मारे जाते रहेंगे? और सबसे बड़ा सवाल शासन और प्रशासन आखिर कब तक ऐसी घटनाओं पर अपनी आंखें मूंदे रहेगा? उन्होंने कहा है कि झारखंड में लोगों की हत्याएं एक बड़ी मानवीय चिंता बन चुकी है। अपराधियों पर शिकंजा कसा जाए



और जमीन के नाम पर चल रहे इस खूनी खेल का अंत हो, इसके लिए जरूरी है कि हेमंत सरकार नींद से जागे और गंभीर होकर सुरक्षा के ठोस कदम उठाए।

## विशिष्ट अनुभजन पदाधिकारी ने सभी डीलर इंचार्ज के साथ की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देशानुसार 16 दिसंबर 2024 को समाहरणालय ब्लॉक- ए स्थित सभागार में विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी रांची, मोनी कुमारी द्वारा सभी डीलर इंचार्ज (वार्ड संख्या 01 से 53) अनुभाजन क्षेत्र रांची के साथ बैठक करते हुए निम्न निर्देश दिए गए: (1) झारखण्ड राज्य खाध सुरक्षा अधिनियम योजना के तहत ग्रीन राशन कार्डधारी का माह जनवरी एवं नवंबर, दिसम्बर 2024 का राशन वितरण में प्रतिशत में सुधार लाने का निर्देश दिया गया। (2) झारखण्ड राज्य खाध सुरक्षा अधिनियम योजना के तहत खाद्यान उठाव में और अधिक सुधार करने के लिए निर्देश दिया गया। (3) ई-केवाईसी कार्डधारी का आधार कार्ड से 3 दिनों के अंदर ऑनलाइन सिडिंग कराने का निर्देश सम्बंधित डीलर इंचार्ज को दिया गया। (4) मोबाइल सिडिंग हर कार्डधारी का कराते हुए इसमें और सुधार लाने के निर्देश दिए गए। (5) चना दाल/ नमक/ चीनी/ केरोसिन तेल वितरण कि समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द वितरण कराने का निर्देश दिया गया। (6) सोना-सोबरन धोती-साड़ी योजना कि समीक्षा करते हुए इसका वितरण जल्द से जल्द कराने का निर्देश दिया गया। (7) पीजीएमएस पोर्टल में आई शिकायतों का समाधान कराने का निर्देश दिया गया।

विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी रांची, श्रीमती मोनी कुमारी द्वारा सभी डीलर इंचार्ज (वार्ड संख्या 01 से 53) अनुभाजन क्षेत्र रांची के साथ बैठक करते हुए खाद्य आपूर्ति विभाग के सभी दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित रूप से पालन करने का निर्देश दिया।

## कार्यालय ससमय आएं आदित्य पांडेय

**रांची :** आदित्य पांडेय सहायक समाहर्ता, रांची ने दिनांक- 16 दिसंबर 2024 को कांके प्रखंड में प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में प्रभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के पश्चात पांडेय ने बोड़या पंचायत का औचक निरीक्षण किया। वहाँ उन्होंने अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना एवं मनरेगा योजना के बारे में जानकारी लिया। साथ ही योजनाओं की एंट्री की पद्धति का अवलोकन किया। उन्होंने प्रखंड के सभी पदाधिकारी/ कर्मियों से कहा कि सभी कार्यालय ससमय आए और अपने दिए गए उत्तरदायित्व का का ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करें।

## विद्या मंदिर धुर्वा के पूर्व छात्रों को किया गया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** सोमवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा के 2015 के पूर्व छात्र भैया सचिन कुमार एवं संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित भारतीय अभियंता सेवा परीक्षा 2024 में 53वां स्थान प्राप्त कर सफल होने पर विद्यालय द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। भैया सचिन ने कक्षा षष्ठ से लेकर बारहवीं कक्षा तक सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा, रांची में अध्ययन किया है। वर्ष 2015 में दसवीं की परीक्षा बोर्ड परीक्षा में 10 सीजीपीए प्राप्त किया। कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा 2017 में साइंस स्ट्रीम में 94त्न अंकों के साथ उत्तीर्ण की । तत्पश्चात



सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई एन आई टी जमशेदपुर से पूरा की। विद्यालय के प्राचार्य श्री ललन कुमार और उप प्राचार्य सुश्री मीना कुमारी ने भैया सचिन को सम्मानित किया। इस अवसर पर भैया ने अपने उद्बोधन में कहा कि जीवन के किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने पर उसे क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ एवं शत प्रतिशत मनोयोग से दें ,तभी जीवन में सफल होंगे। उन्होंने विद्यालय के भैया बहनों के जिज्ञासा भरे प्रश्नों को प्रभावी तथा संतोषजनक उत्तर से प्रभावित एवं संतुष्ट किया। भैया-बहनों ने उनकी परीक्षा की तैयारी, अध्ययन के तरीके, अध्ययन अवधि, नोट्स तैयारी की प्रक्रिया एवं इंटरव्यू से संबंधित प्रश्न पूछा। प्राचार्य श्री ललन कुमार ने आशा व्यक्त की की विद्यालय के भैया-बहन भैया सचिन से प्रेरणा पाकर अपने करियर में सफल हो सकेंगे । विद्यालय परिवार की ओर से उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। भैया सचिन विद्यालय के मेघावी छात्र रहे हैं । उनका इस मुकाम पर पहुंचना विद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य, दीदी जी एवं भैया-बहन उपस्थित रहे। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 26.2 डिग्री सेंटीग्रेड चाईबासा में रहा।

## झारखंड मौसम दर्पण और मॉनसून रिपोर्ट झारखंड-2024 का हुआ लोकार्पण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के 150वें वर्षगांठ के मौके पर रांची स्मार्ट सिटी ऑडिटोरियम में सोमवार को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि मौसम विभाग ने सटीक भविष्यवाणियों और तकनीकी क्षमताओं से न केवल आपदाओं के प्रभाव को कम किया है, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषि, आपदा प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन और राष्ट्रीय सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल के साथ स्वास्थ विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह और आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव राजेश कुमार शर्मा, महानिदेशक आईएमडी मृत्युंजय महापात्र, वरिष्ठ वैज्ञानिक बाबूलाल, मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर राज्यपाल और विशिष्ट अतिथियों ने झारखंड मौसम दर्पण और मॉनसून रिपोर्ट झारखंड-2024 का लोकार्पण किया। साथ ही आईएमडी का थीम सॉन्ग को लॉच किया गया। राज्यपाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों और



कर्मियों को उनकी निरंतर समर्पण और सेवाओं के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल ने कहा कि मौसम विज्ञान विभाग और मौसम विज्ञान केंद्र, रांची के प्रयासों ने राज्य में होने वाली गंभीर प्राकृतिक आपदाओं जैसे- वज्रपात, बाढ़, भारी वर्षा और शीतलहर के प्रभावों को कम करने में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि मौसम विज्ञान केंद्र के प्रति जनमानस का विश्वास बढ़ा है। क्योंकि, इसने पंचायत स्तर तक सटीक मौसम पूर्वानुमान और जानकारी उपलब्ध कराकर आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ किया है। राज्यपाल ने झारखंड की कृषि अर्थव्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि मौसम की सटीक जानकारी कृषि क्षेत्र के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मौसम पूर्वानुमान से किसानों को फसल चयन, सिंचाई प्रबंधन और कीट नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लेने में सहायता मिलती है।

## गौ माता को अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद खिलाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** गुप्त दान के सौजन्य से माता अन्नापूर्णा जन्मदिवस एव मार्ग शीर्ष पूर्णिमा पर निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे मे 1500 से अधिक श्रद्धालुओ एव मंदिर परिसर की गोशाला मे गौ माता को अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद खिलाकर सेव की गई।

संत शिरोमणी श्री श्री 108 स्वामी सदानंद जी महाराज के द्वारा संचालित रांची की सुप्रसिद्ध समाजिक संस्था एमआर एसज्श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची शहर की जानी मानी समाजिक संस्था है।

गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 52 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के मंगल राधिका सदानंद सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम के प्रांगण में स्थापित श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर मे संस्था के सक्रिय सदस्य ने गुप्त दान के द्वारा उनके एव परिवार के सौजन्य से माता अन्नापूर्णा जन्मदिवस के सुअवसर पर संस्था के सक्रिय सदस्य निर्मल जालान, विशाल जालान,डुंगरमल अग्रवाल श्री कृष्ण प्रणामी संस्था के वरिष्ठ सदस्य पुर्णमल सर्राफ,बिष्णु सोनी के द्वारा वहाँ के जरूरतमंद ग्रामीणों एवं मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओ ने मंदिर परिसर मे आये हुए भक्त प्रेमीयो,राहगीरों, सदगुरू कृपा अपनाघर आश्रम के 50 से अधिक निराश्रित प्रभुजी एव उनकी सेवा करने वाले सेवासाथीयों एवं बच्चों के बीच 180 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का विधिवत उद्घाटन कर वितरण कार्य शुरू किया।

## कलुवाडीह में दीनी माय एवं टुसु स्थापना पर पूजा अर्चना



**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली प्रखंड के कलुवाडीह गांव में दीनी माय एवं टुसु स्थापना पर पूजा अर्चना किया गया, जिसमें गांव के खेतों से नई खरीफ फसल धान का पूजा अर्चना कर विराजमान किया गया। गांव में ही आरती के साथ पूजा अर्चना किया गया।साथ ही प्रसाद वितरण किया गया।लोक गीत के साथ साथ दीनी माय की जयकार लगाया गया। सोमवार को अगहन मास के अंतिम दिन में टुसु स्थापना किया गया ज्ञात हो कि आगामी 17 दिसम्बर से पुस माह शुरू होने वाला है इसी माह में टुसु पर्व भी है। गांव के लोगों ने बताया कि पूर्णतः प्राकृतिक एवं कृषि फसल पर आधारित पर्व है।जुन के महीने में खेतों में बीज डाला गया,उसी के फसल को पुरे सम्मान के साथ घर घर में विराजा गया।इसमें गांव के सभी ग्रामीण महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए।

## रांची में आयोजित प्रमंडल स्तरीय युवा उत्सव 2024-25 में खूंटी जिले का परचम



**खूँटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 16 दिसंबर 2024 को रांची में आयोजित प्रमंडल स्तरीय युवा उत्सव 2024-25 में खूंटी जिले के प्रतिभाशाली युवाओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रौशन किया है। विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में खूंटी के प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया और कई पुरस्कार जीते। स्टोरी राइटिंग प्रतियोगिता में दीप्ति मुंडू ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि एकल नृत्य प्रतियोगिता में मनीष आलोक दोदराई को द्वितीय स्थान मिला। पेंटिंग प्रतियोगिता में पायल रानी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा, सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में संत जोसेफ कॉलेज, तोरपा की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खूंटी जिले के इन युवाओं की उपलब्धि सराहनीय है। जिला प्रशासन द्वारा इन प्रतिभाओं को सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया जा रहा है, साथ हीं इनके उज्जवल भविष्य की कामना भी की जा रही है। यह सफलता जिले में कला, साहित्य और संस्कृति के प्रति बढ़ते जागरूकता और समर्पण का प्रतीक है।

## भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा हेल्थ कैंप सह ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन



**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की स्थानीय इकाई ने आज खूँटी प्रखंड में एक हेल्थ कैंप सह ब्लड डोनेशन कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाना और रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना था। कैंप का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्योति कुमारी एवं रेड क्रॉस सोसाइटी खूँटी के अध्यक्ष किशोर कुमार गंजू द्वारा किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान लगभग 5 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि ने रक्तदान को महान सेवा बताते हुए लोगों से नियमित रक्तदान करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रेड क्रॉस सोसाइटी खूँटी के उपाध्यक्ष विनोद जायसवाल, कोषाध्यक्ष कैलाश कुमार नाग, कोर कमिटी सदस्य मनोज कुमार जायसवाल, बाल मुकुंद कश्यप, राजेश्वर बैठा, निरंजन प्रसाद समेत अन्य उपस्थित थे।

## चान्हो में ऑटो पलटने से तीन महिलायें घायल



**चान्हो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के चान्हो सिलागाई रोड में रघुनाथपुर के पास ऑटो पलटने से उसमें सवार झालो देवी, शारदा कुमारी और संतो देवी घायल हो गई। घटना सुबह सात बजे की है। तीनों घायलों को चान्हो सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि चान्हो के सोंस महलीटोली की तीनों महिलाएं बेड़ो के वनटोली आश्रम जा रही थी।

## प्रखंड सभागार में पंचायत समिति की बैठक संपन्न



**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को प्रखंड सभागार में पंचायत समिति सदस्यों की एक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं के संबंध में गहन समीक्षा की गई । प्रखंड प्रमुख विनीता कक्षा की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। विकास योजनाओं की समीक्षा के दौरान यह बात कही गई योजनाओं में और अधिक पारदर्शिता लाने की आवश्यकता है। मौके पर प्रमुख विनीत कश्यप ने कहा कि योजनाएं विकास की नींव होती हैं इसे धरातल में पूरी पारदर्शिता के साथ उतरना हम सब की जिम्मेदारी है। उप प्रमुख मुदस्सिर हक ने कहा कि सभी विभागों के तहत होने वाले तमाम कार्य समय पर चालू और पूर्ण करने से ही विकास की गाथाएं लिखी जा सकती हैं। जिन विभागों के पदाधिकारी अनुपस्थित पाए गए उन्हें शोकाउज करने का निर्णय लिया गया। मौके पर मौजूद प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव ने बैठक में अपनी बातें रखते हुए योजनाओं की पारदर्शिता और समय पर कार्य पूर्ण किए जाने के बाद कही। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संजय तिर्की, राजेश नायक, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, फारूक नदीम के अतिरिक्त विभिन्न विभागों के पदाधिकारी और विभिन्न पंचायत के पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे।

# पहाड़ टोली में पाट पहाड़ अघन-पूर्णिमा मेला धूमधाम से सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कर्रा :** अघन पूर्णिमा के अवसर पर ऐतिहासिक पाठ पहाड़ मेला का उद्घाटन खूंटी विधान सभा के विधायक राम सूर्या मुंडा व तोरपा विधान सभा के नवनिर्वाचित विधायक सुदीप गुड़िया संयुक्त रूप ने फीता काटकर किया.मेला के संदीप ब्रदर्श जमा टोली बनाम् एफ सी हल्दी गड़ा जिसमें संदीप ब्रदर्श जमा टोली मैदानी खेल में 0-1 गोल से विजय रहा. वही फुटबॉल टुर्नामेंट का दूसरा फाइनल मैच बिरसा युवा कल्ब पहाड़टोली बनाम् ब्लैक टाईगर फुटबॉल कल्ब लतरातू के बीच खेला गया. जिसमें मैदानी खेल में 2-1 गोल की ब्लैक टाईगर फुटबॉल क्लब लतरातू विजय रहा. मेला में लिटील स्ट्रार ग्रुप सिमडेगा का आर्केस्ट्रा आकर्षण का केन्द्र रहा. जिसमें? क्यूम अब्बास, रूपेश बड़ाइक, प्रितम कुमार, नमीता उरांव, सरिता बड़ाइक सहित अन्य कलाकारों? ने अपने मधुर गीत-संगीत से लोगों झूमने में मजबूर किया. जिसका लोगों खुब जमकर लुत्त उठाया. मेला में मुख्य अतिथि खूंटी विधानसभा विधायक राम सूर्या मुंडा ने कहा कि मेला जतरा से आदिवासी परम्परा व सांस्कृतिक कि पहचान है वही तोरपा विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा की अघन-पूर्णिमा में लगाने वाला ऐतिहासिक पाठ पहाड़ मेला खुशहाली का प्रतिक है जिसमें हमारे आदीवासी-मूलवासी किसान भाई बहन अपने घर साल भर का उपज को प्रवेश कराते हैं जिससे सभी परिवार में खुशहाली होती है और मेला जतरा हमारी परम्परा व सांस्कृतिक मुख्य आधार है जिसे हमें हमेशा जीवित रखना है.

मेला में रंग-बिरंगी मिठाई, आईसक्रीम, गोलगप्पे, तरह--तरह का झूला, खिलौने , सिंगार, फल सब्जी, गन्ने व कातारी सहित तरह कि दुकानें लगायी गयी जिसका भी लोगों ने जमकर लुत्त उठाया. कार्यक्रम पर मुख्य रूप से झामुमो खूंटी जिला अध्यक्ष जुबेर अहमद, झामुमो केन्द्रीय सदस्य सुशील पहान, मकसूद अंसारी, समाजसेवी ऐलेस्टर बोदरा, सतीश शर्मा, मगन मंजीत तिड़ू, विजय संगा,जिला सोशल मिडिया प्रभारी तौकीर आलम, बमरजा मुखिया अनूप कुजूर, बसंत सिंह मुंडा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष शेख फिरोज, विरेन्द्र सिंह, जोनसन होरो, समाजसेवी मोकिम अंसारी, अखलेश गोप, रामप्रसाद गोप, जीवन होरो के अलावे अन्य लोग मोजूद रहे.पाट पहाड़ मेला को सफल बनाने में राजेश मुंडा, उपेन्द्र पहान, लाल मुंडा, मोहन मुंडा, वानसिंह मुंडा, केडी गुरू, रीबड़ मुंडा, सलेन्द्र मुंडा, वासीम मियां, निर्मल बड़ाइक, महादेव मुंडा, मंगल मुंडा, शिवा मुंडा, जयमंगल मुंडा, राजेन्द्र मुंडा, मनोज मुंडा, गोपाल मुंडा, पंकज मुंडा, जितेन्द्र मुंडा, हरी पाहन के अलावे बिरसा युवा विकास कल्ब पहाड़ टोली के अन्य सदस्यों का मुख्य योगदान रहा।

# 19 से 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर अभियान का होगा आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूँटी :** सुशासन सप्ताह - प्रशासन गांव की ओर 2024 अभियान का आयोजन 19 से 24 दिसंबर तक सभी प्रखंड में किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सुशासन को बढ़ावा देना और सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं को आम जनता तक पहुँचाना है। साथ हीं 23 दिसंबर को जिला स्तरीय कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रम को लेकर आज प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी ने अपने अपने प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान ग्रामीणों को इस अभियान के उद्देश्यों, लाभों और सहभागिता की जानकारी दी गई। जागरूकता अभियान के तहत प्रमुख पंचायतों और गांवों में बैठकें आयोजित की गई, जिसमें ग्रामवासियों को सरकारी योजनाओं की जानकारी और उनके लाभ उठाने के तरीकों के बारे में बताया गया।

प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि ÷सुशासन सप्ताह÷ का मुख्य उद्देश्य सरकार और जनता के बीच एक सेतु का निर्माण करना है, जिससे जनसेवाओं की सुगमता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने सभी ग्रामीणों से अपील की कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अपने अधिकारों व सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें।

अंचल अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान स्थानीय प्रशासन द्वारा ग्राम स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों में राजस्व, समाज कल्याण, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य विभागों से संबंधित समस्याओं का निपटारा किया जाएगा। यह अभियान सुशासन को जमीनी स्तर तक पहुँचाने और पारदर्शी एवं प्रभावी प्रशासन सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिला स्तर एवं प्रखंड स्तर पर आवेदनों का निष्पादन शत प्रतिशत सुनिश्चित किया जाएगा।

# कोयलांचल के राय मे ग्रामीणों ने फ्लाई एश ढुलाई का काम कराया बंद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** कोयलांचल क्षेत्र के राय मुख्य मार्ग से हो रही फ्लाई एश (जहरीले राख) ढुलाई के काम को सोमवार की शाम स्थानीय ग्रामीणों ने बंद कर दिया।जानकारी के अनुसार टंडवा एनटीपीसी से निकलने वाली जहरीले राख की ढुलाई कोयलांचल क्षेत्र के प्रमुख सड़कों से की जा रही है,जिसके कारण स्थानीय ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि फलाई एश की ढुलाई होने से प्रदूषण की समस्या उत्पन्न हो गई है।यह प्रदूषण लोगों के घर एवं दुकानों तक पहुंच रहा है।वहीं सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि प्रदूषण के कारण लोग बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं।फ्लाई ऐश की ढुलाई से जहां एक तरफ प्रदूषण की समस्या उत्पन्न हो गई है,वहीं दुर्घटना की भी आशंका बढ़ गई है।वैसे भी राय से बचरा की सड़क काफी जर्जर है और अब इसमें फ्लाई ऐश की ढुलाई होने से सड़क काफी भयावाह हो चुकी है। ग्रामीणों ने कहा कि किसी भी कीमत पर राय की सड़कों से जहरीले राख की ढुलाई नहीं होने दी जाएगी। संबंधित कंपनी के द्वारा सभी नियमों को ताक पर रखकर जहरीले राख की ढुलाई कराई जा रही है,जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।जहरीले राख की ढुलाई का विरोध करते हुए ग्रामीणों ने राय स्वामी नगर चौक पर कई वाहनों को खड़ा कर वापस करा दिया।इस मौके पर समाजसेवी सह आजसु नेता नागेश्वर महतो,शंकर सिंह, राजेश महतो,राजा खान, उदय सिंह,राजू गुप्ता,जग्गू कुमार,भुवनेश्वर कुमार,नरेश महतो,चिंतामण महतो, रंगरेज महतो,राजेश मद्रासी, रूपेश महतो,शैलेंद्र रावत सहित काफी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

# मुरी गोला मुख्य सड़क पर जानलेवा गड्ढा, दुर्घटना की संभावना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** मुरी गोला मुख्य सड़क पर की जगह जानलेवा गढ्ढा बनकर तैयार है। इसी सड़क से रोजाना छोटी बड़ी वाहनों का आना जाना लगा रहता है इस सड़क के किनारे मातृछाया नर्सिंग होम,डीएवी स्कूल एवं संत माइकल स्कूल समेत और भी सरकारी गैर सरकारी स्कूल भी है रोजाना बच्चों का मरीजों का भी आना जाना लगा रहता है। प्रशासन, जनप्रतिनिधियों का आना जाना रहता है लेकिन किसी प्रकार का इस सड़क को दुरुस्त नहीं किया जा रहा है। किसी भी समय बड़ी दुर्घटना हो सकती है। बरसात के समय इस गड्ढे में पानी भर जाता है जिससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।आए दिन सड़क दुघर्टना होते रहती है।यह सड़क पर मुरी से लेकर सिल्ली मोड़ तक काफी बद्तर हो गया है। अगर जल्दी दुरुस्त नहीं किया गया तो कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

## 24 सदस्यीय झारखंड सब जूनियर तीरंदाजी टीम में सिल्ली के 10 तीरंदाज शामिल

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** 41वी सब जूनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता जयपुर राजस्थान 3 से 9 जनवरी तक आयोजित है जिसके लिए झारखंड तीरंदाजी टीम का चयन प्रतियोगिता 14 दिसंबर को जे आर डी टाटा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स जमशेदपुर में आयोजित किया गया था जिसमें सिल्ली जोन्हा के 10 तीरंदाज का राज्य में बेहतर प्रदर्शन कर अपना स्थान झारखंड टीम में सुनिश्चित किया। सिल्ली के तीरंदाजों का बेहतर प्रदर्शन पर सिल्ली एकेडमी के मुख्य संरक्षक सुदेश कुमार महतो रांची जिला तीरंदाजी संघ की अध्यक्ष नेहा महतो सचिव चंचल भट्टाचार्य, जिला खेल पदाधिकारी रांची शिवेंद्र कुमार, हिंडाल्को के एच आर हेड अरुण राय , सी एस आर के अनिल कुमार कोच शिशिर महतो,रोहित कोइरी,रोहित भारद्वाज ने सभी चयनित तीरंदाजों को बधाई ओर शुभकामनाएं दी।

## 24 घंटे का अखंड हरी राम कीर्तन संपन्न

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अगहन पूर्णिमा के पवन अवसर पर इटकी जगन्नाथ मंदिर परिसर में आयोजित 24 घंटे का अखंड हरी राम कीर्तन का सोमवार को पूर्णाहुति के बाद समापन हो गया। कार्यक्रम में लापुंग, गणेशपुर, गड़गांव, भंडरा, इटकी सहित आसपास के गांव के कीर्तन मंडली शामिल हुए। इससे पूर्व रविवार को कीर्तन की शुरुआत पंडित शत्रुघ्न पांडे के नेतृत्व बादल कुमार और सुशील कुमार द्वारा पूजा अर्चना के बाद को गई। रात में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिवाकर साही, अमित कुमार, संजय कुमार, बंसीधर साहू, नितिन, राजकरण, आलोक केशरी सहित अन्य का अहम योगदान रहा।

## 39 छात्रों का प्रतिनिधिमंडल आईआईटी जोधपुर के लिए हुआ रवाना

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरकार के महत्वाकांक्षी सांस्कृतिक और शैक्षिक प्रयास 'एक भारत श्रेष्ठ भारत युवा संगम' कार्यक्रम के पांचवें चरण के तहत पश्चिम बंगाल के विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों के 39 छात्रों का एक प्रतिनिधिमंडल आईआईटी जोधपुर के लिए रवाना हुआ है। शिक्षाविद् और पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित श्री काजी मासूम अख्तर की मौजूदगी में आईआईईएसटी शिबपुर में एक ओरिएंटेशन सत्र और फ्लैग-ऑफ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पश्चिम बंगाल का नोडल संस्थान आईआईईएसटी शिबपुर है, जबकि राजस्थान का नोडल संस्थान आईआईटी जोधपुर है। प्रतिनिधि सदस्य 14 से 18 दिसंबर 2024 तक आईआईटी जोधपुर में रहेंगे। इस यात्रा के जरिए दोनों राज्यों के बीच समृद्ध संस्कृति, परंपरा और विचारों के आदान-प्रदान को बढ़ाने पर जोर दिया जाएगा।

## लोंड्रा गांव के पास तमाड़ पुलिस 36 अवैध गौवंश पशुओं को पकड़ा, मौके से तस्कर फरार

**तमाड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ थाना क्षेत्र के ग्राम लोंड्रा के समीप कैनाल के रास्ते से तस्करी के लिए ले जा रहे 36 गौवंश पशुओ को तमाड़ पुलिस ने सोमवार को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आई जबकि मौके पर तस्कर भागने सफल रहे। ज्ञात हो कि गौवंश की तस्करी के सम्बन्ध में तमाड़ थाना प्रभारी रोशन कुमार ने गुप्त सुचना मिली थी की लोंड्रा कैनाल रास्ते से कुछ तस्कर अवैध रुप से तस्करी कर गौवंश पशुओं को बंगाल ले जाया जा रहे हैं सूचना पर त्वरित करवाई करते हुए थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल ने अभियान चलाकर गौवंश पशुओं को पकड़ लिया साथ पुलिस आगे की कार्रवाई में जूटी है। थाना प्रभारी रौशन कुमार ने बताया कि तस्करों का पता लगाया जा रहा है और जल्द गिरफ्तार कर आरोपीयों को जेल भेजा जाएगा साथ ही चोरी छिपे तस्करी करने वाले तस्कर सावधान हो जाएं पुलिस किसी को बख्शने वाली नहीं है।बताते चलें कि गौवंश पशु तस्करी के लिए खुंटी रांची सारायकेला खारसांवा चाईबासा जिले के जालटांडा, मनोहरपुर,दरभंगा,कुचाई आदि क्षेत्र के हाट बाजारों में पशुओं की खरीदारी कर तस्करों के द्वारा भाड़े के हांकने वाले (चरवाहों) को गौवंश पशुओं को सौंप दिया जाता है जिनकी जिम्मेदारी गौवंश पशुओं को लेकर पश्चिम बंगाल में बैठे बड़े बड़े तस्करों तक पहुंचाने की होती है और बड़े पैमाने में इन गौवंश पशुओं की तस्करी बंगलादेश तक की जाती है। बताया जाता है इन पशु तस्करों के तार बहुत लम्बे होते हैं यही वजह है कि गौवंश की तस्करी के विरुद्ध कई हिंदु संगठनों के भारी विरोध के बावजूद चोरी छिपे ही सही गौवंश पशुओं की तस्करी फल फूल रहा है।

## पाठ्य सामग्री का किया गया वितरण

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा दक्षिणी पंचायत के अंतर्गत आने वाले उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बचरा में सोमवार को एक समारोह आयोजित कर स्कूली बच्चों के बीच स्कूल बैग एवं पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा चतरा जिला कार्यसमिति सदस्य सह बचरा दक्षिणी पंचायत की मुखिया रीना देवी मौजूद थी। इस दौरान उन्होंने स्कूल में पढ़ने वाले कुल 35 बच्चों के बीच स्कूल बैग एवं पाठ्य सामग्री का वितरण किया। इस संबंध में मुखिया रीना देवी ने बताया कि सर्व शिक्षा अभियान के तहत स्कूली बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री एवं स्कूल बैग का वितरण किया जा रहा है।स्कूल बैग एवं पाठ्य सामग्री मिलने से बच्चों में खुशी की लहर देखी जा रही है।उन्होंने स्कूल में पढ़ने वाले सभी बच्चों से बेहतर और मन लगाकर पढ़ाई कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन करने की अपील की।इसके अलावा उन्होंने सभी अभिभावकों से भी अपने-अपने बच्चों को निर्धारित समय पर स्कूल भेजने की अपील की।बच्चों को स्कूल में बेहतर पढ़ाई के साथ स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान देने की अपील की। इस मौके पर स्कूल की शिक्षिका रेशमा देवी,रसोईया नीतू देवी सहित स्कूल के सभी बच्चे एवं शिक्षक मौजूद थे।

## भूमि पूजन समारोह का आयोजन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिहार के बक्सर में अपनी नई ग्रे सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट के लिए भूमि पूजन समारोह के साथ जेके सीमेंट ने अपने विस्तार में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया है। यह विस्तार पूर्वी भारत में अपनी स्थिति मजबूत करने और क्षेत्र के बुनियादी ढांचे और आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए कंपनी की रणनीतिक पहल का हिस्सा है।इसकी आधारशिला जेके सीमेंट लिमिटेड के उपाध्यक्ष डॉ. निधिपति सिंघानिया, जेके सीमेंट लिमिटेड के संयुक्त प्रबंध निदेशक और सीईओ श्री माधवकृष्ण सिंघानिया और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने रखी। नई ग्राइंडिंग यूनिट के जुड़ने पर टिप्पणी करते हुए जेके सीमेंट के प्रबंध निदेशक डॉ. राघवपत सिंघानिया ने कहा, हमें विश्वास है कि हमारी उन्नत विनिर्माण क्षमताएं और गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता स्थानीय बाजार की जरूरतों को पूरा करेगी।

# पिपरवार के सीएचपी परियोजना मे हुई संयुक्त मोर्चा की गेट मिटिंग



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सीएचपी/सीपीपी कोल परियोजना मे सोमवार की सुबह संयुक्त मोर्चा के द्वारा गेट मीटिंग का आयोजन किया गया।इस मीटिंग की अध्यक्षता यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के सीएचपी/सीपीपी शाखा अध्यक्ष मोहम्मद अब्दुल्ला ने किया।गेट मीटिंग में कोयला मजदूरों की कई समस्याओं पर चर्चा की गई,साथ ही स्थानीय प्रबंधन से समस्याओं के समाधान करने की मांग की गई।गेट मीटिंग के दौरान संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधियों ने एक स्वर में मांगे पूरी नहीं होने पर आंदोलन करने की बात कही।कोयला मजदूरों की प्रमुख मांगों में सैप में पारिवारिक विवरण चढ़ाना, मजदूरों का प्रमोशन,24 घंटे एंबुलेंस की सुविधा,आवास मरम्मत,कैंटीन सुविधा, रिटायर डेथ मजदूरों के पीएलआर का भुगतान, रिवाइज्ड पेंशन,सीएमपीएफ अपडेट सहित अन्य मांगे शामिल है।गेट मीटिंग के दौरान मजदूरों ने अपने मांगों के समर्थन में जमकर आक्रोश प्रकट किया और नारेबाजी की।गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए मोहम्मद अब्दुल्ला ने कहा कि प्रबंधन को मांगों से अवगत करा दिया गया है,यदि जल्द ही मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में संयुक्त मोर्चा के बैनर तले उग्र आंदोलन किया जाएगा।उन्होंने सभी कोयला मजदूरों से एकजुट रहने का आह्वान भी किया।इस मौके पर मोहम्मद अब्दुल्लाह,रुखसार आलम,कयूम अंसारी,मनोज गुप्ता,सरोज पारा,विपुल कुमार तालपत्र,बालेश्वर महतो,संजय कुमार सिंह, विष्णु महतो,नागेश्वर महतो, जमुना महतो,किरण महतो, मोहम्मद कुतुबुद्दीन,दाऊद अंसारी,मोहम्मद नौशाद, अवधेश पांडेय,रंजीत कुमार, हेमनाथ महतो सहित सैकड़ो की संख्या में मजदूर उपस्थित थे।

# पिपरवार के चिरैयाटांड़ में सीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के चिरैयाटांड़ खेल मैदान में सीपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में आयोजन समिति के संरक्षक सुनील गंझू और समिति के सचिव कार्तिक महतो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।अतिथियों ने बारी-बारी से सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच मेजबान चिरैयाटांड़ बनाम किरीगड़ा के बीच खेला गया,जिसमें किरीगड़ा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 85 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।जवाबी पारी खेलने उतरी मेजबान चिरैयांटांड़ की टीम छ॰ विकेट के नुकसान पर 86 रन बनाकर मैच को जीत लिया।इस मैच में बेहतर बॉलिंग और बैटिंग करने वाले चिरैयांटांड़ टीम के खिलाड़ी पंकज कुमार को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने सभी खिलाड़ियों से बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अपने क्षेत्र और राज्य का नाम रोशन करने की अपील की।

# इनमोसा की मांगे पुरी नही होने पर होगा जोरदार आंदोलन : रामराज सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** इनमोसा के सीसीएल अध्यक्ष रामराज सिंह ने सोमवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया।इस दौरान बचरा पहुंचने पर इनमोसा के पिपरवार क्षेत्रिय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन के नेतृत्व मे उनका जोरदार स्वागत किया गया।जिसके बाद सीसीएल अध्यक्ष रामराज सिंह ने स्थानीय कार्यालय में इनमोसा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।इस बैठक मे इनमोसा से जुड़े माईनिंग सुपरवाईजर एंव स्टॉफ की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में उन्होंने इनमोसा के सभी माईनिंग सुपरवाइजर एवं स्टाफ को एकजुट होने की अपील की।बैठक के बाद इनमोसा का एक प्रतिनिधिमंडल सीसीएल अध्यक्ष रामराज सिंह के नेतृत्व में पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार से उनके कार्यालय में मुलाकात किया।इस दौरान स्थानीय प्रबधंन को इनमोसा से पड़े माईनिंग सुपरवाईजर एंव स्टॉफ की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया।समस्या सुनने के बाद महाप्रबंधक संजीव कुमार ने समस्याओं का समाधान करने का भरोसा दिया।इस सबंधं मे सीसीएल अध्यक्ष रामराज सिंह ने बताया कि इनमोसा सीसीएल कमेटी के पदाधिकारी सीसीएल के सभी क्षेत्रों का दौरा कर इनमोसा से जुड़े माईनिंग सुपरवाईजर एवं स्टॉफ की समस्याओं की जानकारी ले रहे हैं,साथ ही प्रबंधन से मुलाकात कर समस्याओं का समाधान करने की मांग की जारी है।उन्होंने कहा कि दौरे के क्रम मे मैन पावर बजट, क्वाटर आवांटन,क्वाटर मरम्मत,शुध्द पेयजल,रेस्ट सेल्टर, प्रमोशन, कैन्टीन, मशीनो के रख-रखाव, लाईटिंग सहित अन्य समस्याओं की जानकारी ली जारी है।उन्होंने कहा कि समस्याओं से प्रबंधन को अवगत कराया जा रहा है।साथ ही प्रबंधन के द्वारा सकारात्मक आश्वासन भी मिल रहा है।उन्होंने कहा कि आगामी 26 जनवरी को रांची में इनमोसा केन्द्रीय कमेटी की बैठक होगी, जिसमें सीसीएल के सभी क्षेत्र के अध्यक्ष एवं सचिव भी शामिल होंगे।इस बैठक में माईनिंग सुपरवाईजर व स्टॉफ की समस्याओं की समीक्षा की जाएगी और उसी दिन आंदोलन की घोषणा की जाएगी।उन्होंने कहा कि अपने हक और अधिकार को लेकर इनमोसा के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता एक मंच पर है।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## एसडीएम के नेतृत्व में पांचवें दिन भी चलाया गया नो पार्किंग जांच अभियान



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुगम बनाये रखने को लेकर पांचवे दिन भी धालभूम के अनुमंडलाधिकारी शताब्दी मजूमदार के नेतृत्व में नो पार्किंग जोन में जांच अभियान चलाया गया । इस दौरान जुबली पार्क, कलेक्ट्रेट गोलचक्कर, बिस्टुपुर में गोपाल मैदान के आसपास के क्षेत्र से नो पार्किंग जोन में खड़े 20 दो पहिया वाहन व 1 चार पहिया वाहन जब्त करते हुए जुर्माना लगाया गया। अनुमंडल पदाधिकारी, धालभूम ने कहा कि नो पार्किंग जोन में जांच अभियान आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि नो पार्किंग में वाहन खड़ा करना यातायात नियमों का उल्लंघन है, ऐसा करते पकड़े जाने पर सम्बन्धित वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। शहरवासियों से अपील है कि शहर को जाममुक्त रखने में प्रशासन को सहयोग करें, जांच अभियान में कार्यपालक दण्डाधिकारी चंद्रजीत सिंह, एमवीआई सूरज हेंब्रम, ट्रैफिक इंस्पेक्टर व अन्य पदाधिकारी, कर्मी शामिल थे।

## डिवाइन सॉलिटेयर्स ने द सॉलिटेयर फेस्टिवल ऑफ इंडिया तीसरे संस्करण का ग्रैंड विनर किया घोषित




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के सबसे भरोसेमंद सॉलिटेयर जूलरी ब्रांड 'डिवाइन सॉलिटेयर्स' ने, द सॉलिटेयर फेस्टिवल ऑफ इंडिया (टीएसएफआई) के तीसरे संस्करण का सफलतापूर्वक समापन किया। अगस्त 2024 में आयोजित यह राष्ट्रव्यापी फेस्टिवल, अपनी तरह का सबसे बड़ा सॉलिटेयर प्रमोशन था, जिसमें भाग लेने वाले 200 से ज्यादा जूलर्स के ग्राहकों ने लगभग 6,000 उपहार और पुरस्कार जीते हैं।इस फेस्टिवल का मुख्य आकर्षण उस वक्त सामने आया, जब जमशेदपुर के आर. सिंह ने ग्रैंड बम्पर पुरस्कार के रूप में एक महिंद्रा एक्सयूवी 700 एसयूवी जीत ली। श्री सिंह ने जमशेदपुर स्थित कुलदीप संस जूलर्स से अपनी सॉलिटेयर जूलरी खरीदी थी। उनको इस ड्रा के फेसबुक पर हुए लाइव प्रसारण में विजेता घोषित किया गया। जमशेदपुर स्थित कुलदीप संस जूलर्स में आयोजित एक भव्य समारोह के दौरान, डिवाइन सॉलिटेयर्स के संस्थापक एवं एमडी जिग्नेश मेहता और कुलदीप संस जूलर्स के प्रमोटर सुनील वर्मा ने, आर. सिंह को एकदम नई एसयूवी की चाबियाँ सौंपी। पुरस्कार लेते समय भावुक सिंह ने कहा,अपनी पत्नी के लिए सॉलिटेयर जूलरी खरीदना मेरे लिए एक अनमोल पल था, लेकिन यह ग्रैंड प्राइज जीतना मेरे जीवन का सबसे बड़ा आश्चर्य है।

## तुंगबुरु में दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट संपन्न, लावजोड़ा की टीम बनी विजेता



**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड की जोड़सा पंचायत अंतर्गत तुंगबुरु फुटबॉल मैदान में अगहन संक्रांति के मौके पर आयोजित दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन सोमवार को हो गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू व विशिष्ट अतिथियों में जिला पार्षद प्रदीप बेसरा, पटमदा थाना प्रभारी करम पाल भगत, झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, पूर्व प्राचार्य पंचानन दास शामिल हुए। 16 टीमों के बीच आयोजित टूर्नामेंट में पेनाल्टी शूट में एक गोल से हराकर विजेता बनी वन मैन आर्मी लावजोड़ा की टीम को मुख्य अतिथि के हाथों 40 हजार रुपये व ट्राफी , उप विजेता गणेश स्पोर्टिंग चंपानगर गम्हरिया की टीम को जिला पार्षद प्रदीप बेसरा व थाना प्रभारी पटमदा करम पाल भगत ने संयुक्त रूप से 30 हजार रुपये व ट्राफी देकर पुरस्कृत किया। शाम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो, कोषाध्यक्ष जामिनी प्रमाणिक, शुभन टुडू, छुटुलाल माझी, लंबोदर मांडी, धीरेन टुडू व जागरण पाल आदि मौजूद थे।

## जोड़सा सबर टोला में बुजुर्गों के बीच कंबल वितरण

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सोमवार को पटमदा प्रखंड के सुदूरवर्ती जोड़सा सबर टोला में जमशेदपुर के सोनारी निवासी सह समाजसेवी अशोक कुमार की ओर से दिए गए 50 कंबलों का वितरण जोड़सा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रूपेण सिंह ने असहाय व बुजुर्गों के बीच किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए पटमदा इंटर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य पंचानन दास ने बताया कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए समाजसेवी अशोक कुमार ने 50 कम्बल उपलब्ध कराया था। इस दौरान ग्राम प्रधान नवीन सिंह, पूर्व प्राचार्य पंचानन दास, केदारनाथ माझी, श्यामपद सिंह, शशांक शेखर प्रमाणिक, वार्ड सदस्य देवेंद्र कुंभकार, सतीश सिंह समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

### पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई पहुंचे मृत सोनू सरदार के घर, परिजनों को बंधाया ढांढस, बोले

# हत्या राज्य में बिगड़ते कानून व्यवस्था का प्रमाण है, हत्यारों की जल्द हो गिरफ्तारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** बीते शुक्रवार की देर रात गम्हरिया प्रखंड के यशपुर पंचायत की मुखिया पार्वती सरदार के पति और पारा शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सोनू सरदार की हत्या के तीसरे दिन राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक चंपाई सोरेन पीड़ित परिवार से मिलने सोमवार को उनके घर पहुंचे और शोक संतप्त परिवार से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान उनके साथ बीटी दास, परमेश्वर प्रधान आदि भी मौजूद रहे। पूर्व मुख्यमंत्री ने घटना पर अपनी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि सोनू सरदार बेहद ही मिलनसार और सामाजिक कार्यकर्ता थे। उनकी इस तरह से हत्या कहीं न कहीं राज्य में बिगड़ते कानून व्यवस्था का प्रमाण है। उन्होंने सोनू सरदार के हत्यारों की अबतक गिरफ्तारी नहीं होने पर भी



चिंता जताई। उन्होंने जिला पुलिस से अविलंब हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग की है। साथ ही, दुःख की इस घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ होने की बात कही।

## टाटा स्टील हॉर्स राइडिंग ट्रेनिंग सेंटर के कैडेट्स ने गाजियाबाद चैम्पियनशिप में जीते 3 पदक

*- माज़ ज़फर को दो सिल्वर व कृशिव गुप्ता को एक गोल्ड मिला*



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील हॉर्स राइडिंग ट्रेनिंग सेंटर के कैडेट्स ने गाजियाबाद में आयोजित द पेंटा ग्रांड 2024 इंटर-स्टेट चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए जूनियर ग्रुप श्रेणी में एक स्वर्ण पदक और चिल्ड्रन ग्रुप 2 श्रेणी में दो रजत पदक जीते।यह कार्यक्रम 7 से 15 दिसंबर तक आयोजित हुआ, जिसमें 9 राज्यों के राइडर्स ने विभिन्न आयु श्रेणियों में अपनी सहभागिता दिखाई।कैडेट्स ने कोच दुष्यंत कुमार के मार्गदर्शन में इस प्रतियोगिता में भाग लिया। माज़ ज़फर (11) ने चिल्ड्रन ग्रुप 2 श्रेणी में दो रजत पदक हासिल किए, जबकि कृशिव गुप्ता (14) ने जूनियर ग्रुप श्रेणी में स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

## गम्हरिया डीवीसी मोड़ पर खुला श्री राम ऑटोमोबाइल्स पेट्रोल पंप



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** श्री राम ऑटोमोबाइल्स हिंदुस्तान पेट्रोलियम का पेट्रोल पंप डीवीसी मोड़ के समीप शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन उत्तर प्रदेश के बनारस से आए संतसिरोमणि जगद्गुरु रामानुजाचार्य तपोनिष्ठ त्रिड़ंडी स्वामी सुन्दर राज जी महाराज के कर कमलों से सम्पन्न हुआ। बताया गया है कि तारा-कांड्रा मुख्य मार्ग पर गम्हरिया से जमशेदपुर जाने के क्रम कोई पंप ना होने के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानी होती थी। इस मौके पर मेनेजर हिंदुस्तान पेट्रोलियम के एरिया सेल्स प्रबंधक आकाश त्रिपाठी, अधिकृत डीलर डॉ सुधीर कुमार सिंह, सुमन कुमारी, संत कुमार पाण्डेय, उदय चौधरी, अंजन कुमार सिंह,चंद्र प्रकाश,जग नारायण राय, निखिल कुमार सिंह, नरेंद्र शर्मा, एएल यादव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## टाटा स्टील एफएएमडी के ईआईसी पंकज सतीजा को मिला नेचर केयर अवार्ड 2024




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील के फेरो अलॉयज एंड मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी) के एक्जीक्यूटिव-इन-चार्ज (ईआईसी) पंकज सतीजा को कॉर्पोरेट नेतृत्व और सामाजिक सोच में उनकी उत्कृष्ट भूमिका के लिए प्रतिष्ठित नेचर केयर अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान नई दिल्ली के कंस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित नेशनल लेवल कॉन्क्लेव में प्रदान किया गया। नेचर केयर इनिशिएटिव द्वारा आयोजित इस सम्मेलन की थीम थी फ्यूचर अर्थ ङ्क जलवायु स्थायित्व में जनभागीदारी।केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने पंकज सतीजा को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर लोकसभा सांसद डॉ. संबित पात्रा, राज्यसभा सांसद (निर्वाचित) सुजीत कुमार और पद्मश्री से सम्मानित चामी मुर्मू जैसे प्रतिष्ठित लीडर भी उपस्थित रहे। इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देते हुए एक सस्टेनेबल और रेसिलिएंट भविष्य के लिए विचार-विमर्श और ठोस कदमों को प्रेरित करना था।पंकज सतीजा, जो इस कार्यक्रम में गेस्ट ऑफ ऑनर और पैनल स्पीकर के रूप में शामिल हुए, ने जलवायु चुनौतियों का समाधान करने और सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से स्थायित्व को बढ़ावा देने में उद्योग की भूमिका पर अपने विचार साझा किए।कॉन्क्लेव में प्रसिद्ध पर्यावरणविदों और प्रकृति संरक्षण के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं, जैसे सज्जन शर्मा, शक्ति प्रसाद नायक, श्रीकांत शेखर साहू और शबनम एडिनी, ने भी विचारपूर्ण चर्चाओं में भाग लिया।

## कुचाई लैंपस में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन, पहले दिन एक किसान से हुई धान की खरीदारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई लैंपस में सोमवार से धान की खरीदारी शुरु हुई। कुचाई लैंपस में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्धघाटन जिप सदस्या जींगी हेंब्रम, प्रमुख गुड्डी देवी,उप प्रमुख सुखदेव सरदार,बीडीओ साधु चरण देवगम ने फीता काट कर किया। सोमवार को पहले दिन सिर्फ एक किसान से ही धान की अधिप्राप्ति की गयी। इस दौरान क्षेत्र के किसानों से धान अधिप्राप्ति केंद्रों में ही धान की बिक्री करने की अपील की गयी। धान की खरीद पर किसानों को बोनस के साथ प्रति क्विंटल 2400 रूपये का भूगतान किया जाएगा। धान अधिप्राप्ति के तीन दिनों के भीतर में ही आधी राशि का भुगतान कर दिया जायेगा। निबंधित किसानों से धान की खरीद होगी। मौके पर बीडीओ देवगम ने सभी किसानों को बिचौलियों के पास धान नहीं बेचने का अपील किया।इस दौरान मुख्य रूप से बीसीओ निर्मल,लकड़ा, अध्यक्ष चंद्र मोहन गागराई, लुबू राम सोय, सत्येंद्र कुम्हार, मुन्ना सोय आदि उपस्थित थे।

## एनआईटी जमशेदपुर में वैज्ञानिक कंप्यूटिंग लैब का भव्य उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा एफआईएसटी योजना के तहत वित्तपोषित वैज्ञानिक कंप्यूटिंग लैब का आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) जमशेदपुर में उद्घाटन किया गया।उद्घाटन समारोह में एनआईटी जमशेदपुर के निदेशक प्रो. गौतम सूत्रधार और अन्य गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में एनआईटी जमशेदपुर के उप निदेशक प्रो. आर.वी. शर्मा, एनआईटी जमशेदपुर के उप निदेशक प्रो. आर.वी. शर्मा, डीन फैकल्टी वेलफेयर प्रो. प्रभा चंद और गणित विभाग के प्रमुख डॉ. राज नंदकेओलियर भी मौजूद थे।अपने स्वागत भाषण में डॉ. राज नंदकेओलियर ने आज की दुनिया में वैज्ञानिक कंप्यूटिंग के महत्व पर जोर दिया और परियोजना को वित्तपोषित करने के लिए डीएसटी के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रोफेसर गौतम सूत्रधार ने इस तरह की प्रयोगशाला विकसित करने के लिए धन प्राप्त करने के लिए गणित विभाग को बधाई दी और वैज्ञानिक कंप्यूटिंग के महत्व पर जोर दिया।



इस समारोह में गणित विभाग के संकाय सदस्य डॉ रजत त्रिपाठी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन उपलब्ध कराने के लिए डीएसटी, अतिथियों, संकाय सदस्यों और छात्रों को धन्यवाद दिया। वैज्ञानिक कंप्यूटिंग लैब से छात्रों और शोधकर्ताओं को वैज्ञानिक कंप्यूटिंग में अत्याधुनिक परियोजनाओं पर काम करने के लिए एक मंच प्रदान करने की उम्मीद है। वैज्ञानिक कंप्यूटिंग लैब का उद्घाटन एनआईटी जमशेदपुर के विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, और इस क्षेत्र में शैक्षणिक और अनुसंधान समुदाय पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है।

## जमशेदपुर के गोपाल मैदान में सीनियर नेशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप का शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर के गोपाल मैदान में आज झारखंड तीरंदाजी संघ के तत्वाधान में एनटीपीसी और टाटा स्टील के सहयोग से 31वीं एनटीपीसी सीनियर इंडियन राउंड, 44वीं सीनियर रिकर्व और 20वीं सीनियर कंपाउंड राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप का आज शुभारंभ हुआ। 16 से 20 दिसंबर तक चलने वाली इस टूर्नामेंट में देश भर के करीब 900 तीरंदाज शामिल होंगे। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा मुख्य ने किया, इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में टाटा स्टील के चीफ स्पोर्ट्स मुकुल विनायक चौधरी उपस्थित थे। अन्य अतिथियों में तीरंदाजी में प्रथम अर्जुन पुरस्कार विजेता कृष्ण घटक, टाटा तीरंदाजी अकादमी की मुख्य कोच और द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता पद्मश्री पूर्णिमा महतो, टाटा स्टील



के खेल-इवेंट और प्रशिक्षण केंद्र के प्रमुख विभूति ढांड अडेसरा और टाटा स्टील के खेल अकादमियों और साहसिक कार्यक्रम के प्रमुख हेमंत गुप्ता शामिल थे। उद्घाटन समारोह में एक सांस्कृतिक प्रदर्शन (छऊ नृत्य प्रदर्शन) भी शामिल था। कंपाउंड (पुरुष और महिला) इवेंट के लिए क्वालीफिकेशन राउंड आज किया गया।

## मानगो क्षेत्र में कचरा नहीं उठाने के विरोध में उतरा कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल, सरयू राय पर उठाए सवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** मानगो क्षेत्र में कचरा उठाव की समस्या को लेकर कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त कार्यालय पहुंचा और इस संबंध में उपायुक्त से शिकायत की। वहीं समस्या का हल नहीं होने पर मानगो नगर निगम के घेराव की चेतावनी दी।इस दौरान जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष नितेश मित्तल ने वर्तमान विधायक सरयू राय की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि वर्तमान विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र के प्रति बिल्कुल गंभीर नहीं है। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में जाने से पूर्व उनके द्वारा कचरा उठाव की कोई वैकल्पिक



व्यवस्था नहीं की गई। पूर्व विधायक बन्ना गुप्ता के द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र के प्रति ऐसी समस्याओं की निराकरण को लेकर हमेशा तत्परता जारी रहती थी, पर वर्तमान विधायक को क्षेत्र की गंदगी से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि सड़क किनारे गंदगी का अंबार लग रहा है लोगों का सड़क पर से जाना दूभर हो गया है। ऐसे में अगर जल्द से जल्द समस्या का समाधान नहीं हुआ तो बहुत जल्द पार्टी द्वारा एचएनएससी का घेराव कर एम एन ए सी के गेट पर ही कचरा फेंक दिया जाएगा

### नगर निगम तो बना दिया, यह नहीं सोचा कि कचरा डंप कहां होगा

## मानगो में कचरे की समस्या के लिए पूर्व मंत्री और सरकार जिम्मेदारः सरयू राय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा है कि मानगो नगर निगम में कचरा निष्पादन की समस्या झारखंड सरकार और झारखंड सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री की लापरवाही की देन है। सरकार ने मानगो को नगर निगम बना दिया, परंतु यहां के घरों से निकले वाला कचरा कहां डंप होगा, इसके बारे में कोई व्यवस्था नहीं दी। विगत 8 अप्रैल 2023 को पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त झारखंड सरकार का प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और मानगो नगर निगम ने एनजीटी के सामने शपथ पत्र दिया था कि



यथाशीघ्र वे मानगो के कचरा डंपिंग स्थल का चयन कर लेंगे और सोनारी के कचरा डंपिंग स्थल पर कचरा गिराना बंद कर उसे सुंदर बनाएंगे। इसके लिए दो करोड़ रुपये के व्यय पर निविदा निकाली गई परंतु हुआ कुछ नहीं। झारखंड सरकार और झारखंड सरकार के पूर्ववर्ती स्वास्थ्य मंत्री एनजीटी के सामने शपथ पत्र दाखिल कर सोए रहे और मानगो नगर निगम की समस्या गंभीर होती गई। यहां जारी एक बयान में श्री राय ने कहा कि वह विगत दो दिनों से मानगो नगर निगम के उप नगर आयुक्त के साथ वार्ता कर मानगो का कचरा डंपिंग के लिए वैकल्पिक स्थल चयन करने का प्रयास कर रहा हूं। जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक ने कहा कि मानगो का कचरा डंपिंग स्थल चयन के बारे में उन्होंने तीन विकल्प पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त को सुझाया।

# योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनायें : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में आहूत बैठक में मनरेगा, आवास एवं पंचायत राज विभाग से संबंधित योजनाओं में अधतन प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना- ग्रामीण, बाबा साहब भीमराव अंबेडर आवास योजना, पीएम जनमन, मनरेगा में वीर शहीद पोटो हो, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन, बिरसा हरित ग्राम तथा पंचायती राज में 15वें वित्त, ज्ञान केन्द्र, पंचायत सशक्तिकरण राशि का व्यय आदि की समीक्षा की गई। निदेशक एनईपी संतोष गर्ग, जिला पंचायती राज पदाधिकारी श्रीमती रिंकू कुमारी, बीडीओ, बीपीओ, एई, जेई बैठक में उपस्थित रहे। उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए ग्राम विकास से जुड़ी



योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। अधिक से अधिक लोगों को इनसे जोड़कर रोजगार उपलब्ध कराएं। विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में मानव दिवस द्य प्रतिदिन कम से कम 5 योजना प्रत्येक गांव में संचालित किए जाने, सभी पंचायतों में मानव बल को रोजगार उपलब्ध कराने, 2017-18 तक की पुरानी योजना को प्राथमिकता के साथ इस शुक्रवार तक एमआईएस में बंद करने का निदेश दिया गया। उपायुक्त ने आवास योजना की समीक्षा में कहा कि वैसे लाभुक जो आवास निर्माण कार्य में शिथिलता बरत रहे हैं, स्थल निरीक्षण कर प्रगति लायें। वित्तीय वर्ष 2023-24 में अबुआ आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत 8138 आवासों के विरूद्ध लंबित 71 प्रथम किस्त, लंबित 156 द्वितीय किस्त एवं लंबित 494 तृतीय किस्तों को 18.12.2024 से पूर्व भुगतान करने का निदेश सभी बीडीओ को दिया गया। अबुआ आवास योजना में पोटका में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किस्त का भुगतान सबसे ज्यादा लंबित पाया गया, जिसपर बीडीओ पोटका को शो कॉज किया गया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अबुआ आवास योजना अंतर्गत आवंटित 29934 के लक्ष्य के आलोक में अबतक केवल 23345 लाभुकों का स्वीकृति कराया गया है। जिले में अबतक कुल 78 पंचायत ज्ञान केंद्र की स्थापना की गयी है। उपायुक्त ने कहा कि ज्ञान केन्द्र में प्रतियोगी परीक्षायें की पुस्तकें भी हैं जिसका लाभ छात्र-छात्रायें उठा सकते हैं ।

## काम नहीं मिलने पर बागजांता माइंस के मजदूरों ने किया सड़क बंदी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुसाबनी :** बागजांता माइंस रेंज समूह के मजदूरों ने सोमवार द्वितीय पाली से बागजाता माइंस जानेवाले सड़क को अनिश्चितकालीन बंदी शुरू कर दिया। मजदूर यूसिल प्रबंधन के लिखित आश्वासन के बाद वादा खिलाफी से आक्रोशित हैं। मजदूरों ने बताया की विगत दिनों बागजांता माइंस के रेंज समूह के मजदूरों का कार्य विगत 8- 9 महीनों से बंद होने के कारण काम से बैठा दिया गया था। मजदूरों ने विगत दिनों काम शुरू कराने के लिए आंदोलन का रुख अख्तियार कर लिया था। मजदूरों के आंदोलन को देखते हुए यूसिल प्रबंधन ने बागजांता माइंस कार्यालय में महा- प्रबंधक (खान) मनोरंजन माहली के अध्यक्षता में 02 दिसम्बर को मजदूरों के साथ वार्ता के बाद 15 दिसंबर से मजदूरों को काम देने कि प्रबंधन द्वारा लिखित आश्वासन दिया गया था। रेंज समूह के कार्य को 15 दिसंबर तक टेंडर प्रक्रिया पूरा होने के पश्चात 16 दिसंबर से कार्य प्रारंभ होने का भरोसा दिया गया था। इस आश्वासन के आधार पर मजदूरों ने आंदोलन को स्थगित करने का निर्णय लिया। यूसिल प्रबंधन के लिखित भरोसा दिए जाने के बावजूद




अपर प्रबंधक के द्वारा मजदूरों के नाम और एक पत्र जारी करते हुए आगामी 23 दिसंबर तक कार्य प्रारंभ करने का आदेश जारी किया गया। यूसिल प्रबंधश द्वारा जारी पत्र में एक सप्ताह ओर बढ़ाए जाने देख रेंज समूह के मजदूरों भड़क गए और अपने आंदोलन को पुनः जारी करने की घोषणा करते हुए सोमवार से द्वितीय पाली से बागजांता माइंस जानेवाले सड़क को अनिश्चितकालीन बंदी कर दी। मौके पर प्रभात हांसदा,सुभाष महली, संग्राम सोरेन, लादू सोरेन, जगन्नाथ भकत, रूइदास कैबर्त, सूजन मार्डी, भादो राम हांसदा, मुची राम भकत, सहदेव कैबर्त, श्याम चरण हांसदा, राय टुडू, निवारण कैबर्त आदि मजदूर उपस्थित थे।

## रामकृष्ण मिशन की 115वीं वार्षिक आम बैठक संपन्न

**जमशेदपुर :** रामकृष्ण मिशन की 115वीं वार्षिक आम बैठक 15 दिसंबर 2024 को बेलूर मठ में आयोजित हुई, जिसमे वित्तीय वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। मिशन के महासचिव स्वामी सुवीरानंद ने रिपोर्ट जारी करते हुए कहा, मिशन को उसकी सेवाओं के लिए पश्चिम बंगाल के राज्यपाल का उत्कृष्टता पुरस्कार और अरुणाचल प्रदेश राज्य पुरस्कार प्राप्त हुए। मिशन के अंतर्गत छह और मठ के अंतर्गत तीन नए केंद्र स्थापित किए गए। शिक्षा, चिकित्सा सेवाओं और अन्य क्षेत्रों पर 1,292.03 करोड़ खर्च किए गए, जिससे भारत में 14.6 करोड़ लोगों को लाभ हुआ।

# विचार प्रवाह

संपादकीय

## 'इंडिया' तीसरे मोर्चे की ओर

**विपक्ष** के 'इंडिया' गठबंधन में अजीब विरोधाभास हैं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस पर 'इंडिया' के लगभग सभी प्रमुख घटक-दलों के नेताओं ने हस्ताक्षर किए हैं। इन दलों के करीब 70 राज्यसभा सांसद दस्तखत कर चुके हैं। यह अविश्वास प्रस्ताव 'प्रतीकात्मक' साबित होगा, क्योंकि उच्च सदन में ही कमोबेश 119 सांसदों का समर्थन अनिवार्य है। यदि राज्यसभा में प्रस्ताव पारित हो भी जाता है, तो लोकसभा में भी उसकी पुष्टि संवैधानिक तौर पर अनिवार्य है। लोकसभा में 'इंडिया' के 234 सांसद ही हैं, जबकि सामान्य बहुमत के लिए कमोबेश 272 सांसदों का समर्थन अपेक्षित है। यह 234 का आंकड़ा तभी संभव है, जब 'इंडिया' एकजुट रहे, लेकिन उसके बिखराव के कारण कई हैं। शरद पवार और लालू यादव सरीखे विपक्ष के वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं ने मांग की है कि 'इंडिया' का नेतृत्व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी को सौंपा जाए। हालांकि बंगाल के बाहर ममता बनर्जी 'राजनीतिक शून्य' हैं, लेकिन कांग्रेस-विरोधी विपक्षी नेताओं का मानना है कि यदि ममता बनर्जी राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन का नेतृत्व करती हैं, तो वह एक निश्चित विचार और रणनीति दे सकती हैं। कांग्रेस और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी यह भूमिका निभाने में नाकाम रहे हैं। राज्यसभा में भी नेता प्रतिपक्ष खडग़े कांग्रेस अध्यक्ष हैं, लेकिन कांग्रेस के दोनों ही नेता संसद के भीतर की रणनीति तय करने और समूचे विपक्ष का विश्वास हासिल करने में असमर्थ रहे हैं। उनकी रणनीति अडाणी तक ही सिमटी है। अधिकतर विपक्षी नेता अडाणी-विरोध की राजनीति के खिलाफ हैं। राहुल गांधी 2014 से ही एक ही मुद्दे से चिपके हैं। कांग्रेस लगातार तीन लोकसभा चुनाव हारी है और अधिकतर विधानसभा चुनावों में भी विपक्ष को हार झेलनी पड़ी है। इस सोच के विपक्षी नेता याद दिलाते हैं कि राजीव गांधी के प्रधानमंत्री-काल के दौरान वीपी सिंह 'बोफोर्स तोप सौदा घोटाले' को ही उठाते रहे। हालांकि तब उन्हें 'राष्ट्रीय मोर्चे' और 'वाममोर्चे' का समर्थन हासिल था। भाजपा भी समर्थन दे रही थी। उस राष्ट्रीय, राजनीतिक अभियान के बावजूद कांग्रेस लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी थी। यह दीगर है कि राजीव गांधी विपक्ष की सरकार बनाने के पक्ष में थे। नतीजतन वीपी सिंह प्रधानमंत्री बने, लेकिन उनका कार्यकाल एक साल से भी कम समय का रहा। फिर चंद्रशेखर मात्र 4 माह के प्रधानमंत्री बने। राष्ट्रपति ने उन्हें आम चुनाव तक 'कार्यवाहक प्रधानमंत्री' बनाए रखा। 'इंडिया' गठबंधन की नियति 1996 के तीसरे मोर्चे (संयुक्त मोर्चा) की ओर बढ़ती लग रही है। हालांकि उस दौर के देवगौड़ा, नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू, देवीलाल (अब चौटाला का विभाजित परिवार), प्रकाश सिंह बादल (अब दिवंगत) सरीखे कद्दावर नेताओं के दल या तो भाजपा नेतृत्व के एनडीए में हैं अथवा राजनीतिक तौर पर अप्रासंगिक हो चुके हैं। 1996 के दौर में ही जो ताकत वाममोर्चे की थी, वह आज क्षीण हो रही है। बंगाल के दुर्ग पर मई, 2011 से ममता बनर्जी का संवैधानिक कब्जा है। तीसरे मोर्चे की संभावनाएं इसलिए जताई जा रही हैं, क्योंकि 'इंडिया' में सपा, तृणमूल कांग्रेस, राजद, एनसीपी (शरद), शिवसेना (उद्धव) आदि घटक दल 'कांग्रेसहीन राजनीति' के पक्षधर हैं अथवा बनते जा रहे हैं। आम आदमी पार्टी (आप) भी कांग्रेस-विरोधी मानसिकता में है। दिल्ली में विधानसभा चुनाव करीब ही हैं। 'आप' और कांग्रेस दोनों एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ेंगी। यह कैसा गठबंधन है कि 'एम' फैक्टर की राजनीति के लिए एकजुट होने का ढोंग और शेष राजनीति के लिए अलग-थलग... ? कांग्रेस के साथ द्रमुक ही प्रमुख पार्टी है। सीपीआई, सीपीएम कांग्रेस के साथ भी हैं, लेकिन केरल जैसे राज्य में उसके 'प्रतिद्वंद्वी दल' भी हैं। बहरहाल इंडिया गठबंधन में मतैक्य की जरूरत है।

> उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस पर 'इंडिया' के लगभग सभी प्रमुख घटक-दलों के नेताओं ने हस्ताक्षर किए हैं। इन दलों के करीब 70 राज्यसभा सांसद दस्तखत कर चुके हैं। यह अविश्वास प्रस्ताव 'प्रतीकात्मक' साबित होगा, क्योंकि उच्च सदन में ही कमोबेश 119 सांसदों का समर्थन अनिवार्य है। यदि राज्यसभा में प्रस्ताव पारित हो भी जाता है, तो लोकसभा में भी उसकी पुष्टि संवैधानिक तौर पर अनिवार्य है। लोकसभा में 'इंडिया' के 234 सांसद ही हैं, जबकि सामान्य बहुमत के लिए कमोबेश 272 सांसदों का समर्थन अपेक्षित है। यह 234 का आंकड़ा तभी संभव है, जब 'इंडिया' एकजुट रहे, लेकिन उसके बिखराव के कारण कई हैं। शरद पवार और लालू यादव सरीखे विपक्ष के वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं ने मांग की है कि 'इंडिया' का नेतृत्व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस की अध्यक्ष ममता बनर्जी को सौंपा जाए।

### भारत को भी आतंकवादी ताकतें उसी तरह से नष्ट कर देंगी जैसे उदाहरण इस्लामिक देशों में भरे पड़े हैं

## बहुमत की इच्छा से आखिर क्यों नहीं चलेगा देश? कोई समझाएगा जनमानस को!

कमलेश पांडेय

> मुगलिया सल्तनत से लेकर ब्रिटिश साम्राज्य का हश्र हमारे-आपके सामने है। वहीं, एक बार नहीं बल्कि कई दफे हुआ पारिवारिक लोकतांत्रिक सत्ता का पतन भी आप सबके सामने हैं जबकि इसको यथावत बनाए रखने के लिए कथित धर्मनिरपेक्षता व जातिवाद की आड़ लेकर क्रमश: अल्पसंख्यक और आरक्षण जैसे पक्षपाती विचारों का भी पालन-पोषण किया गया तथा तुष्टिकरण की नीतियों तक को बेहिसाब बढ़ावा दिया गया।

**कहते** हैं कि जो राजा या शासन पद्धति जनभावनाओं को नहीं समझ पाते हैं, रणनीतिक रूप से अकस्मात गोलबंद किए हुए उग्र लोगों के द्वारा नष्ट कर दिए जाते हैं। मुगलिया सल्तनत से लेकर ब्रिटिश साम्राज्य का हश्र हमारे-आपके सामने है। वहीं, एक बार नहीं बल्कि कई दफे हुआ पारिवारिक लोकतांत्रिक सत्ता का पतन भी आप सबके सामने हैं जबकि इसको यथावत बनाए रखने के लिए कथित धर्मनिरपेक्षता व जातिवाद की आड़ लेकर क्रमशः अल्पसंख्यक और आरक्षण जैसे पक्षपाती विचारों का भी पालन-पोषण किया गया तथा तुष्टिकरण की नीतियों तक को बेहिसाब बढ़ावा दिया गया। फिर भी हश्र सबके सामने है। वैश्विक और भारतीय परिस्थिति भी अब इस बात की चुगली कर रही है कि इन्हें शह देने वाले संविधानों व उस पर आधारित कुछ अतिवादी कानूनों का भी देर-सबेर कुछ यही हश्र होने वाला है, आज नहीं तो निश्चय कल ! साथ ही उस बनावटी लोकतंत्र का भी जो पूंजीवादी देशों की रखैल बन चुकी है क्योंकि वे इसका मनमाफिक दुरुपयोग कर रहे हैं। ऐसे में हमारी संसद और सर्वोच्च न्यायालय दोनों को दूरदर्शिता दिखानी होगी, और पाकिस्तान-बंगलादेश समेत अन्य इस्लामिक देशों के बदलते प्रशासनिक घटनाक्रमों से सबक लेना होगा अन्यथा भारत को भी आतंकवादी ताकतें उसी तरह से नष्ट कर देंगी जैसे उदाहरण इस्लामिक देशों में भरे पड़े हैं। अलबत्ता इलाहाबाद हाईकोर्ट के 'हिंदूवादी जज' जस्टिस शेखर कुमार यादव के 'बहुमत से चलेगा देश' जैसे स्पष्टवादी बयान को भी उपर्युक्त नसीहतों की कसौटी पर ही कसा जाना चाहिए अन्यथा संसद और सुप्रीम कोर्ट की 'मनमर्जी' (षडयंत्रकारी धर्मनिरपेक्षता/पंथनिरपेक्षता के संदर्भ में) भारत को भी 'अशांत इस्लामिक मुल्क' बना देगी जो हमारे कतिपय धर्मनिरपेक्ष दलों का अघोषित सियासी एजेंडा है जिससे समय रहते ही सावधान हो जाने की जरूरत है। यदि भारत के विद्वान न्यायाधीश, अधिवक्ता, प्रोफेसर, राजनेता,



पत्रकार और बुद्धिजीवियों के समूह इस तथ्य को अब और नजरअंदाज करेंगे तो अशांत मुल्क के रूप में अगला नम्बर हमारे देश का ही होगा जिसके ट्रेलर मोदी काल में जहां तहां विपक्ष के इशारे पर दिखाई भी दे रहे हैं। देखा जाए तो विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के एक बौद्धिक व राष्ट्रवादी प्रोग्राम 'समान नागरिक संहिताः एक संवैधानिक अनिवार्यता' विषय पर इलाहाबाद हाईकोर्ट के 'हिंदूवादी जज' जस्टिस शेखर कुमार यादव के द्वारा दिए गए 'विवादित बयान' पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा संज्ञान लिया जाना उचित है लेकिन इसकी सांगोपांग व्याख्या से पहले वह अपने पड़ोसी देशों के हश्र भी देख ले, जहां भारत को कमजोर करने वाले अमेरिकी और चीनी एजेंडे के अनुगामियों ने, उग्रपंथियों ने वहां की धर्मनिरपेक्ष सरकारों को अपदस्थ कर दिया और हिंदुओं पर नाना प्रकार के जुल्म कर रहे हैं। उनकी घटती आबादी इसका सबूत है। जबकि भारत की उदारवादी संसदीय नीतियों और उनकी सुप्रीम व्याख्या की अदूरदर्शिता से यहां की जनसंख्या बेतहाशा बढ़ी है, बेरोजगारी और भरण-पोषण का संकट उतपन्न हुआ है और कानून के उस शासन को भी अब कथित 'भीड़तंत्र" के द्वारा जगह-जगह चुनौती मिल रही है। इस सूरते हाल पर हमारी संसद और सुप्रीम कोर्ट की किंकर्तव्यविमूढ़ता भी जनहित के नजरिए से सवालों के घेरे में है, क्योंकि शांतिपूर्ण तरीके से जीना अब इस देश में भी मुहाल होता जा रहा है, इस्लामिक देशों की तरह। ऐसा इसलिए कि दुनिया की दूसरे सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी भारत में रहती है और इन्हें शिक्षित करने और उग्रपंथी विचारों से अलग रखने में हमारा प्रशासन बुरी तरह से विफल प्रतीत हुआ है। कश्मीर, पश्चिम बंगाल, केरल के अलावा जहां भी मुस्लिमों की ज्यादा आबादी है, वहां पुलिस प्रशासन की चुनौतियों को भी समझा जा सकता है। यह बात आज देश के हर बुद्धिजीवी को अखड़ रही है कि आखिर वोट बैंक की धर्मनिरपेक्ष राजनीति हमें किधर ले जा रही है और इसमें बदलाव के लिए क्या किया जा सकता है ! कहना न होगा कि हमारे निर्वाचित नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों व न्यायाधीशों की तरह ही स्पष्टवादी बुद्धिजीवियों के भी कुछ विशेषाधिकार हैं जो अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से संरक्षित हैं और जनमत निर्माण में यथोचित योगदान देते आए हैं, इसलिए जस्टिस यादव के विचारों को भी हमें इसी कसौटी पर कसने की जरूरत है क्योंकि उन्होंने अपने सम्बोधन के क्रम में ही यह साफ कर दिया था कि ये बातें वे जज की हैसियत से नहीं बल्कि एक आम प्रबुद्ध भारतीय की हैसियत से कह रहे हैं और इस पर अडिग रहने की जरूरत है। वर्तमान में शेखर कुमार यादव इलाहाबाद हाईकोर्ट में न्यायाधीश हैं। इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से 1988 में लॉ ग्रेजुएट शेखर कुमार यादव ने 1990 में वकील के रूप में अपना रजिस्ट्रेशन कराया था। उन्हें 12 दिसंबर, 2019 को इलाहाबाद हाईकोर्ट के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था। 26 मार्च, 2021 को उन्होंने स्थायी न्यायाधीश के रूप में शपथ ली थी। अपनी पदोन्नति से पहले उत्तर प्रदेश राज्य के स्थायी वकील रहे। भारत संघ के लिए अतिरिक्त स्थायी वकील रहे। यूपी की अदालतों में रेलवे के लिए स्थायी वकील का पद संभाला था। जस्टिस शेखर यादव 2026 में रिटायर होंगे। गत 1 सितंबर, 2021 को जस्टिस शेखर कुमार यादव ने कहा था कि वैज्ञानिकों का मानना है कि गाय ही एकमात्र जानवर है जो ऑक्सीजन छोड़ती है।

दृश्टि कोण

## श्रेष्ठ गुणों से जीवन का शृंगार करें

**मनुष्य** की जिंदगी में उतार-चढ़ाव और बदलाव आते रहते हैं। इसलिए हमारे अंदर कभी भी एक जैसा जोश अथवा स्थिरता नहीं रहती है। अतएव प्रत्येक मानव के लिए जरूरी है कि वह हमेशा जोशीले, मानसिक रूप से सुदृढ़, प्रबल एवं हौसले वाला बना रहे और इसके लिए आवश्यक है कि हम हमेशा मोटिवेटेड रहें और सदैव सकारात्मक सोच रखते हुए जीवन में आगे बढ़ते रहें। हमारे लिए आवश्यक है कि हम अपने आपको अध्ययनशील बनाएं। जोसेफ एडिसन के अनुसार, अध्ययन हमें आनंद प्रदान करता है और योग्य बनाकर अलंकृत करता है। मस्तिष्क की उन्नति के लिए अध्ययन उतना ही आवश्यक है जितना शरीर के लिए व्यायाम करना। वैसे भी आज की पीढ़ी को बदलने की जरूरत है क्योंकि आज का जमाना तेजी और निरंतरता का जमाना है। हमें जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित करके सफलता प्राप्त करने हेतु प्रयत्नरत रहना होगा। यदि हमें अपने जीवन में बदलाव लाना है तो हमें उन लोगों की संगत करनी पड़ेगी जिनके विचार उत्तम हों और इसके लिए हमें एक अच्छे गुरु और मार्गदर्शक की आवश्यकता रहती है। विचारों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। जैसी संगत वैसी रंगत वाली बात हम सबने सुनी हुई है। इसलिए सदैव श्रेष्ठ संगति में रहें। महापुरुषों यथा स्वामी विवेकानंद, महात्मा गांधी और अब्राहम लिंकन सरीखी विभूतियों के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करें और तदनुरूप आचरण करें। जहां तक सीखने का सवाल है तो सीखना एक जीवनपर्यंत चलने वाली प्रक्रिया है। मानवीय स्वभाव और जीवन में प्रेम, दया, करुणा और सकारात्मक सोच उसके उज्ज्वल पक्ष को उद्घाटित करते हैं तो वहीं यही सुंदर गुण मानव समाज को एक डोर, एक सूत्र में बांधते हैं और समाज को भयमुक्त एवं आपसी सामंजस्य के साथ जीवन जीने की परिस्थितियों का निर्माण करते हैं। मनुष्य ईश्वर की बनाई हुई सर्वश्रेष्ठ कृति है और भगवान को स्वयं मानव जीवन की खुशियों का आनंद लेने के लिए मनुष्य के रूप में अवतरित होना पड़ता है। यदि मानवीय स्वभाव से दयालुता, उदारता, प्रेम, स्नेह, खुशी, आनंद, कृतज्ञता, हंसी-मजाक और निस्वार्थ भावना को रुखसत कर दें तो फिर प्राणीमात्र में बचा ही क्या? सकारात्मकता का भाव और चैतन्यता हमारे भीतर मानवता के प्रति भलाई और दूसरों की पीड़ा के प्रति हमारी सार्थक सोच को उजागर करती है। लिहाजा हमें हमारे भीतर दूसरों के प्रति दोस्तानापन, विनम्रता, शिष्टाचार, भद्रता और दयालुता की भावना को मजबूती से अपनी आदत का हिस्सा बनाना चाहिए। जब भी हम अपने समाज के कुछ लोगों को दूसरों की समस्याओं, परेशानियों के प्रति चिंतित होकर कुछ सकारात्मक करते देखते हैं तो उनके सकारात्मक कृत्यों से हम भी अनुप्रेरित होते हैं और इससे समाज में अपनेपन का एक स्वस्थ संदेश जाता है और यही अच्छाईयां हमारे परिवेश एवं सृष्टि को रहने योग्य सुंदर जगह बनाती हैं। संत गुरु कबीरजी कह भी गए हैं कि-

नमन खमन अरु दीनता, सबका आदर भाव।
कहे कबीर वही बड़ा, जाका बड़ा स्वभाव।।

अर्थात विनम्रता, क्षमाशीलता, दयालुता और सभी का आदर करने का गुण, ये सभी बड़े स्वभाव वालों के आभूषण होते हैं और ऐसे बड़े स्वभाव वाले व्यक्ति ही वास्तव में बड़े होते हैं। वहीं हमें अपने जीवन में आध्यात्मिक पक्ष को और उज्ज्वल बनाने एवं ईश्वरीय प्रेरणा से सामाजिक कार्यों के लिए अपने आपको समर्पित करने की जरूरत भी रहती है। हमें हमेशा मोटिवेट रहते हुए सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढने के लिए कुछ मंत्रों एवं सूत्रों को अपनाने की आवश्यकता रहती है। जीवन में अपनी क्षमता के अनुसार लक्ष्य तय करने, एकाग्रता, मेहनत, लगन, धैर्य, सकारात्मकता, ज्ञान प्राप्ति द्वारा तैयारी करना, हार न मानना और निरंतरता जैसी आदतों को अपनाकर हम कामयाब हो सकते हैं। हमें हमेशा खुश रहना सीखना चाहिए और छोटी-बड़ी खुशियों का जश्न मनाते रहना चाहिए। आपमें से अनेक ने बहुधा इस दोहे का श्रवण किया होगा-

**करत करत अभ्यास के जड़मति होत सुजान।**
**रसरी आवत जात ते सिल पर करत निशान॥**

इस दोहे का भावार्थ यह है कि निरंतर अभ्यास करने से एक मूर्ख आदमी भी बुद्धिमान बन सकता है। जिस तरह कुएं की मुंडेर पर बार-बार रस्सी के घिसने से उस पर निशान पड़ जाते हैं, ठीक उसी तरह यदि इनसान हिम्मत हारे बिना निरंतर कार्य करने की कोशिश करता रहे तो एक न एक दिन वह अवश्य ही सफल हो जाता है। इसके लिए आवश्यक है कि हम अपने कार्यों में निरंतरता बनाए रखें। नियमित रूप से कार्य करते रहें और निरंतर आगे बढ़ते रहें।

**पानी है गर मंजिल तो, सपनों में जान लाईए**
**बुझे हुए से अपने मन में, नए अरमान लाईये।**
**पंख लगाकर ऊंचे नभ में पक्षी भी उड़ जाते हैं**
**बिना पंख के नभ छू लें, ऐसी पहचान लाईये।**

जीवन में कई बार परिस्थितिवश रुकावटें आ जाती हैं तो भी हमें धैर्य नहीं खोना चाहिए और अपने लक्ष्य को सामने रखकर अभ्यास में जुटे रहना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि मानव मस्तिष्क जिस बात पर विश्वास करता है, सोचता है और महसूस करता है उसे अपने सामर्थ्य से हासिल भी कर लेता है। इस सृष्टि में कुछ भी असंभव नहीं है, हम वह सब कर सकते हैं जो हम सोच सकते हैं और जो हम सोच सकते हैं उसे हासिल भी कर सकते हैं। इसलिए तमाम अवरोधों को दरकिनार करते हुए हमें सदैव अपने जीवन का शृंगार करते हुए इसे उत्सव का स्वरूप प्रदान करना चाहिए। किसी शायर ने क्या खूब लिखा है- यह जीवन एक उत्सव है मनाकर तो देखो।

कुछ अलग

## बिना पंखों की उड़ान

**तत्ववेत्ता** कहते हैं कि अपने अंदर एक शहर ही नहीं, पूरा ब्रह्मांड खुलता महसूस करो। जब से मुल्क के मसीहाओं ने हमारी नौकरी, रोटी और राहत भरे भविष्य की चिंता छोड़ कर हमें ऐसे तत्व चिंतन से जीवन जीने का संदेश देना शुरू किया है, हमने भी रुख बदल कर पलायन में राहत तलाश शुरू कर दी है। शुरू से सुनते आए थे कि रोटी, रोजी दे न सके, वह सरकार निकम्मी है। जो सरकार निकम्मी है वह सरकार बदलनी है। अब बदलने की तो बात ही न कीजिए। आजकल तो बदलने की बात गुनाह है, जिसे देखो वही उम्र भर का सामना करता नजर आता है। पल की खबर नहीं, इसके बारे में न कोई सोचता है, न कोई महसूस करता है। जो एक बार चुनाव जीत जाता है, उसका सपना अपनी गद्दी पर फैवीकोल हो जाने का हो जाता है। अचानक उसके अंदर समाज से अधिक परिवार का दायित्व जाग जाता है। जब तक जियें अपने लिए गद्दी सुरक्षित रखें, उसके बाद बेटे-बेटियां ही नहीं, नाती-पोते भी तो हमारी जिम्मेदारी है। अपने अंदर जो ब्रह्मांड नेता जी खुलता महसूस करते हैं, वह उनके घर के दालान से ही उन्हें खुलता नजर आता है। उन्हें लगता है कि यह निर्विवाद सत्य है कि गऱीब के बेटे को गरीब और मजदूर के बेटे को मजदूर रहना है, इसी प्रकार राजा के बेटे को राजा, और नेता के बेटे को नेता रहना है। अब राजे-रजवाड़े तो रहे नहीं, इसलिए वजीरी के सर्वाहितकार इन घरानों में सुरक्षित रहने चाहिए। हम समाजवाद का जितना चाहे राग अलाप लें, राजाओं के घर कभी रंक पैदा नहीं होते। राजपथ अगर उनकी अभीष्ट सडक़ है, तो इस सडक़ को जाने वाली सत्तावन गलियां उनके राजप्रसादनुमा भव्य भवन से ही शुरू होती हैं। देश की 130 करोड़ जनता के लिए एक बरस का जो बजट सरकार बनाती है, उसके बराबर तो देश के एक प्रतिशत की धन-सम्पदा है। ऐसे लोगों को पीढ़ी दर पीढ़ी प्रणाम करके उनकी शोभायात्रा निकालना ही उस 99 प्रतिशत का परम धर्म है। इसी को इस देश में लोकतंत्र की पहचान कहते हैं। यही वह लोकतंत्र है जिसे इस देश का हर आदमी अपने अंदर पिछली पौन सदी से जीता महसूस कर रहा है। सपनों का एक शहर है जो नेता लोग अपने घोषणापत्रों से, भाषणों से उसके अंदर जिंदा करते हैं। इस शहर में न जाने कितने खुल जा सिम-सिम हैं जो उसके अंदर वोट डालने के दिनों में खुल जाते हैं। चार दिन की चांदनी के रूप में न जाने कितने जादुई चिराग हैं जो मीरे कारवां अपनी शोभायात्राओं से उनके अंदर बांट जाते हैं। लीजिये चार दिन चांदनी के गुजर गए, अब फिर अंधेरी रात पसर गई। अब जितना चाहे 'खुल जा सिम-सिम' कह लो, मंजिल तक ले जाने वाली कोई अंधेरी सुरंग उनके लिए नहीं खुलती। जिंदगी में गढ़ा खजाना मिलने की बात उन्हें कैसे कहें, जो पिछली पौनी सदी में कूड़े के डम्प भी अपनी जिंदगी से हटा नहीं पाए। बल्कि अब तो वह डम्प उनकी जिंदगी के पिछवाड़े से सरकर उनकी ड्योढ़ी तक आ गए। उम्मीद थी कि इन सब दिनों में उनकी जिंदगी में तरक्की के सिंहद्वार खुल जाएंगे, लेकिन यह द्वार किसी भूलभलैया में खो गए और रिश्वतखोरी से लेकर दलाली तक को कानूनसम्मत बनाने की मांग होने लगी। जो रास्ते अगली मंजिलों की ओर जाने चाहिए थे, वे अपने अतीत में किस गरिमा की तलाश करने लगे। देश का इतना गरिमापूर्ण अतीत है जनाब कि आज के सुपरसोनिक जैट विमान हमें अपने अतीत के उडऩखटोले नजर आते हैं, जिनमें देव और दानव समान रूप से विचरण करते थे। आज मौत के हरकारे तुम्हें परमाणु बमों और निर्देशित मिसाइल में नजर आते हैं, लेकिन अतीत के महायुद्धों के वीर योद्धाओं के मंत्र सिद्ध आग्नेय बाणों को कैसे भूल गए? क्या नहीं रहा जो भारत जैसी अतीत धनी इस पुण्य धरा पर नहीं था। आओ क्यों न इसका प्रशस्ति गायन करें।

देश दुनीया से

## न्यायिक सुधारों के दीर्घकालीन प्रभावों के यक्ष प्रश्न

**भारतीय** न्याय संहिता (बीएनएस), भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के लागू होने के बाद से देश भर में इन नए कानूनों को लेकर विभिन्न तरह की प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। ये नये कानून भारतीय कानूनी प्रणाली के आधुनिकीकरण और सरलीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। ब्रिटिश काल के पुराने कानूनों को बदलकर, ये नए कानून देश की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप हैं और न्याय व्यवस्था में तेजी लाने, लंबित मामलों को जल्दी निपटाने में मदद करेंगे। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में अपराधों की जांच और मुकदमों को तय समय सीमा में निपटाने की व्यवस्था है, जिससे न्याय में देरी नहीं होगी। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए मजबूत प्रावधान किए गए हैं, जिससे सुरक्षा की भावना बढ़ी है और अपराधों पर नियंत्रण की उम्मीद है। इन कानूनों के माध्यम से सरकार कानून का शासन स्थापित करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने का संकल्प दोहरा रही है। कई लोग मानते हैं कि ये कानून देश के आर्थिक विकास को बढ़ावा देंगे, क्योंकि ये निवेशकों के लिए एक अनुकूल वातावरण तैयार करेंगे। इन कानूनों में तकनीकी बदलाव किए गए हैं, जैसे इलेक्ट्रॉनिक सबूतों को स्वीकार करना, जो जांच प्रक्रिया को अधिक कुशल और प्रभावी बनाता है। कुछ लोगों का मानना है कि इन नए कानूनों में कई जगह अस्पष्टताएं हैं। मानवाधिकार कार्यकर्ता भी चिंतित हैं कि इन कानूनों का इस्तेमाल मौलिक अधिकारों का हनन करने के लिए किया जा सकता है। कुछ विपक्षी दलों और कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि इन कानूनों को बनाने में पर्याप्त चर्चा और विचार-विमर्श नहीं किया गया है। कुछ का मानना है कि इन कानूनों के तहत सरकार को बहुत अधिक शक्तियां दे दी गई हैं, जिसका दुरुपयोग हो सकता है। कई विपक्षी दल और नागरिक समाज संगठन इन कानूनों को लोकतंत्र के लिए चुनौती मानते हैं, यह चिंता जताते हुए कि ये कानून सरकार को विरोधियों को दबाने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अतिक्रमण का एक उपकरण प्रदान कर सकते हैं। कानूनों में अस्पष्ट और व्यापक शब्दों के प्रयोग से इनके दुरुपयोग का डर है, जैसे कि 'देशद्रोह' के दायरे को लेकर उठे सवाल। विपक्ष का आरोप है कि इन कानूनों को संसद में बिना पर्याप्त चर्चा और बहस के जल्दबाजी में पारित किया गया। उनका कहना है कि ये कानून व्यक्तिगत स्वतंत्रता और अधिकारों का उल्लंघन करते हैं, विशेषकर गिरफ्तारी और हिरासत से संबंधित प्रावधानों को



लेकर चिंता जताई गई है। कुछ लोगों का मानना है कि ये कानून पुलिस को अधिक शक्तियां देंगे, जिससे नागरिकों का दमन बढ़ सकता है। विद्वानों के अनुसार, ये कानून न्यायपालिका की स्वतंत्रता के लिए चुनौती हो सकते हैं। अल्पसंख्यक समुदाय और विपक्षी दलों का आरोप है कि ये कानून विशेष रूप से उनके लिए चिंताजनक स्थितियां उत्पन्न करते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इन कानूनों को लागू करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा और मानव संसाधन अभी भी पर्याप्त नहीं हैं। लोग चिंतित हैं कि इन कानूनों का गलत इस्तेमाल हो सकता है और अधिकारों का हनन हो सकता है। कुछ लोग नए कानूनों का स्वागत कर रहे हैं, जबकि कुछ को संदेह है। कई का मानना है कि इन कानूनों के प्रभाव का सही आकलन करने में समय लगेगा। तर्क देते हैं कि ये कानून देश में कानून व्यवस्था को मजबूत करेंगे, अपराधों पर अंकुश लगाएंगे और न्यायपालिका को अधिक प्रभावी बनाएंगे। वकीलों का एक वर्ग इन कानूनों का विरोध कर रहा है क्योंकि उन्हें लगता है कि ये कानून न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कमजोर करेंगे। नागरिक समाज के कई संगठन इन कानूनों का विरोध कर रहे हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि ये कानून लोकतंत्र के मूल्यों के खिलाफ हैं। नए कानून में राजद्रोह के दायरे को लेकर कई सवाल उठे हैं। विपक्ष का तर्क है कि यह प्रावधान सरकार के आलोचकों को निशाना बनाने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। जमानत मिलने के मानदंडों को लेकर भी कई सवाल उठे हैं। पुलिसिया हिरासत के दौरान लोगों के अधिकारों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं व्यक्त की गई हैं। नए कानून में डिजिटल निगरानी के प्रावधानों को लेकर भी चिंताएं व्यक्त की गई हैं। कुछ का मानना है कि ये नए कानून काफी जटिल हैं और आम लोगों को इन्हें समझने में मुश्किल होगी। अदालतें इन कानूनों की व्याख्या कैसे करती हैं, और कानून प्रवर्तन एजेंसियां इन कानूनों को किस तरह से लागू करती हैं, यह भी एक महत्वपूर्ण कारक होगा। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में हुए बदलावों को लेकर जनता की प्रतिक्रियाएं विविध हैं। इन कानूनों के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पहलू हैं। इन कानूनों के दीर्घकालिक प्रभाव का आकलन करने के लिए अभी और समय की आवश्यकता है। देखना बाकी है कि ये कानून जमीनी स्तर पर कैसे लागू किए जाते हैं और उनका आम नागरिकों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि कानून एक जीवंत दस्तावेज है और समय के साथ इसमें बदलाव होते रहते हैं।

आप का नजरीया

## सुक्खू की कलम से दो साल

**माहौल** में मुफ्त की वर्जनाएं खामोश रहीं, क्योंकि सामने गारंटियों और वादों की इबारत में सरकार के दो साल का सफर था। सफर आगे बढ़ा तो मंच से कदमताल करती योजनाएं प्रफुल्लित-प्रोत्साहित होकर निकलीं और सज धज के समारोह के पंडाल ने हर संभव लुभाने का प्रयास किया। राजीव गांधी स्टार्ट अप की गाड़ी पर सवार रोजगार दिखाई दिया, तो किसान के खेत से मक्की का आटा निकल कर हिमाचल की प्राकृतिक खेती का शृंगार कर गया। किसान के घर का दूध अपनी कीमत के नए सफर पर निकला, तो गोबर से बनी खाद को आत्मनिर्भरता के तराजू में तौला गया। सुक्खू सरकार ने अपने रिपोर्ट कार्ड में सुर्खियां बटोरी हैं, तो व्यवस्था परिवर्तन की लौ जला कर आत्मनिर्भरता के रास्तों पर मुस्तैद हुई, लेकिन सियासत के खंभों पर पक्ष और विपक्ष के बीच हिमाचल की अपनी व्यथा का हाल उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री सुना गए। वहां नेता प्रतिपक्ष जयराम के नेतृत्व में विपक्ष ने बिलासपुर के सुखद एहसास का राजभवन पहुंच कर अट्टहास किया। आरोपों के छिलकों पर गिरता माहौल हिमाचल के छलनी कंधों को देख रहा है। ये कंधे घायल हैं, क्योंकि उधार की ठोकरें, केंद्र सरकार की उदासीनता और गारंटियों में वित्तीय व्यवस्था के समझौते कहीं तो दामन में चोट खाए ढोंग कर रहे हैं। कुछ पीड़ाजनक-कुछ लज्जाजनक अध्याय हिमाचल की राजनीति से चस्पां हैं। अतीत की मंशा में कांग्रेस सरकार को अस्थिर करने के आरोपों से भाजपा बच नहीं सकती, क्योंकि कई घड़े फूटे हैं तेरे आंगन में, तब कहीं जाकर यह घास नम हुई। जाहिर है इस साल के जश्न की मुलाकात में सरकार का सशक्त चेहरा मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू के साहस और उनके एहसास की छाती बुलंद कर रहा है। वह सरकार के निर्णायक पथ पर अपने संबल से योजनाएं लिख रहे हैं और यहां उनके विजन की पेशकश में हिमाचल के भविष्य का मसौदा बन रहा है। योजनाएं किसान के घर से उसके चूल्हे तक, बेरोजगारी से स्वरोजगार के चूल्हे तक, अनाथ बच्चों के पालन पोषण और निराश्रित महिलाओं के स्वाभिमान तक आश्वासन से परिपूर्ण हैं। सरकार ने बड़ी शिद्दत से अपने दो सालों के सफर को पेश किया है, लेकिन अब गोबर सने हाथों से शिमला की फाइलों से फिजूलखर्ची हटानी होगी। प्रदेश की मौजूदा वित्तीय स्थिति से 2032 तक आत्मनिर्भरता के डग भरने का संकल्प नए निवेश, विनिवेश, प्रशासनिक-आर्थिक सुधारों के अलावा सामाजिक व सांस्कृतिक समर्थन से ही पूरा होगा। सरकार चल रही है, लेकिन अलग अंदाज से चलने के लिए नई धूप और नई छांव तैयार करनी होगी। कई घाटे के सार्वजनिक उपक्रमों की छत हिमाचल की धूप-हिमाचल की आभा को रोक रही है। आधे रास्तों पर खड़ी हो रही सरकारी बसें, प्रदेश की आत्मनिर्भरता के सफर पर रोड़े अटका रही हैं, तो असफल विभागीय कौशल को चेतनावस्था में लाना होगा। बहरहाल दो साल के सफर की कहानी का मंचन मुख्यमंत्री की इच्छाशक्ति को घर और घर से बाहर पूर्ण विश्वास के साथ पेश कर रहा है। सरकार ग्रीन राज्य की तस्वीर में पुष्ट होना चाहती है। सरकार पर्यटन राज्य की तासीर में आगे बढना चाहती है।

## जिला सहकारी विकास समिति तथा संयुक्त कार्यकारणी समिति की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित अपर समाहर्ता कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में जिला सहकारी विकास समिति तथा संयुक्त कार्यकारणी समिति की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी लोकनाथ महतो द्वारा बताया गया कि अब तक नेशनल कॉपरेटिव डेटा बेस में 302 समितियों की प्रविष्टि की गई है।इस संदर्भ में अपर समाहर्ता ने कहा डाटा को अद्यतन करते रहना है। उन्होंने जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिला अंतर्गत गोदाम विहिन पैक्सों में गोदाम निर्माण हेतु समितियों से प्रस्ताव प्राप्त कर भूमि उपलब्धता हेतु अपर समाहर्ता के स्तर से पत्र निर्गत कराएं। आगे उन्होंने कहा जिला अंतर्गत वैसे क्षेत्र जहां दुधारू पशुओं का वितरण किया गया है तथा झारखंड मिल्क फेडरेशन का मिल्क पुलिंग प्वाइंट है वहां दुग्ध सहकारी समितियों का निबंधन कराएं। साथ ही उन्होंने कहा वैसे पंचायत, ग्राम अथवा जलाशय जहां मत्स्य सहकारी समितियों गठित नहीं हैं वहां जिला मत्स्य पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर मत्स्य सहकारी समितियों का निबंधन कराएं। कंप्यूटराइजेशन ऑफ पैक्स योजना अंतर्गत 15 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त पैक्सों को शत प्रतिशत उर्वरक लाइसेंस प्रदान कराते हुए उसे प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र के रूप में विकसित करें। राष्ट्रीय स्तर पर गठित समितियों का सदस्य पैक्सों को बनाया जाय ताकि लाभ चतरा जिला के समितियों को भी प्राप्त हो सके। बैठक में जिला पशुपालन पदाधिकारी, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, जिला गव्य पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## अनियंत्रित चार पहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त, दो की मौत, दो घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना के अंतर्गत पांडेमहुआ चौक से 50 मी आगे एक चार पहिया वाहन अनियंत्रित हो कार आम के पेड़ में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे चार पहिया वाहन में सवार चार लोगों में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वही दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। रागिरो के तत्परता से एंबुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए सदर अस्पताल चतरा ले जाया गया।जहां डॉक्टरों ने दो को मृत घोषित कर दिया। मृत लोगों में लावालौंग प्रखंड के हेडुम पंचायत के कोची गांव निवासी महेश साव का पुत्र राजाराम केसरी व प्रसाद सिंह का पुत्र रोहित गंझू है। जबकि दो घायलों में रुपेश और अमित हैं। घटना बीते रविवार की देर रात करीब 11:00 की है। बताया गया कि लावलौंग से कार में सवार होकर शादी समारोह में तिलैया कोडरमा से वापस या रहे थे। इसी क्रम में अनियंत्रित होकर पांडेय महुआ मोड़ के समीप पेड़ में जोरदार टक्कर मार दिया।

## टंडवा में एच एन फैक्ट्री का हुआ उद्घाटन



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** औद्योगिक नगरी टंडवा के कारोबारियों को कैरी बैग के लिए अब बड़े शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। टंडवा के झंडा चौक में एच एन इंडस्ट्री का उद्घाटन सिमरिया के पूर्व विधायक किसुन कुमार दास ने किया। इस प्लांट से कैरी बैग का निर्माण किया जा रहा है। इंडस्ट्री के मालिक विवेक कुमार ने बताया कि डिमांड के अनुसार कलर फुल बैग का उत्पादन किया जायेगा। इस योजना पर 50 लाख खर्च किये गये है। इसकी आपूर्ति चतरा और हजारीबाग जिले में किया जायेगा। इधर पूर्व विधायक ने मशीन चला कर उत्पादन का आगाज किया। इसके पूर्व विधिवत पूजा अर्चना की गयी। इस मौके पर अजीत सिन्हा ,जितेन्द्र सिन्हा समेत अन्य शामिल थे।

## वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के लिए परीक्षा केंद्रों एवं मूल्यांकन केंद्रों के चयन से संबंधित बैठक



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में डीसी रमेश घोलप की अध्यक्षता में वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 के लिए परीक्षा केंद्रों एवं मूल्यांकन केंद्रों के चयन से संबंधित बैठक की गई।मैट्रिक वार्षिक परीक्षा के लिए संभावित परीक्षार्थी 19071 छात्र-छात्रायें सम्मिलित होंगे जिसके लिए 48 विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इण्टरमीडिएट कला, विज्ञान एवं वाणिज्य परीक्षा 2025 के लिए संभावित परीक्षार्थी 13144 छात्र-छात्रायें सम्मिलित होंगे जिसके लिए 29 विद्यालयों को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। बैठक में चतरा के विधायक जनार्दन पासवान, लोकसभा क्षेत्र के प्रतिनिधि, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## पुराना बाजार टांड़ को किया जा रहा है अतिक्रमण

- पुराना बाजार टांड़ में लगभग एक एकड़ सरकारी भूमि है मौजूद
- ज्यादा भीड़ भाड़ सप्ताहिक बजारों में होने के कारण बजार को हटा दिया गया था
- उक्त सरकारी भूमि पर कोल्ड स्टोर या सिमरिया पैक्स गोदाम का हो सकता है निर्माण
- कुछ लोगों द्वारा सरकारी भूमि पर कर रहे हैं कब्जा, बना रहे हैं मकान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** अनुमंडल क्षेत्र के थाना रोड़ में लगभग एक एकड़ भूमि पर आज से लगभग 15 वर्ष पूर्व सिमरिया में गुरुवार को सासाहिक हाट सरकारी भूमि में लगाया जाता था। जिसमें क्षेत्र के लोग सप्ताहिक हाट में आकर दिन चर्या की समान खरीद बिक्री किया करते थे। समय के अनुशार क्षेत्र की जनसंख्या में वृद्धि होने के कारण भीड़ काफी होने से पास में बने सिमरिया थाना को आवागमन में काफी मशक्कत करना पड़ता था। जिसे लेकर उक्त सिमरिया सप्ताहिक हाट को उक्त जगह से हटाना पड़ा था जो आज टंडवा रोड़ में लगता है। आपको बता दें कि उक्त सप्ताहिक हाट में बजाप्ते बाजार शेड का निर्माण भी किया गया था। किंतु बाजार को जैसे हीं हटाया गया वैसे धीरे धीरे उक्त सरकारी भूमि पर लोगों का कब्जा बढ़ता गया है। स्थिति यह है कि उक्त भूमि अवैध कब्जा के कारण सिमट कर रह गया है। साथ हीं कुछ लोग उक्त सरकारी भूमि पर कब्जा जमा घर मकान बना बाउंड्रीवल तक कर दिया गया है। वैसे में अंचल के उदासीनता के कारण इस तरह का अवैध कब्जा निरंतर जारी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि उक्त सरकारी भूमि पर कोल्ड स्टोर का निर्माण या सिमरिया पैक्स गोदाम का निर्माण कर दिया जाता तो क्षेत्र के लोगों के लिए एक वरदान साबित होगा। ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी से गुहार लगाया है कि उक्त सरकारी भूमि पर किया गया अवैध कब्जा को मुक्त कराया जाय। जिससे आने वाले दिनों में एक अच्छा योजना का निर्माण हो सके।

## जोरी के जोलडीहा में लगे डोडा अफीम की खेती को पुलिस ने किया नष्ट



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** एसपी विकास कुमार पांडे की बेहतर पुलिसिंग का नतीजा है कि जिले में लगे अवैध डोडा अफीम की खेती को लगातार नष्ट करने का अभियान चलाया जा रहा है। आज वशिष्ठ नगर थाना जोरी के पंचायत जोलडीहा के ग्राम गोबे में जोरी थाना प्रभारी प्रभात कुमार के नेतृत्व में वन विभाग ने संयुक्त रूप से जंगली और गैर मजरूवा भूमि पर लगे लगभग आठ एकड़ को पुलिस सफलता पूर्वक नष्ट करने में सफल रही।थाना प्रभारी प्रभात कुमार स्वयं ट्रैक्टर चला कर डोडा अफीम की खेती को नष्ट करने में अग्रिम भूमिका में दिखे। सकुशल वापसी के उपरांत बताया कि सरकार और एसपी के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। प्रतिबंधित डोडा अफीम की खेती के विरुद्ध में प्रशासन लगातार जागरूकता अभियान चला रही है। ग्रामीणों को डोडा अफीम खेती के जगह पर अन्य फसल लगाने की सलाह लगातार दिया जा रहा है। इस जागरूकता अभियान का नतीजा है कि जो लोग इस फसल का दुष्परिणाम जान चुके हैं वह छोड़ चुके हैं और जो लोग जान रहे हैं वह स्वयं नष्ट कर सूचित कर रहे हैं। प्रभात कुमार ने बताया कि विनष्टीकरण अभियान के दौरान गांव में महिलाएं और बच्चे मिलते हैं बच्चों को चॉकलेट बिस्कुट और अन्य खाने पीने का सामान देकर पुलिस के भय को दूर करने का प्रयास किया जाता है और मैत्री संबंधन बनाने का लगातार प्रयास जारी है।वहीं महिलाओं को इस खेती के दुष्परिणाम और पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जानकारी दी जाती है ताकि पुरुषों को वह समझा बुझा कर कानूनी कार्रवाई से बचने का सलाह दे सकें।

## टु इंडियन टीम ने गिद्धौर टीम को 118 रनों से हराया




**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत जवाहरलाल फुटबॉल मैदान में चतरा जिला क्रिकेट एसोसियेशन के तत्वाधान में टू इंडियन बनाम गिद्धौर के बीच मैच खेला गया। जिसमें टू इंडियन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 8 विकेट खो कर 259 रन बनाए।जिसमें सर्वाधिक स्कोर प्रशांत कुमार ने 70 रन बनाए।राहुल वर्धन ने 60 रनों का योगदान दिया। गिद्धौर की ओर से गेंदबाजी करते हुए रूपेश सौरभ 2- 2 विकेट लिए जवाबी पारी खेलने उतरी गिद्धौर की टीम ने 25 ओवर में 9 विकेट खो कर 142 रनों पर ऑल आउट हो गई। जिसमें ऋषि ने सर्वाधिक 32 रन शिवम कुमार ने 18 रन का योगदान दिया। टू इंडियन ने गिद्धौर को 118 रनों से हराया और मैन ऑफ द मैच प्रशांत कुमार को दिया गया। अंपायर की भूमिका रिशु कुमार स्कोर सचिन ने निभाई।इस मैच में एसोसियेशन के अध्यक्ष विनय सिंह सह सचिव आशुतोष कोषाध्यक्ष सरोज सिन्हा सदस्य मिथिलेश कुमार राय जिला क्रिकेट लीग अध्यक्ष प्रेम राणा हरिओम केसरी सिंह मौजूद थे।

## विधायक ने मृतक के परिजनों से की मुलाकात, बंधाया ढांढस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रकाश राम सोमवार को सड़क दुर्घटना मे हुई युवक जितेंद्र कुमार गुप्ता की मौत के बाद सदर प्रखंड के शीशी गांव गांव पहुंचे। और मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया। मौके पर उन्होंने कहा कि बहुत ही दुःखद घटना है। उन्होंने परिजनो को हर संभव सहयोग करने का भरोसा दिलाया। वहीं उन्होंने प्रशासनिक स्तर पर मिलने वाले मुआवजा समेत अन्य सहयोग के लिए पहल करने की बात कही। इसके अलावा गत माह एक कार्यकर्ता राजाराम के परिजनों से भी विधायक ने मुलाकात कर मदद का भरोसा दिलाया। यहां बताते चले कि जितेंद्र पॉलिटेक्निक कॉलेज से अपने घर शीशी बाइक से जा रहा था।जहां एक मिक्सर मशीन वाले वाहन ने उक्त बाइक को अपने चपेट मे ले लिया था।जिस कारण उक्त युवक की मौत घटना स्थल पर ही हो गई थी। मौके पर भाजपा नेता पवन कुमार समेत अन्य कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद थे।

## बरवाडीह में विधायक प्रतिनिधि बनने की आश में कई लोग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** मनीका विधान सभा से सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह के प्रचंड जीत के बाद मनीका विधान सभा क्षेत्र मे विधायक प्रतिनिधि मनोनीत करने का दौर शुरु हो गया है। वही सोमवार को बरवाडीह के छिपादोहार बजार मे देखने को मिला कि एक नेता के द्वारा अपने आप को विधायक प्रतिनिधि मान कर अपने वाहन मे विधायक प्रतिनिधि का बोर्ड लगाकर छिपादोहार बाजार मे घूमते नजर आ रहे हैं जिसे लेकर कांग्रेस के नेता व कार्यकर्ताओं में गुस्सा देखा जा रहा है वहीं कार्यकर्ताओं ने जम कर विरोध किया जिसमें वरिष्ठ नेता निजाम अंसारी के साथ विधायक प्रतिनिधि के मजबूत दावेदार नरेश यादव शामिल हैं। इसके अलावा कई लोग विधायक प्रतिनिधि बनने के आश में खड़े है।

## मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत बतख चूजा का किया गया वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित पशु चिकित्सालय में मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 का योजना तहत् बारियातु, साल्वे व अमरवाडीह पंचायत के कुल 42 लाभुकों के बीच 75 प्रतिशत से 90 प्रतिशत अनुदान पर 15-15 बतख चूजा व दवा का वितरण किया गया। इस मौके पर प्रखण्ड उप प्रमुख निशा शाहदेव व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार, पंचायत समिति सदस्य सोनी देवी, डाढ़ा मुखिया सुरेश उरांव, व बीरु पासवान मौजूद रहे। उन्होंने बारी बारी से मुख्यमंत्री पशुधन योजना के बारे मे महत्वपूर्ण जानकारी दी, बतख चुजों के रख रखाव के लिए कई आवश्यक सुझाव भी दिए, पशु चिकित्सालय पदाधिकारी डॉक्टर शुशीला बागे व बिनोद बैठा ने चूजों के रख रखाव व आवश्यक दवाओं के संबंध मे जानकारी दी व आशा व्यक्त की कि लाभुक इस योजना का लाभ उठाकर अपने आय का स्रोत में वृद्धि करेंगे।

## विशेष ग्राम सभा का प्रचार प्रसार के अभाव में नहीं पहुंचे ग्रामीण



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के विभिन्न पंचायत भवनों में सबकी योजना, सबका विकास के तहत सोमवार को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में पंचायत सचिव व मुखिया ने विशेष ग्राम सभा की जानकारी दी। इस दौरान बताया गया।कि विशेष ग्राम सभा में 9 थीम में एक थीम का चयन करना है।विभिन्न पंचायतों में 6 सदस्यी सहजकर्ता दल का गठन किया गया। सहजकर्ता दल में 1 रोजगार सेवक,2 वार्ड सदस्य व जेएसएलपीएस के महिला समूह से टीम का गठन किया गया।हालांकि गिद्धौर पंचायत भवन में विशेष ग्राम सभा में ग्रामीण नहीं पहुंचे।ग्राम सभा में दूसरे पंचायत के आए ग्रामीणों को सिर्फ फोटो खींच कर खाना पूर्ति की गई है। विशेष ग्राम सभा में ग्रामीण को नहीं आना प्रचार प्रसार नहीं किए जाने का कारण है।वही गिद्धौर पंचायत सेवक प्रियंका प्रिया ने बताया कि सभी वार्ड सदस्यों को विशेष ग्राम सभा की जानकारी दिए थे।विशेष ग्राम सभा में पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय, चितरंजन शर्मा उज्जवल सिंह, प्रियंका प्रिया, मुखिया बेबी देवी, सुमीरा कुमारी, जगदीश यादव, सरिता देवी, देगन गंझू समेत अन्य मौजूद थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में मनाया गया विजय दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड के बाजकुम, स्टेशन स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में 16 दिसंबर 2024 दिन सोमवार को विजय दिवस का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सार्जेंट मेजर राजकुमार लकड़ा एवं परिवहन सार्जेंट मेजर मनिष कुमार भगत उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि एवं विधालय के अध्यक्ष सरयू प्रसाद सिंह तथा विधालय के प्रधानाचार्य राजबल्लम शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन किया गया। विधालय के अध्यक्ष एवं प्रधानाचार्य के द्वारा उपस्थित मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र तथा श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सार्जेंट मेजर ने विद्यालय के भैया-बहनों को विजय दिवस का महत्व समझाया। उन्होंने बताया कि यह दिन 1971 के युद्ध में भारत की ऐतिहासिक विजय और हमारे सैनिकों के अदम्य साहस का प्रतीक है।साथ ही विधालय के अध्यक्ष के द्वारा दिवस के बारे बच्चों को जानकारी दी गई।कार्यक्रम के दौरान भैया-बहनों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें देशभक्ति गीत, नृत्य ने सभी का मन मोह लिया।सार्जेंट मेजर ने भैया-बहनों की प्रतिभा की सराहना की और उन्हें अनुशासन और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया।विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया और कार्यक्रम की सफलता पर सभी को बधाई दी। प्रधानाचार्य के द्वारा आशीर्वचन के साथ धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्यो एवं दीदी जी तथा सभी कर्मचारीयों का कार्य सराहनीय रहा।

## चोरी की घटना के उद्भेदन को लेकर पुलिस कर रही है छापामारी : एसडीपीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** रविवार की शाम बरवाडीह मुख्य बाजार शेड में व्यावसायिक समिति की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष दीपक राज ने की। जिसमें बरवाडीह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) भरत राम, थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार और सैकड़ों स्थानीय दुकानदारों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य 4 दिसंबर की रात ज्वेलरी शॉप में हुई चोरी की घटना और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के उपायों पर चर्चा करना था। अध्यक्ष दीपक राज ने कहा कि चोरी की घटना के बावजूद अब तक पुलिस प्रशासन को इस मामले में सफलता हांथ नहीं लगी है। हालांकि, पुलिस प्रशासन लगातार इस घटना के उद्भेदन को लेकर छापेमारी कर रही है, ताकि इस घटना का उद्भेदन जल्द से जल्द हो सके। एसडीपीओ भरत राम ने कहा कि चोरी की घटना के उद्भेदन के लिए पुलिस हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक स्वयं इस मामले पर अपनी नजर रखें हुए हैं। उन्होंने दुकानदारों से सहयोग की अपील करते हुए बताया कि रात्रि 11 बजे से सुबह 5 बजे तक पुलिस गश्ती बढ़ा दी गई है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि सभी दुकानदारों के सहयोग से बाजार के विभिन्न चिन्हित स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। साथ ही, पहले से लगे कैमरों को और मजबूत किया जाएगा। सभी दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठानों के बाहर रोशनी के लिए बल्ब लगाने के निर्देश दिए गए, ताकि रात में भी बाजार सुरक्षित और रोशन रहे। वहीं दुकानदारों ने अपनी अपनी समस्याएं और सुझाव अधिकारियों के समक्ष रखे। अधिकारियों ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए समाधान का आश्वासन दिया। इस बैठक में व्यवसायिक संघ के प्रमुख सदस्यों सहित सैकड़ों दुकानदार शामिल हुए। इनमें कन्हाई प्रसाद, बिरेंद्र ठाकुर, मनोज जयसवाल, स्वरित छाबड़ा, पवन सोनी सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।बैठक में लिए गए निर्णयों और पुलिस प्रशासन की सक्रियता ने दुकानदारों के बीच सुरक्षा को लेकर विश्वास बढ़ाया है।

## सीसीएल कोलयरी कर्मचारी संघ आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्रीय कमेटी का पुर्नगठन



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल कोलयरी कर्मचारी संघ संबंधित बीएमएस आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्रीय कमेटी का गठन किया गया, पुर्नगठन हेतु सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ से क्षेत्र प्रभारी रागवेंद्र पासवान, मंत्री मुकेश कुमार, पूर्व क्षेत्रीय सचिव/ कोषाध्यक्ष शिव कुमार सिंह बतौर पर्यवेक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम में सभी वक्ता ने अपनी बातो को रखा, जिसके बाद सर्वसम्मति से नई कार्यसमिति की घोषणा की गई, जिसे सभी सदस्यों ने भारत माता की जयकारे के साथ नई क्षेत्रीय कार्यसमिति को स्वीकार किया। ननिर्वाचित क्षेत्रीय कमिटी में सचिव संजय कुमार को अध्यक्ष पवन कुमार कार्यकारणी अध्यक्ष रविकांत कुमार, कोषाध्यक्ष अवध कुमार समेत अन्य का नाम शामिल है।नवनिर्वाचित सचिव संजय कुमार ने अपने विचार को रखा उसके पुनः बाद पूर्व क्षेत्रीय सचिव शिव कुमार सिंह को पूरी कार्यसमिति ने सम्मानित करते हुए विदाई दिया, नवनिर्वाचित अध्यक्ष शपवन कुमार के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की गई। प्रभु महतो, श्याम सुन्दर गुप्ता, दीपक यादव, अभिषेक कुमार, अवध कुमार, अर्जुन पंडित, विवेक पांडेय, कमलेश गुरनुले समेत सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे।

# गोंदलपुरा निवासी पिंटू कुमार की सड़क दुर्घटना में मौत, कई घंटे सड़क जाम

## पिता ने कहा मेरे बेटे की हत्या की गई, आवेदन के आलोक में पुलिस द्वारा जांच शुरू





प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव थाना क्षेत्र के बादम-अंबाजीत रोड में रविवार देर लगभग शाम 7ः00 बजे सड़क दुर्घटना में गोंदलपुरा निवासी पारा शिक्षक गणेश महतो के 26 वर्षीय पुत्र स्कूटी सवार पिंटू कुमार की मौत हो गई। मौके पर बताया गया के पिंटू अपने साथी बादम गांव निवासी बिहारी महतो के साथ स्कूटी से हजारीबाग से जैकेट खरीद कर मोतरा मार्ग होते हुए वापस घर लौट रहा था। घटना में बिहारी महतो को भी माथा में और आंख पर गंभीर चोट लगी है। बिहारी के परिजन बिहारी को इलाज के लिए हजारीबाग ले गए। घटना में पिंटू के मौत हो जाने से आक्रोशित ग्रामीणों ने आरोपियों को पकड़ने की मांग को लेकर रविवार देर शाम 7ः15 बजे से लेकर दूसरे दिन सोमवार को 12ः00 दिन तक लगभग 17 घंटे सड़क जाम रखा। पुलिस एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों प्रबुध जनों के प्रयास से सड़क जाम हटाया गया। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दीया। पुलिस ने मृतक के परिजन के द्वारा दिए गए आवेदन पर मामले की जांच पड़ताल करने के साथ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक के पिता गणेश महतो ने बताया कि बादम अंबाजीत मार्ग स्थित सेवानिवृत शिक्षक राम लखन सिंह के घर के पास सड़क पर दुर्घटना हुई है, जिसमें मेरे बेटे को ट्रैक्टर ने धक्का मार कर हत्या कर दिया है। उस वक्त सतीश का दुकान खुला हुआ था। घटना रविवार देर शाम लगभग 7 बजे की है। घटना में मेरे बेटे पिंटू का दोस्त बिहारी महतो भी घायल हुआ जिसे तुरंत इलाज के लिए हजारीबाग ले जाया गया, परंतु घायल मेरे बेटे को घटनास्थल पर ही छोड़ दिया गया। इलाज के लिए साथ में मेरे घायल बेटे को क्यों नहीं ले जाया गया? अगर साथ में इलाज के लिए ले जाया गया होता, तो मेरा बेटा बच जाता, यह पूर्ण रूप से हत्या है मेरे बेटे की हत्या की गई है। मैं पुलिस प्रशासन से मांग करता हूं कि जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। बताते चलें कि बादम से मोतरा घाटी में पिछले 10 वर्षों में अलग-अलग सड़क दुर्घटना में अब तक 10 लोगों की जान गई है।

## भामाशाह शिशु विद्या मंदिर में मनाया गया विजय दिवस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर बरही के वंदना सभा में सोमवार को विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत देश के वीर शहीदों को याद करते हुए भारत माता की चित्र पर पुष्पांजलि दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व छात्र भैया प्रिंस कुमार सिंह (भारतीय सीमा सुरक्षा बल) व भैया आशुतोष कुमार सिंह (आसाम राइफल) की गरिमामय उपस्थिति रही। उक्त दोनों भैया 2016-17 में विद्यालय से उत्तीर्ण हुए थे। विजय दिवस के अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडे ने कहा कि विजय दिवस 16 दिसंबर को 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत के कारण मनाया जाता है। जिसके बाद पूर्वी पाकिस्तान स्वतंत्र हो गया, जो आज बांग्लादेश के नाम से जाना जाता है। साथ ही कहा कि अपना विद्यालय जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अपने भैया - बहनों का भविष्य गढ़ने का कार्य कर रहा है, जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण स्वरूप दोनों भैया हैं। विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य संजीव सिंह ने कहा कि हम भारतीयों के लिए आज का दिवस गौरव का व भारतीय सेना का पराक्रम और शौर्य को याद करने का दिन है। वहीं सप्तम (ब) की बहन आद्या प्रियदर्शी, कोमल कुमारी, सृष्टि कुमारी ने अपनी विचार को रखा और अष्टम ब की बहनों ने सामा चकेव नृत्य प्रस्तुत की। आयोजन में विद्यालय के सभी आचार्यगण उपस्थित रहे।

## बादम पैक्स अध्यक्ष के चुनाव के लिए 6 प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत बादम पंचायत के पैक्स अध्यक्ष के चुनाव के लिए 6 प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पर्चा खरीदने वालों में मुख्य रूप से अतहर इमाम, इमरान अहमद, फैसल अख्तर, नियाज़ अहमद, बबलू पासवान और मुजाहिदुल हुसैन शामिल है। सर्वसम्मति से 8 लोगों को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया जिसमें दीपक दास, गौतम वर्मा, मंजर अली, रजाउल हक, दिलीप कुमार, आमिर अकबर, गीता देवी एवं गीता देवी शामिल हैं। बीसीओ भूपेंद्र महतो ने बताया के कार्यकारी अध्यक्ष मुदस्सर अकबर के देखरेख में नामांकन प्रक्रिया और चुनाव संपन्न होगा। बीसीओ ने कहा के 17 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक नामांकन पर आपत्ति प्राप्त की जाएगी। 12 से 2 बजे तक आपत्तियों का निष्पादन किया जाएगा। 2ः30 बजे विद्यमान्य नामांकन की सूची का प्रदर्शन किया जाएगा। 3 से 3ः30 बजे तक नामांकन वापसी किया जाएगा। अगर कोई नामांकन वापसी होती है तो दोबारा नामांकन सूची का प्रदर्शन किया जाएगा। 4ः30 बजे चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा। 27 दिसंबर को प्रातः 9 बजे से 3 बजे तक मतदान होगा। चुनाव समाप्ति के पश्चात तुरंत मतों की गिनती की जाएगी। उक्त सभी कार्यक्रम पंचायत भवन बादम के प्रांगण में संपन्न होगा। कुल 493 मतदाता अपने मतों का प्रयोग करेंगे।

## जल मीनार तो हैं, पर जल नदारद, आम जन त्रस्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना हर-घर नल योजना विष्णुगढ़ प्रखंड प्रायः भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुका है। विष्णुगढ़ में जलमीनार खड़े पर जनता पानी की एक बूंद को तरस गई है,ऐसे में ये कहना कोई अतिश्योक्ति नही होगी कि यह योजना सिर्फ हाथी के दाँत के सामान है,जो दिखती तो पर काम की नही। कुछ दिनों पूर्व उप-मुखिया संघ अध्यक्ष राहुल कुमार गुप्ता के द्वारा जेई को पंचायत में बंद पड़े जलमीनार ओर खराब पड़े चापानल की जानकारी दी गई। जेई के द्वारा आश्वाशन दिया गया बहुत जल्द चालू करवा दिया जाएगा।लेकिन विभाग को ग्रामीणों की चिंता नहीं दिखी।मजबूरन ग्रामीणों ने इटवाटांड़ में खराब पड़े चापानल को निजी खर्च से मरम्मत कराया गया।

## श्रीदस स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव का हुआ आगाज, डीएसपी अजित कुमार विमल ने बच्चों को दिया गीता का संदेश




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** देवचंदा स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को वार्षिक खेल उत्सव का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि बरही के डीएसपी अजीत कुमार विमल मुख्य रूप उपस्थित रहे। इस दौरान स्कूल प्राचार्य रोहित सिंह व उप प्राचार्य विकास सिंह अतिथियों को भागवत गीता और पौधा देकर सम्मानित किया। डीएसपी अजीत कुमार विमल ने फीता काटकर और मशाल जलाकर इस वार्षिक खेल उत्सव का विधिवत उद्घाटन किया।मुख्य अतिथि अजीत कुमार विमल ने स्कूल प्रबंधन और प्राचार्य रोहित सिंह की सराहना करते हुए कहा कि गीता जैसा पवित्र उपहार पाकर मैं अभिभूत हूँ। बच्चों को गीता के श्लोकों के माध्यम से कर्म पर ध्यान केंद्रित करने का संदेश भी दिया। बता दें कि श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल कि और से हर वर्ष दिसंबर महीने में इस खेल उत्सव का आयोजन किया जाता है, जिसमें स्कूल के सभी हाउस एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा करते हैं। इस दौरान भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी ने स्कूल प्रबंधन की प्रशंसा करते हुए कहा, श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल बहुत कम समय में अपनी ऊंचाइयों को छू रहा है, जो अद्वितीय है। विद्यालय के बच्चे हर साल राज्य की टीम में चयनित होकर इस क्षेत्र का नाम रोशन करते हैं। वही प्राचार्य रोहित सिंह ने कहा कि श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास पर काम करता है। फाइनल और बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए हम सप्ताहभर का यह आयोजन करते हैं, ताकि बच्चे तरोताजा नजरिए के साथ अपने शैक्षणिक पाठ्यक्रम को देखें और परीक्षा की तैयारी करें। उन्होंने यह भी बताया कि खेल उत्सव के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों को स्कूल टीम में चयनित किया जाएगा, जो इन्टर स्कूल और इन्टर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट में स्कूल का प्रतिनिधित्व करेंगे।इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## माउंट कार्मल स्कूल में प्रथम वार्षिक खेल दिवस का भव्य आयोजन, हजारीबाग सदर विधायक व आईपीएस प्री-प्रोबेशन ने की शिरकत




**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** माउंट कार्मल स्कूल में प्रथम वार्षिक खेल दिवस का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक प्रदीप प्रसाद और विशिष्ट अतिथि के रूप में आईपीएस प्री-प्रोबेशन श्रुति सिंह ने शिरकत की। स्कूल की प्रिंसिपल सिस्टर जेस्सी और शिक्षकों की टीम ने अतिथियों का स्वागत फूलों के गुलदस्ते और स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और शांति के प्रतीक सफेद कबूतर उड़ाकर किया गया। इसके बाद विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। छात्रों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ खेलकूद की विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लिया, जिनमें दौड़ सहित कई अन्य खेल शामिल थे।सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में विविधता को प्रदर्शित करने वाले नृत्य और नाटक ने अतिथियों और अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा यह देखकर गर्व होता है कि माउंट कार्मल स्कूल न केवल शिक्षा बल्कि खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी छात्रों को प्रोत्साहित कर रहा है। खेलकूद बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करता है। हमारा उद्देश्य है कि हम अपने छात्रों को केवल शैक्षणिक शिक्षा तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से उनके संपूर्ण विकास के लिए प्रेरित करें। हम अपने छात्रों को एक ऐसा मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो उन्हें आत्मनिर्भर और जीवन में हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार कर सके। मैं सभी छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को इस आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद देती हूं। साथ ही उन्होंने माउंट कार्मल विद्यालय की ओर से आने वाले क्रिसमस की सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने छात्रों के प्रदर्शन की सराहना की और स्कूल प्रबंधन को भविष्य में भी इस तरह के आयोजन जारी रखने के लिए शुभकामनाएं दीं।

## विष्णुगढ़ में चोरी की घटना बदस्तूर जारी, कब लगेगा लगाम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ :** विष्णुगढ़ में चोरों द्वारा चोरी की घटना में दिन ब दिन बढ़ोतरी हो रही है। इस चोरी की घटना पूर्व भी लगभग आधा दर्जन चोरी की घटनाओं को अज्ञात चोरों द्वारा अंजाम दिया जा चुका है।रविवार की बीती रात को चोरों ने विष्णुगढ़-गोमियाँ मार्ग के किनारे अवस्थित होटल महाराजा में चोरी की घटना को अंजाम दिया।लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से विष्णुगढ़ की आम जनता एवं दुकानदार सकते में है,चोरी की घटनाओं के खिलाफ आम-जनो में भारी रोष व्याप्त है। विष्णुगढ़ पुलिस इन चोरी की घटनाओं में लगाम लगाने में अब तक असफल साबित हुई है। चोरी की घटनाओं में कब अंकुश लगेगा ये अब यक्ष प्रश्न बन गया है। आपबीती बयान करते हुए होटल महाराजा के संचालक मनोज दास ने बताया कि रविवार को करीब दस बजे पूर्व की भाँति दुकान बंद कर अपने घर चला गया। पूर्व की भाँति अपने तय समय पर सोमवार को करीब सुबह सात बजे जब दुकान खोलने को आया तो देखा कि दुकान का मुख्य ताला मोटा सरिया लगाकर उमेठ कर तोड़ दिया गया है।दुकान से दो भरे गैस सिलेंडर, दो पेटी अंडा,एक बोरा 30 किलोग्राम का चाउमीन,चावल 50 किलोग्राम और नकद 1700 सौ रुपये की चोरी कर ली गई।मेरे दुकान में पूर्व में भी 27 जून 2024 को इसी तरह की चोरी की घटना को अंजाम दिया जा चुका है।

## झारखंड मिल्क फेडरेशन के तत्वाधान में दूध उत्पादकों के साथ हुई बैठक




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड के अंतर्गत बसरिया पंचायत के ग्राम जरहिया में संचालित गोकुल ग्राम के प्रांगण में दूध उत्पादक मित्रों के साथ झारखंड मिल्क फेडरेशन के विशेषज्ञों के साथ बैठक हुई। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि बसरिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप उपस्थित हुए। बैठक में दूध उत्पादकों ने बारी-बारी से अपनी बातों को अधिकारियों के समक्ष रखा। और दूध उत्पादन में आने वाले परेशानियों को भी उन्होंने साझा किया। फेडरेशन के अधिकारियों ने दूध उत्पादकों की समस्याओं का हल तुरंत हो, ऐसा आश्वासन दिया। वहीं फेडरेशन के अधिकारियों ने बताया कि दूध उत्पादकों को प्रति लीटर 5 रुपए की दर से सब्सिडी प्रदान किया जाएगा। वहीं मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप ने कहा कि इस केंद्र में (बीएमसी) दूध स्टॉक कलेक्शन खुलने की तैयारी चल रही है। दूध उत्पादकों को ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि बेहतर दूध उत्पादन तभी संभव जब इसकी उन्नत तरीके से पशुपालन किया जाए। इसके साथ विशेषज्ञ द्वारा बताए गए तकनीक का प्रयोग भी दूध उत्पादक मित्रों को करना होगा। बैठक में दूध मित्र आकाश यादव, लीलो रजक, राजू यादव, मेघलाल गोप, झमन यादव योगेंद्र यादव, काली यादव, सहित सभी दूध उत्पादक शामिल हुए।

## विजय दिवस पर राकेश गुप्ता ने शहीदों को दिया श्रद्धांजलि




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** समाजसेवी सह जदयू नेता राकेश गुप्ता ने 1971 में भारतीय सेना की पाकिस्तानी सेना पर विजय की ऐतिहासिक शौर्य गाथा पर परिसदन समीप स्थित शहीद स्मारक पार्क पहुंचकर श्रद्धासुमन तथा माल्यार्पण कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दिया। युद्ध में शहीद हुए जवानों की शहादत तथा उनके पराक्रम को नमन किया। उनकी वीरांगना को सम्मानित कर उन्हें विशेष समान दिया। मौके पर समाजसेवी सह जदयू नेता राकेश गुप्ता ने कहा कि अतुलनीय शौर्य एवं साहसपूर्ण प्रदर्शन से भारत के स्वाभिमान की विजय पताका फहराने वाले वीर जवानों की गौरवगाथा के स्वर्णिम पृष्ठ विजय दिवस के अवसर पर समस्त वीर जवानों को कोटि-कोटि नमन। उन्होंने कहा कि आज ही के दिन 1971 में भारतीय सेना की पाकिस्तानी सेना पर विजय की ऐतिहासिक शौर्य गाथा स्वर्ण अक्षरों में अंकित किया और जो समस्त देशवासियों को सदैव के लिए गौरवान्वित किया। माँ भारती के सभी वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। मौके पर अनुज कुमार, कौशल कुमार, रमेश कुमार, सन्नी कुमार, अनिल कुमार, उज्जवल कुमार, नेहा कुमारी, काजल कुमारी एवं प्रीति कुमारी सहित कई लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया।

## टाटीझरिया के प्रवासी मजदूर की राजस्थान में मौत


**टाटीझरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटीझरिया के एक प्रवासी मजदूर की राजस्थान में मौत हो गई है। घटना के बाद परिजनों एवं गांव में मातम छा गया है। मृतक टाटीझरिया पंचायत के बिशाय के अशोक मुर्मू उम्र 20 वर्ष पिता लालो मांझी है। अशोक ट्रांसमिशन लाईन में काम करता था। मिली जानकारी के अनुसार टावर लगाने के दौरान वह नीचे काम कर रहा था तभी ऊपर टावर से उसपर भारी लोहा गिर गया। जिसमें उसके गर्दन के पास गहरी चोट लग गई और उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि अशोक मूर्मू तीन महीने पहले टावर लाइन में काम करने के लिए राजस्थान गया हुआ था। मजदूर के मौत की सूचना मिलने के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। वह अपने पीछे बूढे मां-बाप, तीन भाई और एक बहन सहित भरा पूरा परिवार छोड़ चला गया। सोमवार को राजस्थान से शव उसके गांव बिशाय लाया जा रहा था।

## उप विकास आयुक्त ने की तकनीकी विभाग की समीक्षा बैठक



**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार आज 16 दिसंबर को उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में तकनीकी विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीडीसी ने विशेष प्रमंडल, पथ प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग, पेयजल विभाग,लघु सिंचाई, विद्युत विभाग,भवन निर्माण जैसे अन्य तकनीकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में डीडीसी ने सभी तकनीकी विभाग के द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और लंबित योजनाओं को यथाशीघ्र पूरा करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया।उन्होंने ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा क्रियान्वित योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना, नवसृजित प्रखंड सह अंचल कार्यालय निर्माण कार्य की प्रगति, डीएमएफटी,पीएम अभीम,15 वें वित्त,जिला अनाबद्ध,व पर्यटन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।डीएमएफटी मद द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के कार्य प्रगति की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि 30 नवंबर 2024 तक विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से 1037 योजनाओं को स्वीकृत करते हुए कार्य आबंटित किए गए है जिसमें 505 योजनाओं को पूर्ण कर लिया गया है। उप विकास आयुक्त ने इन सभी कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखने का निर्देश दिया तथा जो कार्य अपूर्ण है उनपर आवश्यक गति लाकर पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में उन्होंने कहा कि अगर किसी योजना में जमीनी विवाद आते है उनकी सूचना देने को कहा।उन्होंने सभी पदाधिकारियों को उनके अधीनस्थ क्रियान्वित योजनाओं को गुणवत्तापूर्ण पूरा करने, क्षेत्र भ्रमण करने और नई योजनाओं को जल्द शुरू करने का निर्देश दिया।बैठक में जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, विद्युत, विशेष प्रमंडल, पथ निर्माण, भवन निर्माण, विशेष प्रमंडल सहित कई अन्य तकनीकी विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## हरली के जतराहिटांड में जतरा मेला का भव्य आयोजन



**दारू(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** दारू प्रखंड के हरली गांव में सोमवार को जतराहिटांड में पारंपरिक जतरा मेला का आयोजन किया गया। हर वर्ष पौष मास की प्रतिपदा तिथि को आयोजित होने वाले इस मेले में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। मेले में खरीदारों ने पारंपरिक और हस्तनिर्मित औजारों के साथ-साथ घरेलू उपयोग की कई वस्तुओं की खरीदारी की।मेले में मुख्य रूप से बर्तन, लोहे के औजार, कृषि उपकरण और अन्य घरेलू उपयोगी सामग्रियां उपलब्ध थीं। आयोजनकर्ताओं ने बताया कि इस मेले की शुरुआत वस्तु विनिमय के माध्यम से हुई थी, जिसमें ग्रामीण अपनी आवश्यकताओं के अनुसार वस्तुएं आपस में बदलते थे। समय के साथ मेले के स्वरूप और कार्यप्रणाली में बदलाव हुआ, और अब यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का एक बड़ा माध्यम बन चुका है।ग्रामीणों ने मेले का आनंद लिया और इसे सामाजिक मेलजोल का महत्वपूर्ण अवसर बताया। साथ ही, मेला स्थानीय कारीगरों और व्यापारियों को अपनी कला और उत्पादों को प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करता है।जतरा मेला न केवल खरीदारी का केंद्र है, बल्कि यह ग्रामीण संस्कृति, परंपरा और सामुदायिक एकता का प्रतीक भी बन चुका है। शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर बनी रही।

## फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा नवनिर्वाचित विधायकों के सम्मान में भव्य समारोह




**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने जिले के नवनिर्वाचित विधायकों के सम्मान में एक भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया। यह आयोजन सोमवार को मालवीय मार्ग स्थित अग्रसेन भवन के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 3ः00 बजे विधिवत रूप से प्रारंभ हुआ, समारोह में सदर विधानसभा के विधायक प्रदीप प्रसाद, बरही के विधायक मनोज कुमार यादव,बरकट्ठा के विधायक अमित यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।मंच संचालन कुमार केशव जी के द्वारा किया गया वही धन्यवाद ज्ञापन सचिव राकेश ठाकुर ने किया।विधायकों का स्वागत फेडरेशन के अध्यक्ष,सचिव सहित तमाम पदाधिकारी और सदस्यों द्वारा किया गया, फूलों के गुलदस्ते,अंगवस्त्र एवं मोमेंटो भेंट कर उनका भव्य अभिनंदन किया गया। मंच पर विधायकों को सम्मानित करते हुए फेडरेशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनके द्वारा समाज और क्षेत्र के विकास के लिए किए गए कार्यों की सराहना की।इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल,सचिव राकेश ठाकुर, उपाध्यक्ष सुबोध कुमार अग्रवाल,नीरज अग्रवाल,सहसचिव अहमद तारीक रजा, कोषाध्यक्ष कपिल जैन उर्फ बंटी, मीडिया प्रभारी रितेश खण्डेलवाल सहित संस्था के तमाम सदस्य उपस्थित रहे।प्रदीप प्रसाद सदर विधायक ने कहा की सदर क्षेत्र की जनता ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, उसे मैं विकास कार्यों के माध्यम से पूरा करूंगा। व्यापारियों और उद्यमियों की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए क्षेत्र के समग्र विकास पर ध्यान दिया जाएगा।मनोज कुमार यादव बरही विधायक ने कहा की बरही को विकास के नए आयामों तक पहुंचाने के लिए मैं प्रतिबद्ध हूं। व्यापारिक समुदाय हमारे क्षेत्र की रीढ़ है, और उनकी बेहतरी के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।अमित यादव बरकट्ठा विधायक ने कहा की बरकट्ठा क्षेत्र के युवाओं, व्यापारियों और किसानों के विकास के लिए मैं पूरी तरह समर्पित हूं। सभी के सहयोग से हम क्षेत्र को एक नई पहचान देंगे।फेडरेशन के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल ने कहा की हमारे नवनिर्वाचित विधायकों का स्वागत और सम्मान करना हमारे लिए गर्व की बात है। ये जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्रों में विकास और समृद्धि लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम आशा करते हैं कि हमारे विधायकों के नेतृत्व में हजारीबाग और इसके आसपास का क्षेत्र एक नई ऊंचाई पर पहुंचेगा।फेडरेशन के सचिव राकेश ठाकुर ने कहा की फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का मुख्य उद्देश्य व्यापारिक समुदाय की आवाज़ बनना और क्षेत्र के विकास में योगदान देना है। हमारे नवनिर्वाचित विधायकों के साथ मिलकर हम क्षेत्र की समस्याओं का समाधान और व्यापार को बढ़ावा देने की दिशा में काम करेंगे। हम विधायकों से अनुरोध करते हैं कि वे व्यापारियों के हितों को प्राथमिकता दें और क्षेत्र में बेहतर बुनियादी ढांचा और सुविधाएं सुनिश्चित करें।

## उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (DLCC) की बैठक आज सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। बैठक में जिले के सभी बैंको के प्रदर्शन पर विस्तृत चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान वर्तमान में सभी बैंको के कार्यो की समीक्षा की गई। उपायुक्त द्वारा सभी बैंको के प्रतिनिधियों से बैंकिंग ऋण से संबंधित आवेदनों की स्थिति की जानकारी ली और निदेश दिया गया कि बैंक शाखाओं में प्राप्त आवेदनों को स्वीकृति हेतु सकारात्मक प्रयास करें और ऋण भुगतान का कार्य किया जाय। आवेदनों को सही तरीके से जांच कर उन्हें अग्रसारित करें। बैठक में मत्स्य,डेयरी समेत अन्य ऋण में सुधार करने के लिए कहा गया । किसान क्रेडिट कार्ड को बढ़ाने के लिए नया सेक्टर खोलने का निर्देश दिया जिससे ज्यादा से ज्यादा किसानो को किसान क्रेडिट कार्ड अच्छादित हो सके। उपायुक्त द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) वित्तीय वर्ष 2024-25 का ऑनलाइन विवरणी भी विस्तृत समीक्षा की। इसमें उद्योग विभाग द्वारा बताया गया कि जिला का लक्ष्य, बैंक द्वारा ऑनलाईन ऋण स्वीकृत किये गए लाभुकों की संख्या और भुगतान किए गए लाभुकों की संख्या से अवगत कराया गया। उपायुक्त द्वारा ससमय युवाओं को ऋण उपलब्ध कराने हेतु निदेश दिए। उक्त बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, आर बी आई के प्रतिनिधि, अग्रणी बैंक प्रबंधक और विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।




## झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की बैठक 18 दिसंबर को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की बैठक आगामी 18 दिसंबर दिन बुधवार को 11:00 बजे से समाहरणालय के सामने यूक्लिप्टस मैदान में होगी। उक्त आशय की जानकारी सोमवार को झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति के कार्यकारी जिला अध्यक्ष अमर किन्डो, सचिव विशेषण भगत,नगर अध्यक्ष रूस्तम खान,सचिव दिनेश साहू,केन्द्रीय सदस्य इसरार अहमद, सीता उरांव, कोषाध्यक्ष कृष्णा ठाकुर ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर दी है। नेताओं ने कहा है कि जिला समिति की इस बैठक का मुख्य बिंदु 1. मुख्यमंत्री से वार्ता, 2. आगामी 03 जनवरी को जयपाल सिंह मुंडा एवं सावित्री बाई फुले की जयंती समारोह, 3. आंदोलनकारियों की समस्याओं का निराकरण आदि शामिल हैं। इस बैठक में केन्द्रीय अध्यक्ष राजू महतो, वरीय उपाध्यक्ष अश्विनी कुजूर, प्रधान महासचिव कयूम खान, उपाध्यक्ष किशोर किस्कू, सलाहकार समिति सदस्य प्रो. विनोद भगत सहित कई गण्यमान्य नेता भाग लेंगे। नेताओं ने जिले के विभिन्न प्रखंडों व शहरी क्षेत्र के (चिन्हित अथवा अचिन्हित) सभी आंदोलनकारियों से अपील किया है कि निर्धारित स्थान पर ससमय पहुंच कर बैठक को सफल बनाएं। कार्यकारी अध्यक्ष श्री किन्डो ने कहा कि जल्द ही एक प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से झारखंड आंदोलनकारी महासभा के प्रतिनिधि मंडल मिल कर 11 सूत्री मांगों पर विमर्श करेंगे। आंदोलनकारी साथियों की जल्द से जल्द चिन्हितीकरण,नियोजन और पेंशन तथा बकाए पेंशन राशि का भुगतान आदि के बारे में विशेष चर्चा की जाएगी।



## उपायुक्त ने शिक्षा के प्रति जागरूकता को लेकर प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और 2021-22 की बजट घोषणाओं के अनुरूप व्यस्क शिक्षा के सभी पहलुओं को कवर करने के लिए वित्तीय वर्ष 2022-2027 की अवधि के लिए ''न्यू इंडिया साक्षरता कार्यक्रम (नव भारत साक्षरता कार्यक्रम) को मंजूरी दी गई थी। जिसके तहत आज सोमवार को उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम (NILP) 2024 का आम लोगो के बीच प्रचार-प्रसार के लिए शिक्षा विभाग,लोहरदगा के जागरूकता प्रचार वाहन को समाहरणालय परिसर, लोहरदगा से सभी प्रखंडों के लिए रवाना किया गया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला शिक्षा अधीक्षक दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राम जीवन नायक व अन्य उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता प्रदान करना, महत्वपूर्ण जीवन कौशल सिखाना (जैसे वित्तीय, डिजिटल, व्यावसायिक, स्वास्थ्य आदि), कौशल विकास, सतत शिक्षा (कला, विज्ञान, प्रौद्योगिकी आदि) है। सभी डिजिटल सामग्री टीवी, रेडियो, मोबाइल एप के माध्यम से प्राप्त होगी। यह योजना 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के गैर-साक्षर लोगों को कवर करेगी।

## आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने लोहरदगा के पदाधिकारी के साथ किया समीक्षा बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** विधानसभा चुनाव 2024 संपन्न चुनाव के बाद आज आजसू पार्टी की केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के रांची आवास में लोहरदगा के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक मे संगठन को और मजबूत करने को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। आने वाले समय में संगठन को और धार धार बनाने को लेकर पदाधिकारीयों में काफी उत्साह नजर आया। जिन लोगों ने चुनाव के दरमियान संगठन विरोधी कार्य किया वैसे कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों के ऊपर संगठनात्मक कार्रवाई करने की बात कही गई।

## किसानों के बीच टिशू कल्चर केला बीज का वितरण, उद्यान मित्र द्वारा केला खेती करने विधि की दी गई जानकारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** जिला उद्यान विभाग के माध्यम से प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों किसानों के बीच टिशू कल्चर केला बीज का वितरण किया गया। जिसके तहत गजनी, उल्टी, चाल्हो, महवरी व नगजुवा के किसानों बीच बीज वितरण करते हुए उद्यान मित्र मृत्युंजय तिवारी ने बीज को लगाने के लिए गड्ढे से गड्ढे की दूरी, उसमें लगने वाली खाद,ठंड के समय में कोहरा, ओला से बचाव के लिए पौधे के ऊपर प्लास्टिक लगाने से लेकर रख रखाव के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। साथ में किसानों से कहा कि किसानों की आर्थिक बढ़ोतरी के लिए परम्परागत धान, गेहूं, सब्जी की खेती के साथ साथ बागवानी की खेती करना जरूरी है ताकि पूरे वर्ष भर किसानों को उपज मिलती रहे और आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। इसके लिए सरकार व विभाग द्वारा किसानों के बीच तरह तरह की योजना चलाई जाती है जिसका लाभ किसान समय समय पर उठा सकें। किसान अच्छी तरह खेती कर सके इसके लिए बीज से लेकर नेपसेक स्प्रेयर, ड्रिप, मिनी स्प्रिंकलर, नेट सेड, ग्रीन हाउस की भी योजना मिलती है इसका भी लाभ उठा सकते हैं। इसके लिए प्रखंड उद्यान मित्र या विभाग से मिलकर समय समय पर होने वाले आवेदन को जरूर जमा करें। मौके पर गजनी मुखिया सुमन उरांव, चंद्रदेव उरांव, अंजुम बानो, इमरान अंसारी, यशोदा देवी, राजकुमार साहू,कुलदीप साहू, राकेश साहू, पुतुल कुमारी, विशू उरांव, बालमसी लकड़ा, रोसन उरांव, बिल्चुस लकड़ा सहित लाभुक मौजूद थे।




## एबीडीएम के द्वारा विधायकों का नागरिक अभिनंदन सह वनभोज 19 जनवरी को

**कुडू-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय धोबी महासंघ झारखंड प्रदेश के द्वारा विधानसभा चुनाव में विजयी दो विधायकों तथा धोबी समाज के प्रत्याशियो के द्वारा विधानसभा चुनाव में क़िस्मत आजमाने वाले आधा दर्जन उम्मीदवारों का नागरिक अभिनंदन सह प्रदेश स्तरीय वन भोज कार्यक्रम का आयोजन अगामी 19 जनवरी को रांची के रूक्का डैम परिसर में आयोजित किया गया है। धोबी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अवधेश कुमार बैठा तथा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि धोबी समाज के दो उम्मीदवारों कांके से कांग्रेस के टिकट पर सुरेश कुमार बैठा तथा चंदनकियारी से झामुमो के टिकट पर उमाकांत रजक चुनाव जीतकर विधानसभा में पहुंचे तथा झारखंड में धोबी समाज का मान सम्मान बढ़ाया है। दोनों विधायकों का नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। अगामी 19 जनवरी को रांची के रूक्का डैम परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। नागरिक अभिनंदन समारोह में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विशुनदेव साय के निजी सचिव तुलसी कौशिक विधायक सुरेश कुमार बैठा,उमाकांत रजक विधानसभा चुनाव मे गिरीडीह गांडेय से प्रत्याशी रहे अर्जुन बैठा सहित विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमाने वाले आधा दर्जन प्रत्याशियों सहित साल 2024 में विभिन्न सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों, कर्मियों को सम्मानित किया जायेगा. कार्यक्रम में विशेष रूप से अखिल भारतीय धोबी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार कनौजिया शामिल होंगे.कार्यक्रम 19 जनवरी की सुबह दस बजे से शुरू होगा इसमें विभिन्न जिलों के अध्यक्ष अपनी रूपरेखा पेश करेंगे इसके बाद संस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ होगा,दोपहर दो बजे लंच के बाद अतिथियों का संबोधन के बाद शाम चार बजे कार्यक्रम का समापन होगा। कार्यक्रम को लेकर प्रदेश अध्यक्ष अवधेश कुमार बैठा तथा प्रदेश पदधारियो के द्वारा विभिन्न जिलों में बैठक करते हुए तैयारियों की समीक्षा हो रहीं हैं। कुल मिलाकर नागरिक अभिनंदन समारोह सह वन भोज की तैयारियां शुरू हो गई है।

## एमबी डीएवी विद्यालय के विद्यार्थियों ने नगर भवन में आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्जित किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला स्तरीय युवा महोत्सव का समापन समारोह नया नगर भवन में आयोजित किया गया । जिसमें उपायुक्त डॉक्टर वाघमारे प्रसाद कृष्ण मुख्य अतिथि बने। यहां विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जैसे सामूहिक लोक नृत्य, एकल नृत्य, गीत, संगीत, विज्ञान मेला इत्यादि। जिसमें एकल गीत प्रतियोगिता में डीएवी विद्यालय की छात्रा आरुषि लकड़ा ने प्रथम स्थान अर्जित किया। सामूहिक गान प्रतियोगिता में अमीषा कुमारी, पीहू मित्तल, सान्वी कुमारी, अनुपमा कुमारी, सृष्टि कुमारी व रितिका भगत ने प्रथम स्थान अर्जित किया। इन दोनों ही गायन प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र हर्ष मुंडा ने ट्रिपलेट,दक्ष भालेकर ने हारमोनियम आदित्य सहदेव ने तबला तथा शोएब हुसैन ने डफली आदि वाद्य यंत्रों को बजाकर अपना सहयोग दिया। भाषण प्रतियोगिता में कक्षा नवम के छात्र वैभव गुप्ता ने तृतीय स्थान अर्जित किया। मुख्य अतिथि डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा एकल गीत प्रतियोगिता में आरुषि लकड़ा को 3000 रुपए तथा सामूहिक गान प्रतियोगिता में 7000 रुपए का पारितोषिक पुरस्कार प्रदान किया।डीएवी विद्यालय लोहरदगा के माननीय प्राचार्य श्री जी पी झा ने विद्यार्थियों की उपलब्धि पर उन्हें ढेरों बधाइयां देते हुए आगामी प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाएं दीं।

## उपायुक्त ने की डीडब्लूएससी की समीक्षात्मक बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला जल एवं स्वच्छता समिति (डीडब्लूएससी) की बैठक आहूत की गई।बैठक में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज- 2 अंतर्गत विभिन्न कंपोनेंट पर चल रहे कार्यो की समीक्षा की गई एवम वितीय वर्ष 2024-25 के लक्ष्य प्राप्ति हेतु जिला जेल एवम स्वच्छता समिति की बैठक का आयोजन किया गया राज्य समन्वयक सही श्रीमती श्रेया त्रिपाठी के द्वारा जिले के प्रगति के बारे पीपीटी के माध्यम से प्रगति प्रस्तुत किया गया इस दौरान ठोस व तरल कचरे को कैसे अलग करें और इलेक्ट्रॉनिक कचरे को कैसे निपटाया जाए के मुदे पर चर्चा हुई एवम उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला जल वम स्वच्छता समिति सिमड़ेगा के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त महोदय ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) द्वितीय चरण का प्रमुख उद्देश्य गांवों को खुले शौच मुक्त की स्थिति को बनाए रखना और ठोस व तरल कचरा प्रबंधन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई के स्तर में सुधार लाकर उन्हें ओडीएफ प्लस गांव और स्वच्छता, ठोस व तरल कचरा प्रबंधन युक्त बनाना है। उन्होंने अबुआ आवास योजना के लाभुकों को शौचालय योजना आच्छादित करने का निर्देश दिया। बैठक में उन्होंने ओडीएफ प्लस के सात घटकों यथा-खुले में शौच मुक्त के स्थायित्व को बनाए रखना, ठोस कचरा प्रबंधन, तरल कचरा प्रबंधन, गोबर-धन, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, सुरक्षित माहवारी प्रबंधन एवं मलीय कचरा प्रबंधन से जुड़े जिला अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की अद्यतन जानकारी ली तथा दिशा निर्देश दिये। उन्होंने सभी निमार्ण कार्य की वेरिफिकेशन करने की बात कहीं। साथ ही उन्होंने फेज-2 से जुड़े कार्यो को 15वें वित्त आयोग पंचायती राज, मनरेगा ग्रामीण विकास एवं जिला परिषद विभाग को योजना का क्रियान्वयन अ भि स र ण (Convergence) माध्यम के पूर्ण करने का निर्देश दिया। तथा संबंधित विभाग के अधिकारी को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने व जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। इसके अलावे बैठक में उपायुक्त महोदय ने ठोस एवं तरल कचरा अवशिष्ट पदार्थो का प्रबंधन करने का निर्देश दिया। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग किसी भी हाल में किसी भी स्तर पर न हो, इसे सुनिश्चित कराने पर जोर दिया। ग्राम पंचायत लेबल में सेग्रेशन शेड के निर्माण कार्य की जानकारी ली। बैठक में बताया गया कुल लक्ष्य 94 पंचायत में किया जाना जिसके आलोक में 35 पंचायत में निर्माण पूर्ण हो चुका है, जबकि 11 अंडर कंस्ट्रक्शन है इसे जिला परिषद के 15 वे वित्त की आबद्ध मद से पूर्ण करने का निदेश दिया गया एवम जिले बाजार/हार्ट में समुदायिक शौचालय निर्माण कराने की बात कहीं तथा आबद्ध मद से सभी राजस्व ग्रामो में माहवारी स्वच्छता हेतु भस्मक निर्माण करने का निदेश दिया गया,प्लास्टीक कचरा प्रबंधन हेतु पँचायतओं में दिए गए कचरा वाहन का संचालन एवम रखरखाव हेतु एक्टिव ह्यद्धद्द का चयन कर सौपने का निदेश दिया गया।



## विद्यालय प्रबंधन ने सेवानिवृत शिक्षक श्री कृष्णा ठाकुर के निधन पर किया शोक प्रकट

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पीएम श्री रा मध्य विद्यालय नवाड़ी पाड़ा लोहरदगा विद्यालय परिवार ने विद्यालय के संस्थापक प्रधानाध्यापक सह सेवानिवृत शिक्षक श्रीकृष्णा ठाकुर के निधन पर शोक सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्री कृष्ण ठाकुर ने नवाड़ी पाड़ा क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगाने का कार्य किया एवं घर घर जाकर शिक्षा के महत्व की जानकारी देकर बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का कार्य किया फलस्वरूप विद्यालय का गौरवमय इतिहास के रूप में जाना जाता है। आज भी इस विद्यालय को इनके निक नेम नाम गुड़वा विद्यालय के रूप में जाना जाता है। इनके द्वारा पढ़ाए गए कई छात्र आज डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, वकील, व्यवसाय, प्रशासनिक पदाधिकारी जैसे उच्च पदों पर आसीन होकर नाम रौशन कर रहे हैं। विद्यालय परिवार द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं आसपास के अभिभावक इत्यादि मौजूद थे। श्रद्धांजलि सभा में विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण राम, विज्ञान शिक्षक राहुल कुमार, रतना मिंज, नेमहंती मिंज, सुमित्रा टोप्पो, मनीष कुमार, नीलम कुमारी, सुमन देवी, पुष्पा देवी, किरण देवी, सुनीता देवी, प्रवीण कुमार, उपेंद्र महतो इत्यादि उपस्थित थे।



## शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में मनाया गया विजय दिवस




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सेवानिवृत सैनिक धर्मराज महतो, कार्यरत सैनिक मनोज कुमार, सैनिक पत्नी सलगी देवी एवं प्रभारी प्रधानाचार्या मधुमिता शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष धर्मराज महतो का सम्मान वरिष्ठ आचार्य श्याम सुंदर ने सैनिक मनोज कुमार का सम्मान वरिष्ठ आचार्य राजीव सिंह जी ने एवं सलगी देवी को मधुमिता शर्मा ने अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। विजय दिवस 1971 के भारत विजयोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाता है। बहन सृष्टि के द्वारा देशभक्ति गीत उठो जवान देश की वसुंधरा पुकारती देश है पुकारता पुकारती मां भारती गाया गया। धर्मराज महतो जी ने बताया कि शहीद दिवस ऐतिहासिक दिन है। तीन दिसंबर से सोलह दिसंबर तक चले युद्ध में भारत को विजय और बांग्लादेश का जन्म हुआ। अपने देश की प्रगति अति सराहनीय है। 1971 के युद्ध में शहीद परमवीर चक्र के सम्मान से सुशोभित वीर अल्बर्ट एक्का को याद किया गया एवं सभी शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। स्वयं का युद्ध क्षेत्र शत्रु सेना के साथ युद्ध का रोमांचक वर्णन करते हुए 1999 में युद्धरत सैनिकों की दिवाली का जिक्र करते हुए धर्मराज जी ने भैया बहनों का उत्साह वर्धन किया साथ ही देश भक्ति की भावना का संचार किया। देश मेरे लिए और मैं देश के लिए इस बात को सदा हृदय में धारण करने की प्रेरणा दी।भारत माता की जयकार के साथ अपने उद्बोधन का समापन किया। मनोज कुमार जो बी एस एफ के जवान हैं उन्होंने अपने अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा कठिन प्रशिक्षण के उपरांत कई स्थानों में सेवा के पश्चात प्रसिद्ध बाघा बार्डर में सेवा करना मेरे लिए गर्व का विषय है। आप भी पढ़ लिखकर स्वयं को देश सेवा में लगाएं। साथ ही भैया बहनों को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया। धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी प्रधानाचार्य मधुमिता शर्मा जी ने तथा मंच संचालन श्री प्रमेंद्र आचार्य जी ने किया।

**जनता का प्यार, समर्थन और आर्शीवाद ही हमारी ताकत : विधायक भूषण बाड़ा**

## पाकरटांड़ में विधायक भूषण बाड़ा ने आभार यात्रा सह विजय जुलूस निकाल कर जनता का स्वीकारा अभिवादन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पाकरटांड़ प्रखंड में सोमवार को विधायक भूषण बाड़ा ने आभार यात्रा सह विजय जुलूस निकाल कर जनता का अभिवादन स्वीकार किया। आभार यात्रा सह विजय जुलूस सिकरियाटांड़ होते हुए विधायक के पैतृक गांव सोगड़ा पेठियारटोली पहुंची। जहां उनका जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। इसके बाद आभार यात्रा पाकरटांड़ प्रखंड मुख?यालय किया। मौके पर जगह जगह ग्रामीणों ने विधायक को फुल माला पहना कर स?वागत किया। वहीं समर्थकों ने अबीर गुलाल लगाकर बधाई दी। विधायक ने भी जनता के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि जनता का प्यार, समर्थन और आर्शीवाद ही उनकी ताकत है। जिनके दम पर ही विधानसभा चुनाव में जीत मिली है। विधानसभा चुनाव में जनता ने जो समर्थन और प्यार दिया है वह सराहनीय है। अब क्षेत्र में विकास की गंगा बहेगी। विधायक नहीं बेटा बनकर लोगों की सेवा की जाएगी। गांवों का विकास किया जाएगा। ग्रामीण शिक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में पहल तेज करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता अपनी समस्या बताकर सेवा का मौका दें। समस्या बताते में कभी भी झीझक महसुस न करें।



**पिछले पांच साल में भूषण बाड़ा ने खिंची है विकास की लंबी लकीर : जोसिमा खाखा**

मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा ने पिछले पांच साल में विकास की लंबी लकिरें खिंची है। इसका परिणाम यह हुआ कि जनता ने एक बार पुन~ भूषण बाड़ा को जीताने का काम किया। यह जीत जनता के प्यानर, समर्थन और कार्यकर्ताओं के मेहनत का परिणाम है। आने वाले दिनों में विधायक भूषण बाड़ा के नेतृत्व में विकास की गति तेज होगी। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अजीत लकड़ा ,प्रमुख रजत लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि अख्तर खान, विधायक प्रतिनिधि लुसियन मिंज, संजय तिर्की, उप प्रमुख फ्लोरा मिंज, प्रतिमा कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, भूषण राम, निखिल बड़ा, नीलेश एक्का, पूर्व मुखिया तेज कुमार लकड़ा,पानियल लकड़ा, समीर किंडो सहित प्रखंड कांग्रेस कमिटी के सभी पदाधिकारी, सभी पंचायत के पंचायत अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, बूथ स्तरीय अध्यक्ष, महिला कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## स्वर्गीय कमल किशोर भगत की पुण्यतिथि एवं श्रद्धांजलि सभा आज

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा विधानसभा के पूर्व विधायक झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता एवं आजसू पार्टी के पूर्व केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष स्वर्गीय कमल किशोर भगत की पुण्यतिथि आज 17 दिसंबर 2024 को आजसू पार्टी प्रधान कार्यालय, ब्लॉक मोड, लोहरदगा में सुबह 11:00 बजे से मनाई जाएगी। इसमें आजसू पार्टी के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा जिले के तमाम सामाजिक संगठन तथा आम नागरिक एवं झारखंड आंदोलनकारी इस कार्यक्रम में सादर आमंत्रित है। झारखंड आंदोलन को एक नई धार देने वाले और झारखंड विधानसभा में झारखंड की हितों की बात पूरे सजगता से रखने वाले स्वर्गीय कमल किशोर भगत का देहांत 17 दिसंबर 2021 को हो गया था। आज भी कमल किशोर भगत झारखंड के आंदोलनकारीयों के दिलों में बसते हैं। ऐसे झारखंड के सच्चे सपूत का हमारे बीच से जाना अत्यंत दुखद है। अतः सभी कार्यकर्ताओं एवं सम्मानित तथा सभी सामाजिक संगठन एवं आम नागरिकों से आग्रह होगा कि इस श्रद्धांजलि सभा में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर एक आंदोलनकारी को सच्ची श्रद्धांजलि दें। यह जानकारी आजसू प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी सागर वर्मा ने दी।



## 18 दिसंबर को नगर भवन में पुलिस द्वारा जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोहरदगा पुलिस की ओर से नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण हेतु झारखंड पुलिस की अनूठी पहल के अंतर्गत 18 दिसंबर 2024 को सुबह 11 बजे से जनशिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन नया नगर भवन, लोहरदगा में किया गया है। पुलिस अधीक्षक लोहरदगा द्वारा लोहरदगा जिला के आम नागरिकों से अपील की गई है कि उक्त जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए मोबाईल नम्बर 9470546635 पर या ई-मेल आईडी Janshikayat.ldg@jhpolice.gov.in पर सम्पर्क किया जा सकता है।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

# प्रभात मंत्र

विविध

रांची, मंगलवार, 17 दिसंबर 2024 | पेज 12

चलते चलते एक नजर

## 1971 के नायकों को दी गई श्रद्धांजलि



**गोपेश्वर :** चमोली जिले में सोमवार को विजय दिवस गर्व के साथ मनाया गया। विजय दिवस के अवसर पर जिला पंचायत सभागार में सैनिक कल्याण विभाग की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सोविती देवी और मुख्य विकास अधिकारी नंदन कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इससे पूर्व आयोजन स्थल पर मुख्य अतिथि सहित अधिकारियों-कर्मचारियों ने शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। साथ ही एनसीसी कैडेट्स ने शहीदों को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सलामी दी। विजय दिवस के मौके पर जिला पंचायत सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भारत-पाक युद्ध के दौरान देश के लिए सर्वोच्च बलिदान करने वाले सैनिकों के परिजनों को सम्मानित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि 1971 में भारत और पाकिस्तान युद्ध के मध्य 13 दिनों तक चले युद्ध में भारत ने विजय प्राप्त की। इस विजय के लिए भारत के कई सैनिकों ने बलिदान दिया। उन वीर सेनानियों को याद करते हुए हम उनके बलिदान को श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह क्षण हमारे लिए भी गौरव का है कि हमें अमर शहीदों के परिजनों को सम्मानित करने का अवसर मिला। सैनिक कल्याण अधिकारी कलम सिंह ने बताया कि इस भारत पाकिस्तान युद्ध में चमोली जनपद के 49 सैनिकों ने अपना जीवन न्योछावर कर देश को विजय दिलाई थी। उन्होंने बताया कि युद्ध में सर्वोच्च योगदान देने के लिए अनुसूया प्रसाद को महावीर चक्र तथा देवेंद्र सिंह कंडारी और मकर सिंह वीर चक्र से सम्मानित किया गया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, उपजिलाधिकारी चमोली राजकुमार पाण्डेय, मुख्य शिक्षा अधिकारी धर्म सिंह आदि मौजूद थे।

## तीन साल में 19 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने किए बाबा विश्वनाथ के दर्शन

**वाराणसी :** काशी विश्वनाथ धाम के नव्य, भव्य और विस्तारित स्वरूप के लोकार्पण के बाद 13 दिसंबर, 2024 तक धाम में श्रद्धालुओं के आने का नया रिकॉर्ड बना है। अब तक 19 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगायी। इसका लोकार्पण 13 दिसंबर, 2021 को हुआ था। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार धाम में 13 दिसंबर 2021 से 13 दिसंबर 2024 तक 19 करोड़ 12 लाख 83 हजार 57 श्रद्धालु हाजिरी लगा चुके हैं। साल 2024 की बात की जाये तो जनवरी माह में 46 लाख 50 हजार 272 शिवभक्तों ने धाम में दर्शन पूजन किया। फरवरी में कुल 32 लाख 67 हजार 772 श्रद्धालु मंदिर में पहुंचे। मार्च में महाशिवरात्रि और अन्य पर्वों पर दरबार में श्रद्धालुओं के आने का रिकार्ड टूट गया। कुल 95 लाख 63 हजार 432 श्रद्धालुओं ने धाम में दर्शन पूजन किया। अप्रैल में 49 लाख 88 हजार 40, मई माह में 61 लाख 87 हजार 954, जून माह में 48 लाख 37 हजार 463, जुलाई में 51 लाख 65 हजार, अगस्त में 50 लाख 86 हजार, सितम्बर में 38 लाख 76 हजार, अक्टूबर में 38 लाख 76 हजार, नवंबर में 47 लाख 79 हजार 914 श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया। वर्ष 2024 में 13 दिसंबर तक 18 लाख 91 हजार 538 श्रद्धालुओं ने हाजिरी लगाई।

# नहीं रहे तबला वादक व पद्म विभूषण उस्ताद जाकिर हुसैन

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** मौसिकी की दुनिया में जिनके तबले की थाप एक अलहदा पहचान रखती है, वो उस्ताद जाकिर हुसैन नहीं रहे। 73 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में सोमवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। उस्ताद जाकिर हुसैन को रविवार रात को अमेरिका के एक अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। उन्हें रक्तचाप की समस्या थी। उस्ताद जाकिर हुसैन उस्ताद अल्ला रक्खा खां के पुत्र थे। तबले की तालीम उन्होंने पिता से ही ली थी। उस्ताद जाकिर हुसैन की शख्सियत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने महज 11 साल की उम्र में अमेरिका में पहला कॉन्सर्ट किया। यानी तकरीबन 62 साल तक उनका और तबले का साथ नहीं छूटा। उन्होंने तीन ग्रैमी अवॉर्ड जीते। पद्म विभूषण से भी नवाजे गए। तबले को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाने में उनका अहम योगदान रहा।




### संगीत की दुनिया में मिले कई पुरस्कार

जब तबले का जिक्र आता है तो सबसे बड़े नामों में उस्ताद जाकिर हुसैन का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। उन्होंने न सिर्फ अपने पिता उस्ताद अल्ला रक्खा खां की पंजाब घराने (पंजाब बाज) की विरासत को आगे बढ़ाया, बल्कि तबले के शास्त्रीय वादन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ले गए। उस्ताद को संगीत की दुनिया का सबसे बड़ा ग्रैमी अवॉर्ड 1992 में द प्लेनेट ड्रम और 2009 में ग्लोबल ड्रम प्रोजेक्ट के लिए मिला। इसके बाद 2024 में उन्हें तीन अलग-अलग संगीत एलबमों के लिए एकसाथ तीन ग्रैमी मिले। 1978 में जाकिर हुसैन ने कथक नृत्यांगना एंटोनिया मिनीकोला से शादी की थी। उनकी दो बेटियां हैं, अनीसा कुरैशी और इसाबेला कुरैशी।

### फिल्मों में भी अभिनय किया

1983 में जाकिर हुसैन ने फिल्म हीट एंड डस्ट से अभिनय के क्षेत्र में कदम रखा। इसके बाद 1988 में द परफेक्ट मर्डर, 1992 में मिस बैटीज चिल्डर्स और 1998 में साज फिल्म में भी उन्होंने अभिनय किया।

तबले को आम लोगों से जोड़ते थे

उस्ताद जाकिर हुसैन तबले को हमेशा आम लोगों से जोड़ने की कोशिश करते थे। यही वजह थी कि शास्त्रीय विधा में प्रस्तुतियों के दौरान बीच-बीच में वे अपने तबले से कभी डमरू, कभी शंख तो कभी बारिश की बूंदों जैसी अलग-अलग तरह की ध्वनियां निकालकर सुनाते थे। वे कहते थे कि शिवजी के डमरू से कैलाश पर्वत से जो शब्द निकले थे, गणेश जी ने वही शब्द लेकर उन्हें ताल की जुबान में बांधा। हम सब तालवादक, तालयोगी या तालसेवक उन्हीं शब्दों को अपने वाद्य पर बजाते हैं। गणेश जी हमारे कुलदेव हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. सरमा आधिकारिक यात्रा पर भूटान पहुंचे

**गुवाहाटी :** भूटान की रॉयल सरकार के आमंत्रण पर असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा सोमवार को भूटान पहुंच गए हैं। मुख्यमंत्री की इस सरकारी यात्रा में उनके साथ राज्य सरकार के कई वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री सरमा 19 दिसंबर तक भूटान के प्रवास पर रहेंगे। डॉ. सरमा अपनी यात्रा के दौरान भूटान के राजा और प्रधानमंत्री से शिष्टाचार भेंट करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री डॉ सरमा भूटान के राष्ट्रीय दिवस समारोह में भी भाग लेंगे। असम के मुख्यमंत्री की भूटान की पहली आधिकारिक यात्रा है। भूटान और असम के बीच ऐतिहासिक रूप से प्रगाढ़ मित्रता और पड़ोसी संबंध हैं।

## राजधानी में फिर लागू हुई ग्रैप 3 की पाबंदियां, एक्यूआई 350 के पार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के स्तर में तेजी से वृद्धि हुई है। सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 350 दर्ज किया गया जो कि बेहद खराब श्रेणी में आता है। इस गंभीर स्थिति से निपटने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने ग्रेडेड रिस्पोंस एक्शन प्लान ( ग्रैप) -3 की पाबंदियों को लागू कर दिया है। इस निर्णय के तहत दिल्ली-एनसीआर में निर्माण कार्य, डीजल वाहनों को चलाना और अन्य प्रदूषण फैलाने वाली गतिविधियों पर रोक लगा दी गई है। सोमवार को सीएक्यूएम ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि राजधानी में हवा की गति रुकने के और प्रदूषण के एक स्थान पर जमा रहने की स्थिति के साथ मौसम की स्थितियां बेहद प्रतिकूल हैं। इससे दिल्ली का एक्यूआई बहुत खराब श्रेणी में पहुंच गया है। सीएक्यूएम की उप-समिति ने तत्काल प्रभाव से पूरे एनसीआर में संशोधित ग्रैप के चरण-तीन की पाबंदियों को लागू करने का निर्णय लिया है। इन पाबंदियों के तहत प्रदूषण रोकने के लिए सख्त उपाय किए गए हैं, जिनमें डीजल मालवाहक वाहनों पर प्रतिबंध, निर्माण और खुदाई कार्य पर रोक और स्कूलों में हाइब्रिड मोड शामिल हैं। स्कूलों में पांचवीं कक्षा तक के बच्चों के लिए हाइब्रिड मोड लागू कर दिया गया है। माता-पिता अपने बच्चों के लिए स्कूल या ऑनलाइन क्लास में से कोई एक विकल्प चुन सकते हैं। पहले यह पाबंदी ग्रैप चार में शामिल की गई थी लेकिन 13 दिसंबर को नियमों में संशोधन के बाद ग्रैप चार की पाबंदियों को ग्रैप तीन में लाया गया है।

मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड के प्रथम सोलर मेला सौर कौथिग का किया शुभारंभ

# राज्य के सतत विकास की दिशा में एक विशिष्ट पहल है सोलर मेला : धामी

एजेंसी

**देहरादुन :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रेंजर्स ग्राउण्ड देहरादून में उत्तराखण्ड के प्रथम सोलर मेले 'सौर कौथिग' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना, मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना और सोलर वाटर हीटर योजना के लाभार्थियों को अनुदान राशि के चेक प्रदान करने के साथ ही यूपीसीएल मुख्यालय में बनाई गई सौर ऊर्जा आधारित म्यूरल आर्ट का लोकार्पण किया।कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने सौर ऊर्जा जन जागरूकता के लिए चलाई जा रही सोलर वैन को भी हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इसके माध्यम में आगामी सौ दिनों तक सोलर ऊर्जा से संबंधित विभिन्न जानकारी लोगों को दी जायेगी। साथ ही विभिन्न स्टॉल पर जाकर सौर ऊर्जा के क्षेत्र में किए जा रहे नवोन्मेषी प्रयोगों की जानकारी ली।मुख्यमंत्री



ने कहा कि यह मेला ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और राज्य के सतत् विकास की दिशा में एक विशिष्ट पहल है। मेले में सौर ऊर्जा से जुड़ी सभी योजनाओं, उनके लाभों और विभिन्न प्रकार के सौर ऊर्जा उत्पादों के बारे में जानकारी से लोग सौर ऊर्जा अपनाने को लेकर जागरुक होंगे। साथ ही सोर ऊर्जा को अपनाते हुए अपनाकर उत्तराखण्ड को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में भी अपना योगदान देंगे।उन्होंने कहा कि प्रदेश में सोलर वेंडरों की संख्या बढ़ाते हुए आवासीय क्षेत्र के लिए 365 वेंडरों को मान्यता प्रदान की है। राज्य सरकार ने नेट मीटरिंग की व्यवस्था को भी सरल बनाने के साथ ही 10 किलोवॉट तक के सोलर सिस्टम को तकनीकी आंकलन से बाहर रखा है, जिससे प्रदेशवासी सौर ऊर्जा को आसानी से अपना सकें। पिछले सात माह में उत्तराखण्ड में 23 मेगावाट से अधिक सौर ऊर्जा क्षमता सफलता पूर्वक स्थापित की जा चुकी है।इस दौरान कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, विधायक खजान दास, बृजभूषण गैरोला, श्रीमती सविता कपूर, दर्जाधारी विश्वास डाबर, पद्मभूषण डॉ अनिल प्रकाश जोशी, सचिव डॉ. आर मीनाक्षी सुंदरम,अपर सचिव श्रीमती रंजना राजगुरु, एमडी यूपीसीएल अनिल कुमार, एमडी यूजेवीएनएल संदीप सिंघल, एमडी पिटकुल पीसी ध्यानी उपस्थित रहे।

टेंपो चालन हेतु व्यवहारिक निर्णय ले प्रशासन : अरुणा शंकर

# शहर के विकास मे फंड बाधक नहीं होगा : वित्त मंत्री

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** कल रात चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर के आवास पर झारखंड सरकार के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर चेंबर सदस्यों के साथ एक बैठक की। जिसमें मेदिनीनगर की प्रथम महापौर श्रीमती अरुणा शंकर ने मंत्री को बुके देकर स्वागत किया। साथ ही कृष्णा अग्रवाल ने चेंबर की ओर से शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रथम महापौर ने वित्त मंत्री से शहर में रुके कार्यों में खासमहाल लीज, कोयल को बांधना, चैनपुर शाहपुर हेतु दूसरा पुल का निर्माण जल्द शुरू करना, कोऑपरेटिव मोड पर चैनपुर शाहपुर जाने हेतु मिनी फ्लाईओवर तथा शहर को एक सुंदर बस टर्मिनल निर्माण प्राथमिकता में कराने का



अनुरोध किया।

जिसमें मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने 15 जनवरी के आसपास पुनः एक बैठक कर, जो कार्य इस फाइनेंशियल ईयर में हो सकता उसे करने का आश्वासन दिया। प्रथम महापौर ने मंत्री को टेंपो चालकों का चल रहा स्ट्राइक से हो रही आमजनो एवं खासकर गांव से आने जाने वाले ग्रामीनो की समस्या पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि प्रशासन ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले सभी टेंपो को शहर से बाहर 4 किलोमीटर पूर्व अपने सवारी को उतारने का निर्देश दिया है, जो व्यावहारिक नहीं है। फलस्वरुप डिलवरी वाली महिलाओं, बीमारियों से पीड़ित ग्रामीण, कॉलेज में पढ़ने वाली छात्र छात्राएं एवं गोद में छोटे-छोटे बच्चे या ज्यादा सामान लेकर बस पकड़ने वाली सवारी को दो बार गाड़ी पकड़ना पड़ रहा है, जो व्यावहारिक भी नहीं है और किराया भी ज्यादा लग रहा है। अतः टेंपो चालकों का स्ट्राइक समाप्त कराते हुए पूर्व की भांति समन्वय बनाकर टेंपो चलाने पर प्रशासन के साथ सहमति बनाई जाए।

जिस पर मंत्री ने नगर आयुक्त से बात की और कहा कि एक-दो दिन के अंदर इसका व्यवहारिक निष्पादन हो। इस अवसर पर काफी संख्या में शहर के व्यवसाई उपस्थित थे। सबों ने मंत्री से जनहित में कई मुद्दे रखे। जिससे मंत्री ने क्रमबद्ध तरीका से पूरा करने का आश्वासन दिया।

## जान चली जाए लेकिन चिन्मय कृष्ण दास के लिए लड़ाई लड़ते रहूंगा वकील रवींद्र घोष

**कोलकाता :** बांग्लादेश के सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील और मानवाधिकार कार्यकर्ता रवींद्र घोष ने कहा है कि वह हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास के लिए न्याय की लड़ाई जारी रखेंगे, भले ही उनकी जान चली जाए। रवींद्र घोष, जो बांग्लादेश माइनॉरिटी वॉच संगठन के अध्यक्ष भी हैं, ने आरोप लगाया कि मौजूदा अंतरिम सरकार अल्पसंख्यकों को सुनियोजित तरीके से निशाना बना रही है। घोष ने कहा कि चिन्मय कृष्ण दास के बड़े सार्वजनिक आयोजनों और अल्पसंख्यकों को संगठित करने के प्रयासों से घबराकर सरकार और कट्टरपंथी समूहों ने उन्हें निशाना बनाया। घोष ने कहा कि मुझे लगातार धमकियां मिल रही हैं, लेकिन मैंने अपना जीवन हमेशा अन्याय के खिलाफ लड़ाई के लिए समर्पित किया है।

# मप्र विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू हो गया है। पहले दिन सदन में हाल ही में दिवंगत हुए जनप्रतिनिधियों को श्रद्धांजलि दी गई। इसके साथ ही प्रदेश के नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ ग्रहण कराई गई। इसके बाद सदन की कार्यवाही के दौरान कांग्रेस ने प्रदेश में खाद संकट का मुद्दा उठाते हुए सदन में हंगामा करते हुए वॉकआउट कर दिया। ध्यानाकर्षण के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।मध्य प्रदेश की 16वीं विधानसभा के पांच दिवसीय शीतकालीन सत्र की सोमवार सुबह 11 बजे शुरुआत हुई। पहले दिन सबसे पहले सदन में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा उप चुनावों में चुने गए विधायकों को शपथ ग्रहण




कराई। बुधनी से भाजपा विधायक रमाकांत भार्गव और अमरवाड़ा विधायक कमलेश शाह ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। विजयपुर से निर्वाचित विधायक मुकेश मल्होत्रा सदन में नहीं पहुंचे, इसलिए उनकी विधानसभा सदस्य के रूप में शपथ नहीं हो पाई।इसके बाद सदन में समाजसेवी और प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा समेत दिवंगत जनप्रतिनिधियों को श्रद्धांजलि दी गई। दिवंगत जनप्रतिनिधियों में भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री के. नटवर सिंह, एमएम कृष्णा, भूतपूर्व सांसद प्रभात झा, भूतपूर्व विधानसभा सदस्यगण विजय सिंह, कैप्टन जयपाल सिंह, महेश प्रसाद मिश्र, चौधरी गंभीर सिंह, भारत सिंह, आरिफ अकील, बैजनाथ सिंह और नंदाराम सोरी शामिल हैं। इसके अलावा सिक्किम के पाक्योंग में सड़क दुर्घटना में शहीद जवानों को सदन में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने सदन में दिवंगत भूतपूर्व सदस्यों के योगदान का स्मरण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की।

# स्वस्तिका जोशी को मिलेगा उत्तराखंड बाल गौरव सम्मान



दीपक बिष्ट @ प्रभात मंत्र

**देहरादून :** शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम के क्षेत्र में भारत के कई प्रतिष्ठित मंचो मे उत्तराखंड का मान बढ़ा चुकी हल्द्वानी की स्वस्तिका जोशी को उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग उत्तराखंड शासन द्वारा उत्तराखंड बाल गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। 18 दिसम्बर को देहरादून में अयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा स्वस्तिका जोशी को सम्मानित किया जाएगा। 11 वर्ष की छोटी उम्र मे स्वस्तिका जोशी दक्षिण भारत की शास्त्रीय नृत्य शैली भरतनाट्यम नृत्य का दिल्ली , आगरा,शिमला उज्जैन, गाजियाबाद, इलाहाबाद, लखनऊ, बनारस,हल्द्वानी, अल्मोड़ा आदि स्थानों पर प्रदर्शन कर चुकी है। स्वस्तिका 6 वर्ष की उम्र से भरतनाट्यम नृत्य की शिक्षा गुरु शिष्य परंपरा के अंतर्गत प्रतिष्ठित गुरु शुभम खोवाल से लेना शुरू किया। वहीं 7 वर्ष की आयु से वायलिन वादन की प्रारंभिक शिक्षा आचार्य हरीश चंद्र पंत से प्राप्त करने के उपरांत दिल्ली मे वरिष्ठ गुरु पंडित रवि शंकर प्रसन्ना से वायलिन की शिक्षा प्राप्त कर रही है। स्वस्तिका जोशी हल्द्वानी के सेंट थेरेसा स्कूल में कक्षा छह की छात्रा है।हाल ही में स्वस्तिका को उत्तर प्रदेश सरकार के बनारस मे नमो घाट और अस्सी घाट मे आयोजित कार्यक्रम मे भरतनाट्यम की एकल प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया गया। स्वस्तिका की नृत्य साधना के लिए कई मंचो पर सम्मानित भी किया गया है। उत्तराखंड के प्रतिष्ठित सम्मान के लिए चयनित किए जाने पर कई लोगों ने बधाई दी।

## छात्रों पर लाठीचार्ज की घटना अमानवीय और निंदनीय : मरांडी

**रांची:** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को कहा कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी का विरोध करने वाले छात्रों पर लाठीचार्ज की घटना अमानवीय और निंदनीय है। राज्य सरकार लाठी-डंडे से लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचलने का प्रयास कर रही है। मरांडी ने कहा कि छात्रों के शांतिपूर्ण विरोध का समाधान निकालने की बजाय लाठी और हिंसा के सहारे दमन करने की यह कोशिश मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की बेरोजगार छात्रों के प्रति संवेदनहीनता को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि आज लाठी केवल छात्रों पर नहीं चली है, बल्कि सरकार से न्याय की उम्मीद पर भी प्रहार है। साथ ही कहा कि हेमंत सोरेन हठधर्मिता और अहंकार त्याग कर आंदोलन करने वाले गरीब, मेहनती छात्रों की मांग पर संवेदनापूर्वक विचार करें। वे सीजीएल परीक्षा को प्रतिष्ठा का मुद्दा नहीं बनाएं और छात्रहित में सीबीआई जांच की सिफारिश कर गतिरोध समाप्त करें।

# सांसद वीडी राम ने सदन में उठाया स्वदेश दर्शन योजना का मामला

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :**पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में प्रश्न काल के दौरान पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार से झारखण्ड राज्य में जनजातीय पर्यटन एवं एथनीक टूरिज्म को बढ़ावा देने से संबंधित अति महत्वपूर्ण मामले को पूछा।श्री राम ने कहा कि यद्यपि की पर्यटन को बढावा देने की प्राथमिक जवाबदेही राज्य सरकारों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों की है। तथापि केन्द्र सरकार द्वारा स्वदेश दर्शन एवं प्रसाद योजनाओं के अंतर्गत उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। मैं मंत्री से जानना चाहता हूँ कि 30.44 करोड़ रूपए की राशि झारखंड राज्य को स्वदेश दर्शन योजनाओं के अंतर्गत इको सर्किट विकसित करने के लिए आवंटित की गयी थी, क्या वह राशि पूरी तरह से उपयोग में लायी गयी। यदि पूरी तरह से उपयोग में नहीं लायी गयी तो




क्या कदम उठाये गए या उठाये जा रहे है। ताकि इस तरह की राशि का पूर्ण उपयोग हो और कम उपयोग के क्या कारण है और कठिनाईयॉ क्या है।

केन्द्र सरकार के द्वारा 1000 होमस्टे स्वदेश दर्शन योजना के अन्तर्गत पर्यटन क्षमता वाले गॉवों में विकसित करने की पहल की गयी है। ऐसे प्रस्तावित 1000 होमस्टे में झारखंड राज्य के लिए कितने प्रस्तावित है और उसके लिए कितनी धनराशि आवंटित की गयी है। यदि ऐसा नहीं किया गया है तो उसके कारण क्या है? उपरोक्त प्रश्नों का जवाब देते हुए मंत्री पर्यटन, भारत सरकार ने कहा कि पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार अपने निरंतर किए जा रहे प्रयासों के हिस्से के रूप में संवर्धनात्मक कार्यक्रमों, मेलों और महत्सवों के आयोजन के लिए राज्य सरकारों की सहायता, प्रदर्शनियों में भागीदारी, बेबसाइटों, सोशल मीडिया आदि पर प्रचार सहित विभिन्न पहलों के माध्यम से झारखंड राज्य में जनजातीय और एथनिक पर्यटन के साथ-साथ देश के विभिन्न पर्यटन गंतव्यों और उत्पादों का संवर्धन करता है। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने 'प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान' के हिस्से के रूप में पर्यटन मंत्रालय की स्वदेश दर्शन योजना के तहत जनजातीय होमस्टे विकसीत करने की पहल को भी मंजूरी दी है। उक्त पहल में नए निर्माण के लिए प्रति इकाई 5.00 लाख रूपए, नवीकरण के लिए 3.00 लाख रूपये और ग्राम समुदाय की आवश्यकताओं के लिए 5.00 लाख रूपये की सहायता सहित 1000 होमस्टे का विकास शामिल है।